राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 17 अंक: 338 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने पश्चिम बंगाल के आईआईटी खड़गपुर के 69वें दीक्षांत समारोह की शोभा बढ़ाई

# 'भारत ने कभी भौतिक उन्नति को भौगोलिक विस्तार और शोषण का माध्यम नहीं बनाया'

## प्रधानमंत्री ने लोगों से जीवन में नौ संकल्प अपनाने का आह्वान किया

**जानकारी**


**8 रामायण, गीता और महाभारत आदि ग्रन्थों के दिव्य संदेश भी इसमें चित्रों के जरिये उकेरे गए हैं।**

**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी दौरे के दूसरे दिन सोमवार को चौबेपुर उमरहा स्थित सात मंजिल स्वर्वेद महामंदिर धाम के प्रथम चरण के निर्माण का लोकार्पण किया। विहंगम योग संत समाज के 100वें वार्षिकोत्सव समारोह में भाग लेने आए प्रधानमंत्री ने विहंगम योग के प्रणेता सदाफल देव महाराज की 135 फीट ऊंची मूर्ति की आधारशिला भी रखी। प्रधानमंत्री ने संतों के साथ मंदिर परिसर में भ्रमण भी किया और इसके बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि स्वर्वेद मंदिर भारत के सामाजिक और आध्यात्मिक सामर्थ्य का एक आधुनिक प्रतीक है। मंदिर की दीवारों पर स्वर्वेद को बड़ी सुंदरता के साथ अंकित किया गया है। वेद, उपनिषद, रामायण, गीता और महाभारत आदि ग्रन्थों के दिव्य संदेश भी इसमें चित्रों के जरिये उकेरे गए हैं। मंदिर एक तरह से अध्यात्म, इतिहास और संस्कृति का जीवंत उदाहरण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि संतों के सानिध्य में काशी के लोगों ने मिलकर विकास और नवनिर्माण के कितने ही नए कीर्तिमान गढ़े हैं। सरकार, समाज और संतगण सब साथ मिलकर काशी के कायाकल्प के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वर्वेद मंदिर बनकर तैयार होना, इसी ईश्वरीय प्रेरणा का उदाहरण है। इस मंदिर की दिव्यता जितना आकर्षित करती है, इसकी भव्यता उतना ही अचंभित भी करती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यहां 25 हजार कुंडीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ का आयोजन हो रहा है। मुझे खुशी और विश्वास है कि इस महायज्ञ की हर एक आहूति से विकसित भारत का संकल्प और सशक्त होगा। मोदी ने स्वर्वेद महामंदिर के उद्घाटन के बाद संबोधन की शुरूआत दोहे के साथ की। उन्होंने कहा कि विरासत और विकास की पटरी पर आज भारत तेज गति से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत एक ऐसा राष्ट्र है जो सदियों तक विश्व के लिए आर्थिक समृद्धि और भौतिक विकास का उदाहरण रहा है। भारत ने कभी भौतिक उन्नति को भौगोलिक विस्तार और शोषण का माध्यम नहीं बनने दिया। भौतिक प्रगति के लिए भी हमने आध्यात्मिक और मानवीय प्रतीकों की रचना की।



## बीच मंच से पीएम मोदी ने महिला को दिया चुनाव लड़ने का ऑफर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी गए हैं। पीएम ने वाराणसी के उमराहा में नवनिर्मित स्वर्वेद महामंदिर का लोकार्पण किया। इसी के साथ पीएम विकासशील भारत संकल्प यात्रा के तहत खेल प्रतियोगिता में भी शामिल हुए। पीएम मोदी ने इसी के तहत गांव की महिलाओं से भी बातचीत की।



**महिला को दिया चुनाव लड़ने का ऑफर:** सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं से बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने एक महिला की खूब तारीफ की। दरअसल, चंदादेवी नाम की महिला कार्यक्रम में भाषण दे रही थी, तभी पीएम ने कहा कि आप तो बहुत अच्छा भाषण देती है, क्या आपने कभी चुनाव लड़ने का नहीं सोचा। इसी के साथ पीएम ने उन्हें चुनाव लड़ने का भी ऑफर दिया, जिसपर महिला ने कहा कि हम चुनाव का नहीं सोच रहे और ये सब हम आपसे ही सीखें हैं। महिला ने कहा कि हम आपके सामने खड़े हैं और आपके सामने बोल रहे हैं, वही गर्व की बात है। समारोह को संबोधित करने वाली महिला लखपति महिला कार्यक्रम से जुड़ी हुई है। दरअसल, इस कार्यक्रम के तहत राज्य की योगी सरकार प्रत्येक प्रतिभागी महिला को तीन साल में लखपति बनाने का प्रयास करती है।

# जवानों के पनीर और दूध का बिल 70 लाख रुपये



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
सीबीआई ने आईटीबीपी देहरादून में 23वीं बटालियन में तैनात जवानों के राशन सप्लाई में घपले का खुलासा किया है। के पूर्व कमांडेंट अशोक कुमार गुप्ता के खिलाफ उनके अधीन सैनिकों के लिए राशन की खरीद में 70 लाख रुपये से अधिक के कथित गबन के लिए एक नया मामला दर्ज किया है। एजेंसी ने आरोप लगाया कि उन्होंने आधिकारिक रिकॉर्ड में बदलाव किया है। जिससे आईटीबीपी को 70.56 लाख रुपये का गलत नुकसान हुआ और खुद को गलत फायदा हुआ। एजेंसी ने कहा कि अशोक कुमार गुप्ता (जो उस समय देहरादून में 23वीं बटालियन में तैनात थे) पर पिछले साल उत्तराखंड में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास एक चौकी के लिए हीटिंग ऑयल और अन्य वस्तुओं की खरीद में कथित भ्रष्टाचार के लिए मामला दर्ज किया गया था।

**मामला**

**8 सैनिकों के लिए राशन की खरीद में 70 लाख रुपये से अधिक के कथित गबन के लिए एक नया मामला दर्ज किया है।**

**70 लाख रुपये का किया गया गबन :** जानकारी देते हुए एजेंसी ने कहा कि हाल ही में दर्ज ताजा मामले में, सीबीआई ने आरोप लगाया है कि गुप्ता ने सब इंस्पेक्टर सुधीर कुमार और सहायक सब इंस्पेक्टर अनुसूया प्रसाद के साथ मिलकर विक्रेताओं को मटन, चिकन, मछली, अंडे, फल, पनीर, दूध के बढ़े हुए बिल जमा करने की अनुमति देकर कथित तौर पर 70 लाख रुपये का गबन किया। सीबीआई ने एफआईआर में देहरादून के व्यापारी नरेंद्र आहूजा, विनय कुमार और नवीन कुमार को भी आरोपी बनाया है।

**फास्ट न्यूज**

## एनआईए की चार राज्यों में 19 स्थानों पर छापेमारी


**नई दिल्ली।** इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) पर कार्रवाई करते हुए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सोमवार को चार राज्यों में 19 स्थानों पर छापे मारे। इसके साथ ही प्रतिबंधित आतंकी संगठन के बेल्लारी मॉड्यूल के आठ गुर्गों को गिरफ्तार कर लिया। इनमें उनका नेता मिनाज भी शामिल था। आठों गुर्गे, मिनाज उर्फ मोहम्मद सुलेमान के नेतृत्व में काम कर रहे थे। एनआईए की टीम ने कर्नाटक के बेल्लारी और बेंगलुरु के अलावा महाराष्ट्र में अमरावती, मुंबई व पुणे, झारखंड में जमशेदपुर, बोकारो और दिल्ली में भी छापेमारी की। इस दौरान प्रतिबंधित संगठन आईएसआईएस की आतंकी गतिविधियों को सक्रिय रूप से बढ़ावा देने में शामिल आठ लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान बेल्लारी के मिनाज उर्फ मोहम्मद सुलेमान और सैयद समीर के रूप में हुई है। मुंबई से अनस इकबाल शेख, बेंगलुरु से मोहम्मद मुनीरुद्दीन, सैयद समीउल्लाह उर्फ सामी और मोहम्मद मुजम्मिल, दिल्ली से शायान रहमान उर्फ हुसैन और जमशेदपुर से मोहम्मद शाहबाज उर्फ जुल्फिकार उर्फ गुड्डू का नाम है।

## डाकघर विधेयक-2023 को मिली संसद की मंजूरी

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने सोमवार को डाकघर विधेयक, 2023 पारित कर दिया। राज्यसभा से इस विधेयक को पहले ही पारित किया जा चुका है। इसके साथ ही विधेयक को अब संसद की मंजूरी मिल गई है। संचार राज्यमंत्री देवुसिंह चौहान ने विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि डाक विभाग अंत्योदय की अवधारणा को पूरा करने की दिशा में सराहनीय काम कर रहा है। अब इसकी भूमिका बदल गई है और उसके अनुसार बदलाव भी आवश्यक हैं। डाक विभाग अब बैंकिंग और अन्य सेवायें प्रदान कर रहा है। विधेयक में बदलाव इस दिशा में सहायक होंगे।
उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े नौ वर्षों में डाक सेवाएँ, डाकघर और डाकिए केवल पत्राचार तक सीमित नहीं है बल्कि सेवा मुहैया कराने वाले संस्थान में बदल गए हैं।
इन सालों में डाकघर एक तरह से बैंक बन गए हैं।

# कोविड 19 को लेकर राज्यों को जारी हुआ परामर्श

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्र** सरकार ने हाल ही में कोविड 19 संक्रमण में हुई वृद्धि और इसके एक नए वेरिएंट जेएन1 का देश में एक मामला आने पर राज्यों को परामर्श जारी किया है। राज्यों से अपने यहां कोविड 19 की स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखने और नियमित तौर पर जिला स्तर की स्थिति को रिपोर्ट करने के लिए कहा गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से जारी परामर्श में राज्यों से कहा गया है कि पर्याप्त संख्या में आरटीपीसीआर टेस्ट होने चाहिए और पॉजिटिव मामलों की जिनोम सीक्वेंसिंग के लिए उन्हें भारतीय सार्स कोव-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम (आईएनएसएसीओजी) प्रयोगशाला में भेजना चाहिए।



केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव सुधांश पंत ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को इस संबंध में पत्र लिखा है। अपने पत्र में उन्होंने इस बात को रेखांकित किया है कि राज्य और केंद्र सरकार के बीच लगातार सहयोग के चलते कोविड 19 के प्रसार की दर लगातार कम बनी हुई है लेकिन कोविड 19 वायरस का प्रसार जारी है और इसका व्यवहार, भारतीय मौसम की स्थिति और अन्य सामान्य रोगों के प्रसार के चलते सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए चुनौती बना हुआ है।

# 'हिमाचली संस्कृति की विशिष्टता को बढ़ावा देने के लिए सरकार कर रही नवीन प्रयास'

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/चमन शर्मा**
**मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस को नई दिल्ली में हिमक्राफ्ट, हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम तथा कला, भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा दिल्ली हाट में 17 से 30 दिसम्बर तक आयोजित किये जा रहे हिम महोत्सव का शुभारम्भ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार विभिन्न राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय मंचों पर पहाड़ी संस्कृति एवं इसकी विशिष्टता को बढ़ावा देने के लिए नवीन पहल कर रही है। उन्होंने कहा कि हिमाचली टोपियों में नए डिजाइन बनाने के प्रयास किए गए और हाल की उनकी दुबई यात्रा के दौरान इनका प्रदर्शन किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार हिमाचली टोपियों के निर्यात के लिए प्रयास कर रही है।



## सांसदों का निलंबन संविधान और लोकतंत्र पर हमला: खड़गे

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को कहा कि 47 सांसदों को निलंबित कर मोदी सरकार ने संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों को तार-तार कर दिया है। खड़गे ने सोमवार को एक्स पर लिखा कि पहले संसद में घुसपैठ और अब मोदी सरकार ने 47 सांसदों को निलंबित कर संसद और लोकतंत्र पर हमला किया है। यह सरकार संसद को विपक्ष विहीन करने की दिशा में काम कर रही है।

# लोकसभा के 33 तो राज्यसभा के 45 सांसद निलंबित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
लोकसभा के बाद राज्यसभा में भी सांसदों पर कार्रवाई की गई है। संसद के उच्च सदन के 45 सांसदों को पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया है। निलंबन बचे हुए शीतकालीन सत्र पर प्रभावी रहेगा। बताया गया कि राज्यसभा के 34 सांसदों को बचे हुए शीतकालीन सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया है।
इसके अलावा 11 सांसदों के निलंबन के मामले को विशेषाधिकार समिति को भेज दिया गया है। इसकी रिपोर्ट आने तक ये 11 सांसद सदन की कार्यवाही में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। इससे पहले लोकसभा की कार्यवाही में बाधा डालने के लिए सोमवार को 33 विपक्षी सांसदों को सदन से निलंबित कर दिया गया था।



**लोकसभा में भी हुई कार्रवाई**
इससे पहले लोकसभा के जिन सांसदों पर निलंबर की गाज गिरी है, उनमें से 30 को बचे हुए शीतकालीन सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया है। इसके अलावा तीन अन्य सांसदों को विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट लंबित रहने तक निलंबित कर दिया गया है। इनमें के. जयकुमार, विजय वसंत और अब्दुल खालिक शामिल हैं। ये सभी नारे लगाने के लिए अध्यक्ष के आसन पर चढ़ गए थे।
**अब तक 92 सांसद सस्पेंड**
इससे पहले गुरुवार को दोनों सदनों के 14 सांसदों को निलंबित कर दिया गया था। इसमें लोकसभा के 13 और राज्यसभा के एक सांसद शामिल थे। इस तरह अब तक दोनों सदनों के 92 सांसदों पर निलंबन की कार्रवाई की जा चुकी है।
**हंगामा करना उनकी पूर्व नियोजित रणनीति थी: पीयूष गोयल**
शीतकालीन सत्र के शेष समय के लिए राज्यसभा से कई विपक्षी सांसदों के निलंबन पर राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि 34 सांसदों को निलंबित कर दिया गया है। 11 सांसदों का मामला विशेषाधिकार समिति को भेजा गया है। आज कुल 45 राज्यसभा सांसदों को निलंबित कर दिया गया है। वे नहीं चाहते थे कि सदन सुचारू रूप से चले, ये उनकी पूर्व नियोजित रणनीति थी।



# उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सरस्वती के प्रोजेक्ट मॉडल का किया अवलोकन



टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)

...जब उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को मुख्यमंत्री एवं हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के चेयरमैन मनोहर लाल ने प्रदेश की ऐतिहासिक और पौराणिक सरस्वती नदी का जल भेंट किया। इस जल को उपराष्ट्रपति ने सहर्ष स्वीकार किया और सरस्वती के प्रोजेक्ट मॉडल का अवलोकन भी किया। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2023 में सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की तरफ से राज्यस्तरीय प्रदर्शनी लगाई गई है। इस प्रदर्शनी में हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड की तरफ से स्टॉल लगाया गया है। इस स्टॉल पर सरस्वती नदी को फिर से धरातल पर प्रभावित करने के मॉडल को रखा गया है। इसके साथ ही सरस्वती तीर्थ के इतिहास और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों से अभी तक सरस्वती नदी को धरातल पर बहाव के लिए किए गए कार्यों को दिखाया गया है। इस स्टॉल पर मुख्यमंत्री के राजनैतिक सलाहकार भारत भूषण भारती, हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच, अधीक्षण अभियंता अरविंद कौशिक, एक्सईन मुनीष बब्बर सहित अन्य अधिकारी दूर-दराज से आए पर्यटकों को सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के इतिहास के बारे में जानकारी दी। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, मुख्यमंत्री मनोहर लाल सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की राज्यस्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के उपरांत मुख्यमंत्री स्मृति चिन्ह बिक्री केंद्र के स्टॉल को देखा। इसके उपरांत महिला एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा ग्रामीण आजीविका मिशन, शिक्षा विभाग, कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग, बागवानी विभाग, कृषि विभाग, हरियाणा पुरातत्व विभाग, क्रिड और उसके बाद हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के स्टॉल को देखा। यहां पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने उपराष्ट्रपति को सरस्वती नदी के इतिहास से संबंधित साहित्य और पवित्र नदी सरस्वती का जल भेंट किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव एवं सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक डा. अमित अग्रवाल, केंद्रीय सदस्य सचिव विकास गुप्ता, उपायुक्त शांतनु शर्मा, एडीसी अखिल पिलानी, विभाग के अतिरिक्त निदेशक डा. कुलदीप सैनी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## जागरुकता से ही लगेगा सड़क हादसों पर अंकुश: रोशन लाल



टीम एक्शन इण्डिया /कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)

जिला पुलिस द्वारा यातायात नियमों के बारे में युवाओं को जागरुक करने के लिए जिला यातायात पुलिस द्वारा जागरुकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को रेड क्रॉस के साथ मिलकर खरींडवा के राजकीय विद्यालय में यातायात जागरुकता सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें जिला ट्रैफिक पुलिस कॉर्डिनेटर उप निरीक्षक रोशन लाल ने वक्ता के रूप में शिरकत की। बच्चो को संबोधित करते हुए जिला ट्रैफिक कॉर्डिनेटर रोशन लाल ने कहा कि आज के समय में विद्यार्थियों के लिये किताबी ज्ञान के साथ साथ नैतिक मूल्यों का ज्ञान होना भी जरुरी है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार सही रास्ते पर चलते हुए तरक्की कर सकता है उसी प्रकार यातायात नियमों की पालना करते हुए मनुष्य खुद भी सुरक्षित रह सकता है और दूसरों को भी सुरक्षित रहने का मौका देता है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओ मे सबसे ज्यादा नुकसान युवा वर्ग का हो रहा है इसलिये युवा वर्ग यातायात नियमो को अपने व्यवहार मे अपनाकर तथा छोटी छोटी आदतो को जीवन का हिस्सा बनाकर अपना व दूसरो का जीवन सुरक्षित रख सकते हैं। सावधानी बरतने से ही बढते हुऐ सडक हादसो पर अंकुश लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हम अपने मोबाईल को कवर या स्क्रीन कार्ड लगाना नही भूलते उसी प्रकार दोपहिया वाहन पर चलते समय हमेशा हैल्मेट रखें। मोबाईल या डिश टीवी का रिचार्ज समय पर करवाते हैं परन्तु बाईक या गाडी का इंशोरैन्स या पोलूशन सर्टिफिकेट लेना भूल जाते हैं।

## स्पर्धा में हारने वाली टीम निराश न होकर खेल में सुधार लाएं

गन्नौर। गांव अटायल में 37 किलोग्राम भार वर्ग में नेशनल स्टाइल कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें हरियाणा प्रदेश के अलग-अलग जिलों, पंजाब व यूपी से करीब 80 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रत्येक टीम के खिलाड़ियों ने जीत हासिल करने को लेकर जमकर पसीना बहाया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला मेजबान टीम अटायल व पंजाब की टीम के बीच खेला गया। इस रोचक मुकाबले में अटायल ने पंजाब की टीम को 38-28 पॉइंट से शिकस्त देकर ट्राफी पर कब्जा जमाया। हिसार टीम तृतीय व अटायल बी टीम चौथे स्थान पर रही। इससे पहले प्रतियोगिता का शुभारंभ देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी गन्नौर के संस्थापक एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने खिलाड़ियों का परिचय कर किया। उन्होंने विजेता टीम व खिलाड़ियों को सम्मानित करने के साथ ही युवाओं को नशे से दूर रहकर खेलों की ओर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया ताकि इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं से युवाओं का शारीरिक व मानसिक विकास होता है। कादियान ने कहा कि खेल में एक टीम की हार तो दूसरी टीम की जीत सुनिश्चित है।

## कर्मचारियों के सभी मुद्दों पर चर्चा कर समाधान करें सरकार: ओमप्रकाश

टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की राज्य कमेटी द्वारा चलाए जा रहे हरियाणा कर्मचारी असेंबली का आयोजन उपायुक्त कार्यालय कुरुक्षेत्र पर जिला प्रधान ओमप्रकाश की अध्यक्षता में आयोजित कि गई जिस का संचालन जिला सचिव संदीप नरवाल ने किया।आज की असेंबली में मुख्य रूप से हरियाणा के कर्मचारियों के लिए अलग से वेतन आयोग व वेतन विसंगति प्रस्ताव, कर्मचारियों के जन तांत्रिक एवं राजनीतिक अधिकार, बिजली संसोधन बिल 2023 को वापस लेने वाला प्रस्ताव, समावेशी विकास और सामाजिक न्याय से संबंधित प्रस्ताव, राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020 को रद्द करने का प्रस्ताव व रोड ट्रांसपोर्ट विधेयक 2019 और सार्वजनिक परिवहन सेवा आदि प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए। इन सभी प्रस्तावों पर चर्चा में सुरेश गुड्डा, महावीर दहिया, जरनैल सिंह राज्य उप प्रधान सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा, फकीर चन्द,भीम सिंह सैनी,उषा देवी, सुखबीर लालर,मान सिंह, जितेंद्र बंसल,ओम सिंह के साथ साथ काफी संख्या में उपस्थित कर्मचारियों ने भी भाग लिया व विस्तार से चर्चा कर सर्व सम्मति से पास कर उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री हरियाणा के नाम सभी प्रस्तावों को भेजा गया।

## यात्रा के तहत समाज के हर वर्ग के पात्र लाभार्थियों को मिल रहा है योजनाओं का लाभ

टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत समाज के हर वर्ग के पात्र लाभार्थियों को उनके घर द्वार पर ही केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इसी कड़ी में विकसित भारत यात्रा जिला के प्रत्येक गांव-गांव पहुंच रही है। सोमवार को नगर पालिका गन्नौर के चेयरमैन अरूण त्यागी ने गन्नौर तहसील क्षेत्र के गांव बजाना कलां व बजाना खुर्द में विकसित भारत यात्रा के तहत आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम का बतौर मुख्यातिथि शुभारंभ किया। वहीं गोहाना तहसील के गांव ठसका व गुढा में सकल्प यात्रा के पहुंचने पर ब्लॉक समिति चेयरमैन साक्षी मलिक व ग्रामीणों ने यात्रा का जोदार स्वागत किया।

**भारत को आत्मनिर्भर और विकसित बनाएगी विकसित भारत संकल्प यात्रा: चेयरमैन अरूण त्यागी**

जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए गन्नौर नगर पालिका के चेयरमैन अरूण त्यागी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का विकास करने का जो इसंकल्पह लिया है वह बहुत ही सराहनीय है। समाज के अंतिम व वंचित व्यक्ति का विकास ही प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री का मुख्य ध्येय है। सभी नागरिक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अपनी महती भूमिका निभाए। हमेशा भाईचारे को बरकरार रखें। छोटे-मोटे मतभेद भुलाकर समाज व राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि इविकसित भारत संकल्प यात्राह भारत को 2047 तक इआत्मनिर्भर और विकसितह राष्ट्र बनाएगी। इस अवसर बीडीपीओ जितेंद्र चौहान, गांव बजाना खुर्द की सरपंच नीरज, रमेश, गांव बजलाना कलां के सरपंच उमेद सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति व अधिकारीगण मौजूद रहे।



**मोदी की गारंटी से लोगों के जीवन में आई खुशहाली: चेयरपर्सन साक्षी मलिक**

ब्लॉक समिति की चेयरपर्सन साक्षी मलिक ने गांव ठसका व गुढा में ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए सरकारी योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने के बारे में जागरूकता पैदा करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इविकसित भारत संकल्प यात्राह के माध्यम से इस विश्वास को रेखांकित किया कि सभी योजनाओं का लाभ पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंचें। उन्होंने इविकसित भारत संकल्प यात्राह के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसका उद्देश्य मौजूदा लाभार्थियों के अनुभवों से सीखना है और उन लोगों को भी शामिल करना है, जिन्होंने अभी तक योजनाओं का लाभ नहीं उठाया है। इस मौके पर बीडीपीओ अंकुर कुमार, डॉ० ओमप्रकाश शर्मा, सुधीर मलिक, गांव ठसका की सरपंच पूनम देवी, प्रदीप मलिक, गांव गुढा के सरपंच समुन्द्र सिंह, योगेश शर्मा सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## सोनीपत: राजीव जैन ने जनसंवाद कार्यक्रम का किया शुभारंभ



टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत। विकसित भारत यात्रा के तहत गांव जुआं-1 तथा जुआं-2 में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने किया। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के अथक प्रयासों से आज सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र नागरिक ले रहा है। विकास भारत संकल्प यात्रा का सिलसिला लगातार चलाकर लोगों को अनके घर द्वार पर सभी प्रकार की समस्याओं का निवारण मिल रहा है। पूर्व मीडिया सलाहकार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने को लेकर लिए गए संकल्प को पूरा करने के लिए हम सब लोगों को मिलकर देश हित में कार्य करने होंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ़ निश्चय व सेवा भाव ने देश को विश्व में आर्थिक व्यवस्था के तौर पर मजबूत बनाया है। नित रोज सरकार द्वारा आम जनता के लिए कई नीतियां व योजनाएं क्रियान्वित की जाती है। सरकार का लक्ष्य प्रत्येक नागरिक को हर प्रकार की सुविधा मुहैया करवाना है। देश के गरीब व्यक्तियों के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आयुष्मान भारत योजना चलाई। इसी योजना का विस्तारीकरण करते करोड़ परिवारों को आयुष्मान कार्ड में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड की मदद से अब गरीब व्यक्ति भी अच्छे प्राइवेट अस्पतालों में अपना ईलाज करवा सकते हैं। पूर्व मीडिया सलाहकार ने कहा कि हर प्रकार से देश व प्रदेश का विकास कार्य किया जा रहा है। सम्पूर्ण सुविधा सम्पन्न प्रदेश होने के साथ-साथ पूरी तरह से सुरक्षित प्रदेश है। प्रदेश के हर व्यक्ति को सभी प्रकार की सुविधाएं मिल रही हैं। हर व्यक्ति की पहचान उनके आधार कार्ड व फैमिली आईडी से हो रही है। प्रत्येक कार्य के लिए आधार कार्ड व फैमिली आईडी को प्रमुख रखा जाता है, जिससे किसी प्रकार की धोखाधड़ी न हो पाए।

## ब्रह्मसरोवर पर 13 राज्यों की लोक संस्कृति ने मचाया धमाल

टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)

अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 में ब्रह्मसरोवर के घाटों पर 13 राज्यों की लोक संस्कृतियों ने धमाल मचाया है। इन राज्यों के कलाकारों ने अपने-अपने प्रदेश की लोक संस्कृति की छटा बिखेर कर पर्यटकों का मन मोह लिया है। इस लोक संस्कृति से ब्रह्मसरोवर की फिजा विभिन्न प्रदेशों की संस्कृति से रंग गई है। इन तमाम प्रस्तुतियों को उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक कला केन्द्र पटियाला की तरफ से प्रस्तुत किया जा रहा है। उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक कला केन्द्र के अधिकारी भूपेंद्र सिंह व राजेश बस्सी ने कहा कि एनजेडसीसी की तरफ से आमंत्रित किए कलाकारों में हिमाचल प्रदेश के कलाकार पूजा और घट नृत्य, जम्मू कश्मीर के कलाकार धमाली नृत्य व देकू भद्रवाही कुड व रुमाल नृत्य, पंजाब का झूमर व मालवाई गिद्दा, राजस्थान का चारी, उत्तराखंड के कलाकार पांडव नृत्य, मध्य प्रदेश का गणगौर व पंथी नृत्य, झारखंड का पायका नृत्य, उड़ीसा का संबलपुरी नृत्य सहित राजस्थान के कच्ची घोड़ी नृत्य, डेरु गाथा गायन आदि की प्रस्तुति दी जा रही है। इन सभी लोकनृत्यों में कलाकारों ने अपने-अपने प्रदेश की संस्कृति, लोक गायन कला और अपने रीति-रिवाजों को दर्शाने का अनोखा प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि एनजेडसीसी की तरफ से आमंत्रित किए गए कलाकार 19 दिसंबर तक अपनी प्रस्तुति देंगे और इसके बाद 20 दिसंबर से 13 राज्यों के 187 कलाकारों का नया ग्रुप महोत्सव में पहुंचेगा और 24 दिसंबर तक यह कलाकार अपने-अपने नृत्यों की महोत्सव में प्रस्तुति देंगे। इन कलाकारों में जम्मू कश्मीर का कुड व रउफ नृत्य, पंजाब का भांगड़ा व जिंदवा, हिमाचल प्रदेश का छपेली/घसियारी नृत्य, राजस्थान का सांवरिया सवांग, गुजरात का सिद्दी धमाल, उत्तर प्रदेश के बरसाना की होली, छतीशगढ़ का पांडवानी गायन, मणिपुर का लाई हरोबा व मणिपुरी रास, झारखंड का पुरुलिया छाऊ, उड़ीसा का गोटीपुआ नृत्य के साथ-साथ राजस्थान के कच्ची घोड़ी, बाजीगर, बहरुपिए आदि नृत्यों की प्रस्तुति 20 दिसंबर से महोत्सव में देखने को नजर आएगी। इस महोत्सव को विभिन्न प्रदेशों की लोक कला से रंगने का काम इन कलाकारों द्वारा किया जा रहा है।



## पशु की अकाल मृत्यु होने पर पशुपालक को बीमा के तहत मिलती है मुआवजा राशिः धर्मवीर



टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)

हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड हरियाणा व पशुपालन डेयरी विभाग कुरुक्षेत्र के सहयोग से गांव किरमच में पशुपालक जागरूकता शिविर का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में हरियाणा डेयरी एवं पशुधन विकास बोर्ड के चेयरमैन धर्मवीर मिर्जापुर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। चेयरमैन ने पशुपालकों को विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से बताया व पंडित दीनदयाल उपाध्याय सामूहिक बीमा योजना के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि पशु एक एटीएम की तरह काम करता है, कृषि के साथ पशुधन व्यवसाय किसानों के लिए आमदनी का स्रोत है। यदि पशु की अकाल मृत्यु हो जाती है तो पशुपालक साथी को काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि यदि पशुपालक साथी ने अपने पशुओं का बीमा करवाया हुआ है और किसी कारणवश पशु की अकाल मृत्यु हो जाती है तो पशुपालक साथी को उसे पशु का बीमा कंपनी के माध्यम से मुआवजा मिल जाएगा और पशुपालक साथी आर्थिक नुकसान से बच जाएगा। पशुपालन सरल पोर्टल के माध्यम से इस योजना के लिए आवेदन कर सकता। नेशनल लिवस्टोक मिशन के अंतर्गत पशुपालक दुधारू पशुओं की 2 करोड़ तक की बडी इकाई पर व साईलेज ईकाई पर 50 फीसदी का अनुदान का प्रावधान है। मुंह खुर व गलघोटू जैसी खतरनाक बीमारियों से पशु को बचाने के लिए विभाग समय-समय पर संयुक्त टीकाकरण अभियान चलाता रहता है।

इस वर्ष अभियान के अंतर्गत जिला कुरुक्षेत्र में लगभग 2 लाख 15 हजार गाय व भैंसों का टीकाकरण निशुल्क व घर द्वार पर किया गया। कृत्रिम गर्भाधान पर प्रकाश डालते हुए चेयरमैन साहब ने बताया कि प्रदेश में बेसहारा बछड़ों की समस्या के निजात के लिए सिर्फ बछडी पैदा करने वाले उच्च कोटि के कृत्रिम गर्भाधान टीका का प्रयोग हो रहा है।

## कुरुक्षेत्र: योग जीवन को संतुलित करता है: डॉ नरेश भार्गव

टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)

हरियाणा योग आयोग, पंचकूला द्वारा अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के उपलक्ष्य में ब्रह्म सरोवर उत्तर तट स्थित मेडिटेशन हॉल में आयोजित आठ दिवसीय ध्यान योग शिविर के दूसरे दिन आज आयुष विभाग, कुरुक्षेत्र व श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से उपस्थित साधकों को सूक्ष्म व्यायाम, आसन, प्राणायाम व ध्यान साधना का अभ्यास करवाया गया। मुख्य अतिथि श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार एवं हरियाणा योग आयोग के सरकारी सदस्य डॉ नरेश भार्गव, विशिष्ट अतिथि आयुष महाविद्यालय कुरुक्षेत्र के प्रिंसिपल डॉ देवेंद्र खुराना, हरियाणा योग आयोग के प्रथम रजिस्ट्रार डॉ हरिश्चंद, आयोग के सदस्य एवं योग भारती के प्रदेश प्रभारी डॉ कुलदीप सिंह, आयोग के सदस्य एवं शिविर के संयोजक डॉ मनीष कुकरेजा सहित विभिन्न सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलित कर आज के कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आयोग की ओर से सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ से अभिनंदन किया गया। दीपक विमल ने श्रीमद भागवत गीता के श्लोकों का पाठ करवाया।

## श्रीमदभगवदगीता मानव समाज को स्वदेशी एवं स्वावलंबन के लिए प्रेरित करती है: मिश्र

टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र ( दलबीर मलिक)

श्रीमदभगवदगीता का संदेश स्पष्ट है कि आत्मा अमर है, देह क्षणभंगुर है। अतः उसका उपयोग स्वधर्म के लिए करना चाहिए। हमें सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए और फल की चिंता छोड़कर अपने कर्म पर ध्यान देना चाहिए। स्वधर्म पालन ही संसार के कल्याण का पाथेय है। दुनिया की विभिन्न भाषाओं में सर्वाधिक टीकाएं श्रीमदभगवदगीता हर ही लिखीं गई है। दुनिया की कोई ऐसी प्रमुख भाषा नहीं, जिसमें गीता का अनुवाद न हुआ हो।यह विचार अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती समारोह के उपलक्ष्य में आत्मनिर्भर भारत अभियान द्वारा आयोजित स्वदेशी मेले में श्रीमदभगवदगीता में स्वदेशी की अवधारणा विषय पर आयोजित गीता संवाद कार्यक्रम में मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किये।कार्यक्रम का शुभारम्भ भारतमाता की जय के जोरदार जयकारों से हुआ। डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा प्रकृति के माध्यम से, अर्थव्यवस्था और राजनीतिक व्यवस्था में सुधार किया जा सकता है जोकि एक कल्याणकारी समाज की स्थापना के लिए जरूरी है। समाज में प्रगति अनिवार्य रूप से लोगों के मजबूत इरादों से ही लाई जा सकती है। सहयोग, एकता, आपसी प्रेम और समझ, प्रवृति की पहचान है, जो देश को, विकास की ओर ले जाती है। इससे स्वस्थ राष्ट्र और स्वस्थ विश्व व्यवस्था का निर्माण होता है। श्रीमदभगवदगीता का सम्पूर्ण विश्व मानवता को यही संदेश है। भारत सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल बाबैन के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रोताओ एवं दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकीय पॉलिटैकनिक, कुरुक्षेत्र के प्रधानाचार्य कवल सचदेवा ने किया। स्वदेशी मेले के संयोजक कपिल मदान ने मेला आयोजन के लिए स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय सह संगठक सतीश जी, क्षेत्रीय समन्वयक एवं कुरुक्षेत्र विश्विद्यालय के कुलपति डा. सोमनाथ सचदेवा सहित समस्त हरियाणा प्रांत के अधिकारियो का विशेष सहयोग के लिए आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन हरिकेश पपोसा ने किया। कार्यक्रम विभाग संघटक कुलदीप पुनिया साहित आत्मनिर्भर भारत द्वारा के पदाधिकारी सहित अनेक सामाजिक धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं गणमान्य जन उपस्थित रहे।



# चरखी दादरी में मेडिकल कॉलेज के लिए जमीन चयनित

## ग्रामीण विकास के लिए ई-टेंडरिंग प्रणाली हुई कारगर साबित

**जानकारी...**

**8 चरखी दादरी और कैथल में मेडिकल कॉलेज के लिए जमीन चिह्नित कर ली गई है और कैथल में शिलान्यास भी किया जा चुका है।**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**
हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज खोलने की योजना के अंतर्गत पलवल, फतेहाबाद, चरखी दादरी और कैथल में भी जल्द ही इस योजना को अमलीजामा पहनाया जाएगा। इन जिलों में भी मेडिकल कॉलेज के लिए जमीन चिह्नित कर ली गई है और कैथल में शिलान्यास भी किया जा चुका है। चरखी दादरी के गांव घसौला में भी जमीन का चयन किया जा चुका है और आगामी प्रक्रिया को जल्द ही पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री आज यहां हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान बोल रहे थे। श्री मनोहर लाल ने कहा कि



हमारी सरकार जनहित में योजनाएं बना रही है और विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान जनता से भी विकास परियोजनाओं से संबंधित प्रस्ताव लिये जा रहे हैं।

**ग्रामीण विकास के लिए ई-टेंडरिंग प्रणाली हुई कारगर साबित :** मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण विकास के लिए ई-टेंडरिंग प्रणाली कारगर साबित हुई है। हजारों की संख्या में ई-टेंडरिंग पर कार्य शुरू हो गए हैं। 5 लाख रुपये तक के कार्य क्वोटेशन के माध्यम से पंचायतें स्वयं करवा रही हैं और इससे ऊपर की राशि के कार्य ई-टेंडरिंग के माध्यम से हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले जिला उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित कमेटी को निर्माण सामग्री के रेट तय करने में कठिनाई आती थी, अब सरकार ने इसमें छूट देते हुए प्रावधान किया है कि जिले में एक स्थानीय कमेटी अपने जिले में एक रेट तय करेगी।
उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार पंचायती राज संस्थाओं व शहरी निकायों को सशक्त बनाते हुए विकास कार्यों को गति देने के लिए कृतसंकल्प है।

**गौवंश संवर्धन के लिए हरियाणा सरकार ने गौसेवा आयोग का 10 गुणा बढ़ाया बजट:** मुख्यमंत्री ने कहा कि जो भी पंचायतें नई गौशाला बनाने के लिए प्रस्ताव पास करके सरकार को भेजेगी, उसे हरियाणा गौ सेवा आयोग और पशुपालन एवं डेयरी विभाग की ओर से आधारभूत ढांचा व एक साल के चारे का पैसा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने बेसहारा गौवंश की देखभाल के लिए गौसेवा आयोग के बजट को 40 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 400 करोड़ रुपये किया है।

# विधानसभा शीतकालीन सत्र के दौरान दो विधेयक पारित किए

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
हरियाणा विधान सभा के शीतकालीन सत्र के दौरान आज दो विधेयक पारित किए गए। इनमें हरियाणा बकाया देय व्यवस्थापन (संशोधन) विधेयक,2023 व हरियाणा निजी विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक,2023 शामिल हैं। हरियाणा बकाया देय व्यवस्थापन अधिनियम,2017 को आगे संशोधित करने के लिए हरियाणा बकाया देय व्यवस्थापन (संशोधन) विधेयक,2023 पारित किया गया है। इसके तहत, हरियाणा बकाया देय व्यवस्थापन अधिनियम, 2017 के अधिनियम 35 की धारा 2 व 3 में संशोधन किया गया है। प्रदेश में पहली जुलाई, 2017 से जीएसटी कानून के तहत एक नयी कराधान प्रणाली लागू की गई। आबकारी व कराधान विभाग द्वारा प्रदत कानूनों के तहत कर, जुमार्ना और शास्ति सहित बकाया भारी राशि देय है, जिसे कई स्तरों पर विवादित मांगों एवं बकाया देनदारों की कमजोर वित्तीय स्थिति के कारण वसूल कर पाना कठिन है। कम बकायों एवं मुकदमेबाजी से मुक्त जीएसटी शासन में आगे बढे और बकाया राशि की वसूली में तेजी लाने के लिए हरियाणा राज्य में विभाग द्वारा प्रशासित विभिन्न नियमों के तहत व्यवस्थापन स्कीम लागू करने की आवश्यकता महसूस की गई। चूंकि विभाग द्वारा प्रशासित कानूनों के तहत ऐसा कोई प्रावधान नहीं था, जिसके तहत विभाग, शासित विभिन्न अधिनियमों के तहत बकाया राशि के व्यवस्थापन के लिए एक स्कीम ला सके। इसलिए सरकार द्वारा एक या अधिक स्कीमों को अधिसूचित करने के लिए हरियाणा बकाया देय व्यवस्थापन अधिनियम, 2017 को अधिनियमित किया गया, जिसमें ह्यह्यबकाया देयव्व में 31 मार्च, 2017 तक की अवधि के बकाया परिभाषित किये गए। यह कानून पहली बार अध्यादेश के माध्यम से अधिनियमित किया गया तथा बकाया देयों की वसूली के लिए पहली एकमुश्त व्यवस्थापन स्कीम 31 मार्च, 2017 तक के देयों के लिए अध्यादेश के तहत शुरू की गई। वित्तीय वर्ष 2017-18 की पहली तिमाही की अवधि इस अधिनियम और योजना के दायरे के बाहर रह गई।

# दिग्विजय ने ग्रामीण क्रिकेट कॉस्को टूनार्मेंट की ट्रॉफी लॉन्च की

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/अंकुश जैन**
देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की स्मृति में आगामी दो जनवरी से कॉस्को बॉल ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता के आगाज का होने जा रहा है। यह प्रतियोगिता देश की सबसे बड़ी ग्रामीण क्रिकेट कॉस्को प्रतियोगिता होगी। सोमवार को जेजेपी के प्रदेश प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने इस टूनार्मेंट की ट्रॉफी को लॉन्च किया है। जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला इस क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे। इस टूनार्मेंट में विजेता टीमों को लाखों रुपए के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। सैकड़ों टीमें इस खेल प्रतियोगिता में भाग लेगी। जेजेपी राजनीतिक क्षेत्र के साथ-साथ सामाजिक क्षेत्र में भी अपना दायित्व बखूबी से निभा रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में खेल को बढ़ावा देने के लिए जेजेपी क्रिकेट की बड़ी प्रतियोगिता सिरसा जिले के गांव चौटाला, रिसालियाखेड़ा, खारियां और माधोसिंघाना में आयोजित करवाने जा रही है। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि इससे पहले इतनी बड़ी कभी भी ग्रामीण स्तर पर क्रिकेट कॉस्को टूनार्मेंट नहीं हुई। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि प्रतियोगिता में



न केवल ग्रामीण आंचल से बल्कि शहरों के प्रत्येक वार्डों से भी बड़े पैमाने पर टीमों के पंजीकरण किए जाने के लिए अभी से आवेदन आने लगे हैं। प्रतियोगिता के आगाज के दौरान अनेक दिग्गज पंजाबी कलाकार भी खिलाड़ियों के मनोरंजन के लिए अपना कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।
आगामी 21 से 23 दिसंबर तक इच्छुक टीमें सिरसा चौटाला हाऊस पर पंजीकरण करवा सकते हैं। इस विशाल क्रिकेट प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार तीन लाख रुपए का दिया जाएगा जबकि दूसरे व तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमों को क्रमशः दो लाख और 51 हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

# जहरीली शराब मामले में विधायक किरण चौधरी ने सरकार को घेरा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
कांग्रेस की विधायक श्रीमती किरण चौधरी ने विधान सभा मे जहरीली शराब के मुद्दे पर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि शराब के मामले मे सरकार द्वारा क्यों नहीं ( रडढ ) स्टैंडिंग ऑपरेटिंग प्रोसीजर नही अपनाया जा रहा है जहरीली शराब पर कांग्रेस विधायक किरण चौधरी विधानसभा के शीतकालीन सत्र में बोली रही थी। कांग्रेस विधायक किरण चौधरी ने कहा दुर्भाग्य की बात है एक के बाद एक जहरीली शराब से मौत हो रही है उन्होंने कहा जहरीली शराब जिन जगहों में बनती है उनके एरिया में एक्साइज और पुलिस के लोगों पर कार्रवाई क्या की गई। किरण चौधरी ने कहा डिसटलरी में जीपीएस सिस्टम क्यों नही लगाए गए हैं अगर लगाए जाते तो मॉनिटरिंग होती है।
जब भी शराब फैक्ट्री से निकलती है तो गाड़ियों पर जीपीएस होता तो पता चलता रहता कोई गड़बड़ी तो नहीं हो रही लेकिन गड़बड़ी होने दी जा रही है उन्होंने कहा हरियाणा की शराब अवैध तौर पर कई राज्यों में पकड़ी गई है हरियाणा से शराब की तस्करी हो रही है।

# स्वच्छता के नाम पर मुख्यमंत्री कर रहे है प्रदेश की जनता को गुमराह: कुमारी सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/काजल रानी अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हरियाणा कांग्रेस कमेटी की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल स्वच्छता के नाम पर पिछले नौ सालों से प्रदेश की जनता को गुमराह कर रहे हैं, प्रदेश में ऐसा कोई शहर नहीं है जहां पर कूड़े के ढेर न लगे हो। अब मुख्यमंत्री कह रहे है कि जहां पर कचरे के ढेर मिले तो दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस गठबंधन सरकार की घोषणाएं और चेतावनी दोनों ही जुमले बनकर रहे गए है,

**खोली पोल**

**8 प्रदेश में ऐसा कोई शहर नहीं जहां कूड़े के ढ़ेर न लगे हो, सफाई कर्मियों की भर्ती से गुरेज कर रही है सरकार: सैलजा**

सरकार अपनी कमी छिपाने के लिए बार-बार चेतावनी देती है, कर्मचारी और अधिकारी आज भी मनमानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कार्यालयों में बैठकर चेतावनी देने से कुछ नहीं होगा, धरातल पर उतरेंगे तो सच्चाई दिखाई देगी।



मीडिया को जारी एक बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार की गलत नीतियों के कारण जनता का जीना दूभर हो गया है। इस सरकार में कोई सुनवाई नहीं हो रही यहीं वजह है कि सरकार के कानों तक अपनी आवाज पहुंचाने के लिए जनता-कर्मचारी जगह-जगह धरना, प्रदर्शन और हड़ताल कर रहे है। उन्होंने कहा कि सरकार की हर घोषणा एक जुमला ही साबित होती है सरकार कहती कुछ और करती कुछ है। मुख्यमंत्री स्वच्छ भारत अभियान के नाम पर कोरी घोषणाएं ही कर रहे है, इस अभियान के नाम पर पैसा पानी की तरह से बहाया गया पर सफाई कही भी दिखाई नहीं दी। स्वच्छता रैंक में हरियाणा के शहरों के नाम भी लिस्ट में सबसे नीचे दिखाई देते हैं। प्रदेश में 60 नगर पालिकाएं, 22 नगर परिषद और 11 नगर निगम है पर किसी भी जगह पर सफाई कर्मियों की संख्या पूरी नहीं है, नई नियुक्तियां करने से गुरेज कर रही है, जो कर्मचारी रखे गए उनमें से अधिकतर अधिकारियों और नेताओं की कोठी पर लगा दिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि लंबित मांगों को लेकर स्थानीय निकाय विभाग के तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मी दो दिन की हड़ताल पर चले गए थे। एक ओर जहां शहरों में कूड़े के ढेर लगे हुए थे दो दिन की हड़ताल में कूड़े के पहाड़ दिखाई देने लगे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सफाई व्यवस्था के हालात ऐसे है कि गुरुग्राम से लेकर ऐलनाबाद तक और पंचकूला से लेकर पलवल तक किसी भी शहर में जाकर देखो वहां पर कूड़े के ढेर ही दिखाई देंगे।

# लोगों ने गृह मंत्री अनिल विज का किया धन्यवाद व आभार

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ**
हरियाणा के गृह मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि जहरीली शराब के सेवन से हुई लोगों की मौत के मामले में पुलिस अधीक्षक, यमुनानगर और अंबाला से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार, संदिग्ध जहरीली शराब के सेवन से 20 मौतें हुई हैं। इस संबंध में 5 एफआईआर दर्ज की गई हैं और इन दोनों जिलों में कुल 52 गिरफ्तारियां की गई जिनमें 36 आरोपी शामिल पाए गए हैं। श्री विज आज यहां हरियाणा विधानसभा में चल रहे शीतकालीन सत्र में लगाए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव का उत्तर दे रहे थे। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक, यमुनानगर ने सूचित किया है कि पुलिस को सूचना मिली कि गांव मंडेवरी, यमुनानगर निवासी एक व्यक्ति को संदिग्ध जहरीली शराब के सेवन के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस की जांच से पता चला कि नकली शराब उसी गांव मंडेबरी निवासी रॉकी नामक व्यक्ति द्वारा संचालित एक अवैध खुर्दा से बेची जा रही थी। जिस संबंध में पुलिस द्वारा एक आपराधिक अभियोग अंकित किया गया तथा गहनता से जांच की गई। जांच में अंबाला जिले के गांव धनौरा में अवैध रूप से चल रही एक फैक्ट्री का पता चला, जहां नकली शराब का निर्माण और वितरण किया जा रहा था।



इस मामले में कुल मिलाकर 5 एफआईआर (एफआईआर संख्या 249 दिनांक 08.11.2023, एफआईआर संख्या 387 दिनांक 10.11.2023, एफआईआर संख्या 451 दिनांक 11.11.2023, एफआईआर संख्या 327 दिनांक 09.11.2023 तथा एफआईआर नं. 410 दिनांक 09.11.2023) दर्ज की गई। श्री विज ने बताया कि यमुनानगर और अंबाला पुलिस द्वारा सभी पहलुओं पर गहनता से जांच की गई, जिसके परिणामस्वरूप ठेकेदारों सहित 36 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जो दुकानों के मूल आवंटनकर्ता थे। जहरीली शराब के सेवन से कुल 20 मौतें (यमुनानगर में 18 और अंबाला में 2) हुई हैं, जिसमें गांव धनौरा, अंबाला में अवैध रूप से चल रही शराब फैक्ट्री में काम करने वाले दो श्रमिकों की मौत भी शामिल है, जिन्होंने संदिग्ध जहरीली शराब का सेवन किया था। इसके अलावा बीमार 5 लोगों को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी न्यायिक हिरासत में हैं।

# बाबा गुरिंदर सिंह जी से मिलकर अत्यंत सौभाग्यशाली महसूस कर रहा हूँ: राज्यपाल

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने गत दिवस डेरा राधा स्वामी ब्यास सत्संग में जाकर गुरु जी महाराज बाबा गुरिंदर सिंह जी से बेहद सौहार्दपूर्ण गरिमा पूर्ण वातावरण में मुलाकात की तथा उन्होने इस विशाल धार्मिक संगठन और इस अद्भुत सत्संग की उत्पत्ति के बारे में बात की। यह एक बहुत अच्छा और विशाल आध्यात्मिक संगठन है.स उन्होने कहा कि मेरा यह विश्वास कि श्ईश्वर हमारे भीतर हैश और श्मानव जाति की सेवा ही ईश्वर की सेवा हैश्स संगठन द्वारा प्रचारित की जाने वाली कुछ प्रमुख मान्यताएँ हैं।ईश्वर हमारे भीतर है और उस तक पहुंचने के लिए हमें खुद को बदलना होगा और अपने भीतर जाना होगा सुनकर बेहद अच्छा लगा स उहोंने कहा मैं विश्व के विभिन्न भागों से लाखों लोगों, विशेषकर महिलाओं, को सत्संग में भाग लेते देखकर बहुत खुश और आश्चर्यचकित हूँ। आज सत्संग में तीन लाख से अधिक लोग शामिल हो रहे हैं, जिन्हें बिना किसी शुल्क के लंगर परोसा जाता है। पांच लाख से अधिक



लोगों को खाना पकाने और गर्म भोजन परोसने में उपयोग किए जाने वाले स्वचालन और प्रौद्योगिकी का स्तर प्रभावशाली है और लोगों का आत्म-अनुशासन और सेवादारों की निस्वार्थ सेवा अधिक प्रभावशाली है। मुझे यह जानकर बहुत खुशी हुई कि संगठन में कोई कर्मचारी नहीं है। सभी क्षेत्रों के सेवादार ही यहां सेवा प्रदान कर रहे हैं। ये निस्वार्थ सेवादार जिनमें अधिकतर महिलाएं शामिल हैं, पांच लाख से अधिक लोगों को भोजन तैयार करने और परोसने में मदद कर रहे हैं, यह कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। इसे देखकर और जानकर मुझे बेहद खुशी हुई है जिसकी मैं अंतरात्मा से प्रशंसा करता हूं स इससे समाज को यह संदेश जाता है कि हमें बुनियादी जरूरतें मुहैया कराने के लिए दूसरे लोगों को काम करने की जरूरत नहीं है। स्वस्थ समाज बनाने के लिए लोगों को स्वयं काम करना चाहिएऔर एक-दूसरे की सेवा करनी चाहिए। यह बड़े गर्व की बात है कि बाबाजी गुरिंदर सिंह जी देश और दुनिया भर में फैले सत्संग घरों वाले इतने बड़े संगठन का नेतृत्व कर रहे हैं।

# 'मोदी मनोहर सरकार की योजनाओं को पहुँचाने में जुटा महिला मोर्चा'



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मीडिया प्रभारी मालती अरोड़ा ने जानकारी देते हुए बताया की प्रदेश भर में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर एक वर्चुअल बैठक का आयोजन भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा द्वारा किया गया। बैठक प्रदेशाध्यक्ष सुनीता डांगी की अध्यक्षता मे आयोजित की गई। जिसमे मुख्य रूप से मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती रेखा गुप्ता का मार्गदर्शन समस्त महिला मोर्चा की पदाधिकारियों को प्राप्त हुआ। बैठक मे मोदी-मनोहर सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला उत्थान संबंधित सरकारी योजनाओं को विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से प्रत्येक महिला तक पहुँचाने को लेकर चर्चा की गई।
बैठक की अध्यक्षता करते हुए सुनीता दांगी ने कहा की मोर्चा पदाधिकारी तथा कार्यकर्त्ता 2024 के चुनावों के लिए कमर कस ले। उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अगस्त में लखपति दीदी पहल की घोषणा की गई थी, जिसका उद्देश्य महिलाओं को अपने गांवों के भीतर सूक्ष्म उद्यम शुरू करने और उन्हें प्रशिक्षण लेने के लिए प्रोत्साहित करना था ताकि वे स्वंय कम से कम 1 लाख रुपये प्रति वर्ष कमा सकें।

# हाइकोर्ट जज की जांच से क्यों डर रही है कांग्रेस: चौटाला

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने उचाना में छात्राओं से छेड़छाड़ मामले में विधानसभा शीतकालीन सत्र में बोलते हुए कहा कि उन्होंने सदन में जो तथ्य रखे है, वे उस पर कायम हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले में तथ्य वही है, जैसे ही है और सत्य ही है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि उस समय के सरपंच के पत्र का सबूत भी है और जांच होने पर मामले में सारे तथ्य सामने आएंगे। उन्होंने कांग्रेस विधायकों से यह भी सवाल पूछा कि वे सिटिंग जज की जांच से क्यूं डर रहे हैं ? क्या कांग्रेस ने आरोपी का बचाव किया था ? उस समय मुलाकात के बाद डिप्टी डायरेक्टर स्तर की टीम जांच करने गई थी, यह बात साबित हो जाती है तो फिर कांग्रेस क्या बोलेगी ? दुष्यंत चौटाला ने सदन में मांग की कि 2005 से लेकर 2023 तक प्रिंसिपल पर लगे आरोपों के सभी मामलों की जांच होनी चाहिए। इसके साथ में यह भी जांच होनी चाहिए कि क्या उस समय की शिक्षा मंत्री के आवास पर पंचायत हुई ? क्या शिक्षा मंत्री ने कोई कमेटी बनाई थी ? क्या उस समय डिप्टी डायरेक्टर ने जांच की थी ? डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि उन्होंने आरोपी प्रिंसिपल साल 2005 में सरकारी नौकरी पर था, यह बात नहीं कही थी जबकि यह कहा था कि 2005 में भी उसके खिलाफ मामला उठा था।

# भव्य राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन राममयी होगा हरियाणा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
अयोध्या में भव्य राम मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को प्रदेश भर में दीवाली जैसे माहौल दिखाई देगा। भगवान राम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा की खुशी में घर-घर दीप जलाए जाएंगे और हर मंदिर में राम भजन गूंजेंगे। यानि शहर-शहर, गांव-गांव आपको दिवाली की तरह ही जगमगाता दिखाई देगा।
इस एतिहासिक खुशी में प्रदेश का हर परिवार शामिल हो, इसके लिए विश्व हिंदू परिषद ने पूरी योजना तैयार कर ली है। गांव-गांव, शहर-शहर में 23 दिसंबर से ही धार्मिक रंग बिखरने लगेगा और 22 जनवरी तक दीपावली जैसा माहौल देखने को मिलेगा। भव्य राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन कैसा माहौल होगा, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि इस दिन प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण दिखाने के लिए हजारों मंदिरों में प्रबंध किए गए हैं।
केवल गुरुग्राम शहर में ही 150 से अधिक मंदिरों में बड़ी स्क्रीन लगाई जाएगी और मंदिरों सजाया जाएगा। हर परिवार इस उत्सव में शामिल हों सके, इसके लिए 1 से 15 जनवरी निमंत्रण देने का कार्य किया जाएगा।



इसके लिए केवल गुरुग्राम शहर को 186 भागों में बांटा गया है, इन 186 भागों में निमंत्रण घर घर पहुंचाने वाली टीमों का गठन भी कर दिया गया है। इसी तरह प्रदेश के हर शहर और गांव में अक्षत पहुंचाने की व्यवस्था बनाई गई है। गुरुवार में इस कार्यक्रम के महानगर संयोजक यशवंत शेखावत ने बताया कि अयोध्या से पूजित अक्षत गुरुग्राम में पहुंच गए हैं। उन्हें सेक्टर 23 के शक्ति मंदिर में रखा गया है। जहां से उन्हें 23 दिसंबर को 186 कलशों में भरकर सोहना चौक स्थित सिद्धेश्वर मंदिर में लाया जाएगा। सिद्धेश्वर मंदिर से ही सभी टीमें इन अक्षतों को लेकर अपने अपने क्षेत्र में जाकर वितरित करेंगी। यशवंत शेखावत ने बताया कि गुरुग्राम में तीन लाख घरों में श्रीराम जन्म भूमि अयोध्या में पूजित अक्षत के साथ पत्रक व राम मंदिर की फोटो वितरित की जाएगी। केवल गुरुग्राम में 9 हजार से ज्यादा स्वयं सेवक अक्षत वितरण का काम करेंगे। हर भाग में 6 से 7 टोलियां अक्षत वितरण करेंगी और हर टोली में 5 से 10 के बीच स्वंय सेवक शामिल होंगे। अक्षत वितरण से पूर्व शहर में अक्षत कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसके लिए भी तैयारियां चल रही हैं। शहर में अक्षत कलश यात्रा निकाले जाने की प्लानिंग बनाई गई है।

## न्यूज फ्लैश

### ग्लोबल ग्लोरी अवार्ड से सम्मानित हुई विभिन्न राज्यों की महान शख्सियतें

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। एंटी** करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया एंव ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन द्वारा ग्लोबल ग्लोरी अवार्ड समारोह व एंटी करप्शन और ह्यूमन राइट्स जागरूकता सेमिनार का राष्ट्र स्तरीय भव्य आयोजन संस्थापक राष्ट्रीय सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा की देखरेख में आयोजित किया गया।

समारोह में फिल्म अभिनेता राहुल रॉय व फिल्म एवं टीवी अभिनेत्री नायरा बैनर्जी ने सेलिब्रिटी चीफ गेस्ट के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रणजोध सिंह एवं राष्ट्रीय चेयरमैन विजय गुप्ता ने की। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी विजय जैन, डॉ. बरनाली शर्मा व सुनील गुप्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर भ्रष्टाचार उन्मूलन एंव मानवाधिकारों की जागरूकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महान शख्सियतों, जिनमें युमनाम इराबंता सिंह, बिपुल हजारिका, विशाल काठ, गौरव गाबा, उमा हजारिका, फिरोज खान, गगनदीप मल्होत्रा, पवन शर्मा, कृष्णा गुप्ता, अब्दुल कय़्यूम वार, संजय डालमिया, जूनियर अन्नू कपूर, कंचन देओल, पंकज गर्ग, अजीत राही, सावी चौधरी, सुमन सूद, बलजीत कौर, हरदीप सिंह, पायल मित्तल, अनिल मदान, ईशा चौधरी, राकेश मक्कड़, गुंजन भटनागर, निशा चाचन, रामानंद सागर, विशाखा मित्तल, शैली शर्मा, हरप्रीत देओल, सुमित पूजाना, विनोद कुमार, डॉ.अनुराधा नागिआ, विपिन उपाध्याय, संदीप कुमार, कुश, प्रवीण गर्ग, पूजा शर्मा, बिक्रम चौधरी, अनिल कुमार मलिक, तरुण बंसल, पवन कुमार कंसल, राज कुमार सिक्का, एमपी तुली को ग्लोबल ग्लोरी अवार्ड से सम्मानित किया गया। कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी अवार्ड पुलिस विभाग से प्रदीप कुमार, नमना अहलावत व जगबीर सिंह को दिया गया।

### योग से शरीर और मन दोनों फिट रहते हैं: दिनेश गुलाटी

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा मेरा मिशन** स्वस्थ भारत द्वारा बलदेव मिशन स्कूल सेक्टर 13 में मिशन के संचालक दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में प्रतिदिन योग करवाया जा रहा है। कक्षा में प्रातः खेल मंत्रालय भारत सरकार के फिट इंडिया मिशन और सूर्य नमस्कार के ब्रांड एंबेसडर संदीप आर्य ने शिरकत की।

दिनेश गुलाटी ने बताया कि लगातार 36 घंटे 21 मिनट सूर्य नमस्कार का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के साथ-साथ उनके नाम अन्य भी अनगिनत रिकॉर्ड है। संदीप आर्य ने कक्षा में सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया और साथ ही शरीर को स्वस्थ रखने और भोजन संबंधित नियमों के टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सबसे बड़ा उपहार है। यदि शरीर और मन स्वस्थ नहीं हैं तो लक्ष्य को पाना असंभव है। योग से शरीर और मन दोनों फिट रहते हैं। दिनेश गुलाटी ने भी साधकों को योगासनों के अभ्यास के दौरान सूर्यनमस्कर का अभ्यास करवाया। संदीप आर्य ने कहा कि सूर्य नमस्कार योगासनों में सर्वश्रेष्ठ है, जो 12 योगासन से मिलकर बना है। योग की शुरूआत करने वालों के लिए यह सबसे बेहतर अभ्यास है। सूर्य नमस्कार के द्वारा सूर्य को नमन किया जाता है। यही एक ऐसा अभ्यास है जो संपूर्ण योग व व्यायाम का लाभ पहुंचाने में समर्थ है और योग अभ्यासी के शरीर को निरोग और स्वस्थ रखता है। इसे सभी आयु वर्ग के व्यक्ति कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सूर्य नमस्कार का अभ्यास करने से शरीर का वजन कम होता है। पाचन और भूख में सुधार होता है। कब्ज की समस्या दूर होती है। हड्डियों को मजबूती मिलती है। शरीर में खून का संचार बढ़ता है और शरीर का कार्डियोवैस्कुलर स्वास्थ्य अच्छा रहता है। इसके अभ्यास से शरीर के विषैले तत्व शरीर से बाहर होते हैं। कक्षा में शिक्षक निधि गुप्ता, नीलम बठला, राजेंद्र पपनेजा और सह शिक्षिका पूनम खन्ना मौजूद रहे।

### डंफर चोर काबू, डंफर बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल सीआईए** टू की टीम ने विश्वसनीय सूचना पर आरोपी अमरजीत सिंह पुत्र राजपाल वासी बल्ला हाल भगत सिंह कॉलोनी कैथल को भगत सिंह कॉलोनी से गिरफ्तार किया गया। आरोपी को निशानदेही पर उसके कब्जे से चुराया गया डंफर बरामद किया गया। पुलिस जांच में पाया गया कि आरोपी अमरजीत ने 23 जुलाई को शिकायतकर्ता बलविंदर वासी महमूदपुर का डम्फर महादेव मोटर्स की दुकान के बाहर से चोरी कर वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में नामालुम आरोपी के खिलाफ थाना शहर में चोरी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी अमरजीत से प्रारंभिक पूछताछ में पाया गया कि वह एक आदतन अपराधी है, जिसके विरुद्ध पहले भी लड़ाई झगड़े, छेड़छाड़, चोरी और धोखाधड़ी के तहत करीब सात मुकदमें दर्ज हैं।

# 'यात्रा का मकसद लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना'

## देश को विकसित राष्ट्र बनाने में सहभागिता सुनिश्चित करें: कविंद्र राणा

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। विकसित भारत** संकल्प यात्रा आज जिला के गांव अमृतपुर खुर्द और कैरवाली पहुंची। अमृतपुर खुर्द में भाजपा सेवा प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक एवं जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य कविंद्र राणा ने लोगों से अपील की कि वे भारत को 2047 तक के विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने के लिए अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने लोगों से केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की भी अपील की। कैरवाली में पूर्व विधायक रमेश कश्यप ने कहा कि यात्रा का मकसद समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।

अमृतपुर खुर्द पहुंचने पर कविंद्र राणा और कैरवाली में पूर्व विधायक रमेश कश्यप ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन किया। सरपंच गोविंद सिंह राणा ने अमृतपुर खुर्द में और सरपंच प्रतिनिधि सतपाल सिंह ने कैरवाली में मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश सुनाया गया। हरियाणा के विकास पर बनी लघु फिल्म दिखाई गई। अमृतपुर खुर्द में सोहनलाल गुप्ता ने और कैरवाली में जगदीश राणा ने लोगों को 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई।



कविंद्र राणा ने कहा कि यात्रा का उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचना है। आज सरकार आपके द्वार पहुंची है। बुढ़ापा पेंशन, परिवार पहचान पत्र, आयुष्मान कार्ड बनवाने में यदि कोई समस्या आ रही है तो उसका मौके पर निवारण कराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि करीब साढ़े नौ साल के अर्से में केंद्र और राज्य सरकार ने गरीबों, पिछड़ों और समाज के अन्य वर्गों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं लागू की हैं। उज्ज्वला योजना के तहत मुक्त रसोई गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। पात्रों को सीधा लाभ उनके खातों में पहुंचाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा डिजिटल क्रांति के परिणाम स्वरूप भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा है और योजनाओं का सीधा लाभ आम आदमी को मिलने लगा है। ऑनलाइन सेवाओं के कारण घर बैठे योजनाओं का फायदा उठाया जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है और विश्व में भारत का रुतबा बढ़ा है। उन्होंने कहा कि भारत कैसे फिर से विश्व गुरु बने इस पर चिंतन करते हुए अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। सोहन लाल गुप्ता ने इस अवसर पर विधायक हरविंदर कल्याण द्वारा हलके में कराए गए विकास कार्यों की जानकारी दी।

नौकरियों में पारदर्शिता-पूर्व विधायक रमेश कश्यप ने कहा कि प्रदेश में सरकारी नौकरियों में पारदर्शिता बरती जा रही है। पर्ची-खर्ची सिस्टम बंद हो गया है। गरीब परिवार की लडकी की शादी के लिए सरकार ने 71 हजार की सहयता देने का प्रावधान किया है। अगले महीने से बुढ़ापा पेंशन 3 हजार रुपए मिलने लगेगी। उन्होंने कहा कि जनहित में सैकड़ों योजनाएं शुरू की हैं। लोगों को इनका फायदा उठाना चाहिए। यात्रा के जरिए गांवों में जाकर लोगों की समस्याओं का निपटारा किया जा रहा है।

उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन-इस मौके पर अमृतपुर खुर्द में उज्ज्वला योजना के तहत चार महिलाओं. पिंकी रानी, रीना, मनीषा और आरती को निशुल्क गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए गए। कैरवाली में रजनी व बाला सहित 7 महिलाओं को गैस कनेक्शन दिए गए।

## रामनगर क्षेत्र में दामाद की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। स्थानीय रामनगर** क्षेत्र में एक दामाद की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मृतक के परिजन ससुराल पक्ष पर हत्या के आरोप लगा रहे हैं। परिजन ससुराल में पहुंचे तो उन्हें शव फंदे पर नहीं, बल्कि जमीन पर पड़ा हुआ मिला। शव के गले पर रस्सी के निशान और कट भी लगा हुआ बताया जा रहा है। बहनों का आरोप है कि उसके भाई की हत्या करके फंदे पर लटकाया गया है।

सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने डेड बॉडी को कब्जे में लेकर कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में दोपहर बाद पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 32 वर्षीय कुंजपुरा निवासी वजीर की शादी करीब सात साल पहले रामनगर की लडकी से हुई थी, जिसके तीन बच्चे हैं। वजीर पांच बहनों में अकेला भाई था। वजीर की पत्नी करीब दो साल से अपने मायके गई हुई थी और वह भी वहीं पर रह रहा था। रविवार की रात को ही वजीर की मौत हो गई।

मृतक के परिजन संजीव ने आरोप लगाते हुए कहा कि ससुराल वालों ने वजीर की मौत के बारे में न तो उन्हें कोई जानकारी दी और न ही अभी भी कुछ बता रहे हैं। आरोपियों ने इंद्री में अपने किसी रिश्तेदार को वजीर की मौत के विषय में बताया और इंद्री वालों ने मेरे चाचा को वजीर की मौत के बारे में बताया। फोन पर हुई बातचीत में इतना ही बताया गया कि वजीर छत से गिर गया है और मौत हो गई है। वजीर के घर वालों को बोल दीजिए कि करनाल अस्पताल में पहुंचें। संजीव ने बताया कि जब वह अस्पताल पहुंचे तो उन्हें बताया गया कि वजीर चारपाई से गिरा है और मौत हो गई है। ये लोग गुमराह कर रहे हैं, क्योंकि चारपाई से गिरने पर मौत नहीं होती।

### दो चोर काबू, एक मोबाइल व सोने की कानों की बालियां बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल थाना** तरावड़ी की टीम द्वारा आरोपी कुलदीप संधू पुत्र दरबारा सिंह और सुनील पुत्र रमेश वासियान रमाना रमानी को बस स्टैंड रमाना रमानी से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों की निशानदेही पर उनके कब्जे से एक मोबाइल मार्का ओप्पो और कान की बालियां बरामद की गई। पुलिस जांच में पाया गया कि दोनों आरोपियों ने शिकायकर्ता गुरजीत कौर वासी रमाना रमानी के घर में घुसकर 3 दिसंबर की रात को एक मोबाइल, सोने की बालियां और दो हजार रुपए चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में अज्ञात आरोपी के खिलाफ थाना तरावड़ी में आईपीसी की धारा 380, 457 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

## 'सशक्त एवं विकसित राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की भूमिका सर्वोपरि'

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। युवाओं** को उनकी देश के प्रति जिम्मेदारी के लिए जागरूक करने हेतु सशक्त युवा समृद्ध राष्ट्र कार्यक्रम में अपने सम्बोधन के दौरान क्रिकेटर सुमित नरवाल ने कहा कि एक सशक्त एवं विकसित राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की भूमिका सर्वोपरि होती है। युवा अपनी सोच एवं ऊर्जा से स्वयं का सम्पूर्ण निर्माण कर अपने परिवार, समाज एवं राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को स्वयं का निर्माण करने के साथ ही भारत को समझना, भारत को मानना, भारत का बनना और भारत को



बनाने के मंत्र के साथ कार्य करना होगा, तभी हम भारत को एक सशक्त एवं विकसित राष्ट्र के रूप मे निर्माण कर सकेंगे। उन्होंने युवाओं को नशे जैसी कुरीतियों से दूर रहकर देश के निर्माण में योगदान देने के साथ-साथ देश के अंदर पर्यावरण एवं जल जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि आज देश में राष्ट्र विरोधी तत्व एवं विदेशी शक्तियां देश को आतंकवाद, जातिवाद एवं क्षेत्रवाद से तोड?ा चाहती हैं। आतंकवाद, जातिवाद एवं क्षेत्रवाद जैसे गम्भीर मुद्दे आप युवाओं के लिये सबसे बड़ी चुनौती है। आप जैसे युवाओं को इन चुनौतियों को स्वीकार कर इन्हें समाजवाद से जोड़ कर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान करना होगा।

# ट्रक चालक द्वारा कुचले जाने से तीन युवकों की हुई मौत

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। जिले** के बांसा गांव में असंध रोड पर बाइक सवार तीन युवकों को एक तेज रफ्तार ट्रक चालक ने रौंद दिया। तीनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। गांव के दो युवक खूनी संघर्ष में घायल युवक को बाइक पर अस्पताल ले जा रहे थे। हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो गया। तीनों की मौत से गांव में मातम पसर गया।

घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों के शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया। आज पुलिस ने तीनों का पोस्टमार्टम करवाकर शवों को परिजनों के हवाले कर दिया। वहीं शिकायत के आधार पर आरोपी ट्रक चालक व अजय पर चाकूओं से वार करने वाले आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक 20 वर्षीय अजय निवासी गांव बांसा के पिता महेंद्र ने बताया कि रविवार शाम को अजय व उसका चचेरा भाई वीरेंद्र पुत्र वीरभान पार्क में खेलने के लिए गए हुए थे। इसी दौरान अजय की गांव के कुछ युवकों के साथ कहासुनी हो गई। इसके बाद देर रात करीब 9 बजे आरोपियों ने अजय को चाकू मार दिए और मौके से फरार हो गए। पिता का कहना है कि आरोपियों के परिवार के साथ उनकी पुरानी रंजिश थी।

अजय के पिता ने बताया कि उसके बेटे अजय के पेट में चाकू लगने से उसकी हालत गंभीर हो चुकी थी। अजय का चचेरा भाई वीरेंद्र और दूसरा युवक सुमित अपनी बाइक पर घायल अजय को जुंडला के सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए ले जा रहे थे। जैसे ही वे असंध रोड पर चढ़े तो एक पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने तीनों को कुचल दिया और तीनों की मौत हो गई। तीनों की उम्र 19 से 23 वर्ष है। पिता ने बताया कि सुमित और वीरेंद्र की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी और दोनों ही गुरुग्राम में जॉब करते थे। इस दौरान मृतक वीरेंद्र का भाई व दीपक उनकी बाइक के पीछे ही आ रहे थे। उसी ने हादसे के बाद सूचना परिजनों को दी थी। इस दौरान दीपक ने वहां से निकलने वाले वाहन चालकों से सडक पर तड़पते घायलों को अस्पताल ले जाने के लिए भी मदद मांगी, लेकिन किसी ने भी अपनी गाड़ी नहीं रोकी।

आसपास के डेरों से कुछ सरदार मौके पर पहुंचे और उन्होंने पुलिस व एंबुलेंस को कॉल किया। इसके बाद एंबुलेंस मौके पर पहुंची और तीनों को लेकर गई, लेकिन अस्पताल में तीनों को मृत घोषित कर दिया। गांव के सरपंच ने बताया कि हादसे में तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई है। एक 23 साल का है तो दो 20-20 साल के हैं। इससे दुखद हादसा कोई और नहीं हो सकता। परिवार की वेदना का अंदाजा भी लगाना मुश्किल है। जवान युवकों की मौत से पूरे परिवार में मातम पसरा हुआ है। जुंडला पुलिस चौकी इंचार्ज अंकित कुमार ने बताया कि अजय पर हमला करने वाले आरोपी युवक अभी फरार चल रहे हैं। आरोपी भी उसी गांव के ही हैं। वहीं ट्रक चालक हादसे के बाद ट्रक को छोडकर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया।

### यमुना बाढ़ रोकथाम का विषय विधायक कल्याण ने विधानसभा में उठाया

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। घरौंडा विधायक** हरविंदर कल्याण ने इस वर्ष पहाड़ों पर हुई अधिक वर्षा के कारण यमुना नदी में आई बाढ़ का विषय आज विधानसभा में उठाया। विधायक ने सरकार से प्रश्न किया था कि भविष्य में इस प्रकार की बाढ़ की स्थिति की रोकथाम के लिए सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है, जिसके जवाब में मुख्यमंत्री मनोहर लाल की ओर से कृषि मंत्री जेपी दलाल ने सदन को बताया कि भविष्य में यमुना नदी में बाढ़ की रोकथाम के लिए करनाल जिले के लिए यमुना के नौ अलग अलग प्वाइंट के लिए 34.77 करोड़ रुपये की राशि मंजूर कर दी गई है। सरकार की ओर से दिए गए जवाब में बताया गया कि हरियाणा बाढ़ नियंत्रण बोर्ड द्वारा मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में जो राशि करनाल जिले के यमुना नदी के विभिन्न प्वाइंटों के लिए मंजूर की गई है, उसके तहत लालुपुरा के लिए 12 करोड़, सदरपुर के लिए 1.30 करोड़, ढाकवाला के लिए 4.50 करोड़, कुंडाकलां के लिए 4.50 करोड़, खिराजपुर के लिए 4 करोड़, जडौली के लिए 1.25 करोड़, नबियाबाद के लिए 3 करोड़, कलसौरा के लिए 4 करोड़ तथा धनौरा के लिए 22 लाख रुपये की राशि मंजूर की गई है। विधायक कल्याण ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त करते हुए यमुना बाँध के ऊपर के रास्तों को भी पक्का करवाने की माँग की। विधायक ने विधानसभा में कहा कि बरसात के दिनों में अगर यमुना नदी के किसी प्वाइंट पर खतरे की स्थिति उत्पन्न हो जाती है तो बाढ़ से बचाव के लिए तथा स्टड़ आदि की मुरम्मत के लिए जब ट्रकों व बड़े डम्परों के माध्यम से पत्थर व अन्य मैटेरियल उस साइट पर पहुँचाया जाता है तो बरसात के दौरान कच्चे रास्तों से वाहनों का वहाँ पहुँचना बहुत ही मुश्किल हो जाता है।

### सीमा बनी जेसीआई करनाल सिटी की महिला विंग की चेयरपर्सन

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल जेसीआई करनाल** सिटी की महिला विंग की ओर से आज वर्ष 2024 के लिए चेयरपर्सन को चुने जाने के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को चेयरपर्सन सिमरनप्रीत कौर सग्गू एवं संस्था की सचिव ममता खन्ना ने संबोधित किया।

सिमरनप्रीत ने वर्ष 2023 की वार्षिक रिपोर्ट में बताया कि इस वर्ष संस्था ने अप्रैल माह में जेसीआई वीक आदि बहुत से सामाजिक कार्य किए। वित्त सचिव चारू गुप्ता ने वित्त वर्ष की जानकारी दी। आज पूर्व चेयरपर्सन आरती गर्ग, पल्लवी बांगिया, संगीता गुप्ता ने सर्वसम्मति से सीमा सुखीजा को वर्ष 2024 के लिए चेयरपर्सन नियुक्त किया। सभी सदस्यों ने सीमा को चेयरपर्सन बनने पर बधाई दी।

नवनियुक्त चेयरपर्सन सीमा सुखीजा ने अपने सभी सदस्यों एवं पूर्व चेयरपर्सन का धन्यवाद व्यक्त किया।

## बाइक सवार ने बुजुर्ग पर किया रॉड से हमला

### घर में कर रहा था ताक-झांक, पूछने पर सिर पर किए कई वार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। सेक्टर-5** में एक बाइक सवार संदिग्ध व्यक्ति को बुजुर्ग द्वारा टोकना भारी पड़ गया। युवक ने अपने कपड़ों में छिपाई रॉड से 75 वर्षीय बुजुर्ग के सिर पर वार किया, जिससे बुजुर्ग गंभीर रूप से चोटिल हो गया। बुजुर्ग ने शोर मचाया तो आस-पड़ोस के लोग मौके पर एकत्रित हो गए और परिजनों ने बुजुर्ग को कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। आरोप है कि युवक को इस क्षेत्र में पहले कभी नहीं देखा गया है। हमले के बाद युवक मौके से फरार हो गया। मामले की शिकायत पुलिस को की गई है।

बुजुर्ग के बेटे अमित ने बताया कि उनके पिता सत्यनारायण शाम को सेक्टर-5 में अपने घर के बाहर इस्त्री वाले ठेले पर बैठे हुए थे। इसी दौरान एक अपरिचित युवक बाइक पर आया और उनके घर के बाहर खड़ा हो गया व इधर उधर ताक-झांक करने लगा। उसके पिता ठेले से उठकर घर के बाहर खड़े युवक के पास आए और जानने का प्रयास किया कि आप कौन हो और किसे ढूंढ रहे हो। युवक ने कोई जवाब नहीं दिया।

बुजुर्ग वापस इस्त्री वाले के पास जाकर बैठ गया। बाइक चालक उसके पीछे पीछे ठेले पर ही पहुंच गया और उसने बुजुर्ग के सिर में रॉड से हमला कर दिया। बुजुर्ग ने बताया कि युवक ने अपनी हुड्डी यानी टोपे वाली जर्सी में पीछे रॉड छिपाई हुई थी। हमले के बाद युवक अपनी बाइक लेकर फरार हो गया, लेकिन बुजुर्ग ने आरोपी की बाइक का नंबर नोट कर लिया। अमित ने बताया कि हमले के बाद वह अपने पिता को करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में उपचार के लिए लेकर गए।

## 'सरकारों ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उठाए ठोस कदम'

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। विकसित** भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा कार्यक्रम देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत को 2047 तक ष्आत्मनिर्भर और विकसित भारत अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वह दूरदर्शी विजन है, जिसके साकार होने से भारत वैश्विक स्तर पर एक मजबूत और प्रभावशाली राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान कायम करेगा।

गांव जलमाना में भाजपा जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा तथा गांव पुंडरक में मुख्यमंत्री के निजी सचिव अभिमन्यु व प्रतिनिधी संजय बठला ने विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को एक साथ



मिलकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई। नागरिकों ने शपथ ली कि भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे।

**हर योजना का हर पात्र व्यक्ति को मिले लाभः** जिला अध्यक्ष योगेन्द्र राणा ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति को मिले। मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सोच है कि आम आदमी सुचारू रूप से जिंदगी जिए और सरकार की जनकल्याणिकारी नीतियों एवं योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति को मिले। उन्होंने कहा कि सरकार ने समाज के ऐसे वंचितों को प्राथमिकता दी है जो दशकों से मूलभूत सुविधाओं से वंचित थे और उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं था। गरीब परिवारों का चूल्हा धुंआ रहित हो, इसके लिए सरकार ने प्रधानमंत्री उज्वला योजना के तहत गरीब परिवार की महिलाओं को मुफ्त में रसोई गैस कनेक्शन दिए है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान बतौर मुख्य अतिथि गांव पुंडरक की मूलभूत सुविधाओं से भी अधिकारियों को अवगत करवाया। इस उपरांत निजी सचिव अभिमन्यु ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे आमजन की समस्याओं को पूरी प्रथमिकता से दूर करे। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी देश के ऐसे पहले प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने नागरिकों की समस्याओं को उनके घर पर ही सुनकर उसे दूर करने का काम किया है। इस मौके पर मुख्यमंत्री के प्रतिनिधी संजय बठला ने भी उपस्थित ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी विस्तार से दी।

इस अवसर पर बीडीपीओ आस्था गर्ग, जिला महामंत्री सुनील गोयल, प्रदीप लाठर जिला उपाध्यक्ष भाजपा, नरेश सरपंच पुंडरक, कुलदीप शर्मा रामनगर मंडल प्रभारी, सुरेश फौजी पंचायत समिति सदस्य ब्लॉक करनाल आदि मौजूद रहे।

## एक पहल: आओ अपने क्लस्टर को मॉडल बनाएं



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। जिला** में एफएलएन कार्यक्रम को सुचारू रूप से चलाने और गुणवत्ता बनाए रखने के लिए एक पहल की गई। जहां क्लस्टर स्तर पर मेंटर साथी, शिक्षक और सीआरसी को उनके अच्छे प्रयासों के लिए जिला स्तर पर सम्मानित किया गया। करनाल जिले में यह एक पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर 3 माह के लिए क्रियान्वयन किया गया और आज आखिरी चरण के सम्मान पुरस्कार वितरण कर इस पहल का समापन किया गया। पहले चरण से अब तक के चरण में चुने गए मॉडल क्लस्टर के रूप मे असंध ब्लॉक से जलमाना, पाढा और बाहरी, निसिंग ब्लॉक से बस्तली, गोंदर और जुंडला, करनाल ब्लॉक से मंगलपुर और कुंजपुरा, नीलोखेड़ी ब्लॉक से नीलोखेड़ी और अंजनथली और इंद्री ब्लॉक से उडाना, कलरी जागीर, घरौंडा ब्लॉक से घरौंडा, देवीपुर, चैरा को सम्मानित किये गये। इस पहल की सफल क्रियान्वयन में जिला समन्वयक विपिन कुमार, मारग्रेट, इमरान और ब्लॉक स्तर के सभी एफएलएन समन्वयकों ने अहम भूमिका अदा की।

## संपादकीय

# मुफ्त खाद्यान का आर्थिक असमानता कनेक्शन

**केंद्र** सरकार 1 जनवरी, 2024 से पांच वर्ष की अवधि के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत लगभग 81.35 करोड़ लाभार्थियों को निरूशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराएगी। प्रधानमंत्री की घोषणा के अनुसार1 जनवरी, 2024 से 5 वर्षों के लिए पीएमजीकेएवाई के तहत निःशुल्क खाद्यान्न चावल, गेहूं और मोटा अनाज,पोषक अनाज खाद्य सुरक्षा को सुदृढ़ बनाएगा और जनसंख्या के निर्धन और निर्बल वर्गों की किसी भी वित्तीय कठिनाई में कमी लाएगा। यह एक समान लोगो के तहत 5 लाख से अधिक उचित मूल्य की दुकानों के नेटवर्क के माध्यम से सभी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में निरूशुल्क खाद्यान्न वितरण में राष्ट्रव्यापी एकरूपता प्रदान करेगा।उदाहरण के लिए, एक अंत्योदय परिवार के लिए 35 किलो चावल की आर्थिक लागत 1371 रुपए है, जबकि 35 किलो गेहूं की कीमत 946 रूपए है, जो पीएमजीकेएवाई के तहत भारत सरकार द्वारा वहन की जाती है और परिवारों को खाद्यान्न पूरी तरह से निःशुल्क प्रदान किया जाता है। इस प्रकार, निरूशुल्क खाद्यान्न के कारण राशन कार्ड धारकों को होने वाली मासिक बचत महत्वपूर्ण है।इसके अलावा भी गरीबों के उत्थान के लिए भारत सरकार द्वारा एक दो नही बल्कि दर्जन भर अति महत्वकॉक्षी योजनाए जैसे पीएम विश्वकर्मा योजना,प्रधानमंत्री आवास योजना,जनधन योजना,प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजन,प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना,उज्ज्वला योजना,आयुष्मान भारत योजना,प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना,प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना,अटल पेंशन योजना चलाई जा रही है। इसके बावजूद अगर सरकार को अगले पॉच वर्ष तक देश की आधी आबादी के लिए मुफ्त भोजन की व्यवस्था करनी पड़ रही है, इस पर बहुत गहनता से मंथन करना होगा। देश में तेजी से बढ़ती आर्थिक असमानता, बेरोजगारी, मंहगाई, स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी जैसे तमाम खामिया सामने आ रही है जिसका तालुक कही न कही इस तरह की मुफ्त योजनाओं से है। यहॉ सबसे विचारणीय प्रश्न यह कि सरकार लगातार इस बॉत का दावा कर रही है कि हम इस अवधि में विश्व की तीसरी आर्थिक शक्ति बनने जा रहे है। निश्चित तौर पर यह सब सरकार और सरकार के लिए काम कर रहे विशेषज्ञों, वरिष्ठ आईएएस अफसरों, वित्त विशेषज्ञों की मेहनत और सोच का परिणाम है। अगर इसी तरह सरकार विशेषज्ञ अगले पॉच वर्षो में देश की अस्सी करोड़ आबादी को मुफत राशन की जगह बीस हजार रुपए मासिक का व्यवसाय, रोजगार, मजदूरी उपलब्ध कराने की व्यवस्था करा दे तो शायद इसका कुछ अलग ही नजारा देखने को मिलेगा। अब ऐसे में भारत की बढ़ती अर्थ व्यवस्था को देखा जाए तो कुछ अलग ही नजर आता हैं एक तरफ जहॉ बढ़ती आबादी से अपनी अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए चीन ने अपने मजदूरों के बूते विश्व में सस्ते माल की आपूर्ति कर एक वैश्विक आर्थिक सम्राज्य खड़ा किया। वियतनाम, थाइलैंड, बांग्लादेश ने उससे यह कला सीखी और भारत ने भी उत्पादन बढ़ाया. लेकिन फ्री राशन वितरण ने इस उत्पादन पर विराम लगा दिया. विश्व बाजार में आज भारतीय मजदूरों की कारीगरी नहीं दिखती।इसके विपरीत चीन, थाइलैंड, वियतनाम, इंडोनेशिया, मलयेशिया और बांग्लादेश के मजदूरों का बनाया माल वहां छाया रहता है।

# भारतीय राजनीति में पीढ़ी परिवर्तन - साइड में सीनियर एक्शन में जूनियर

गोंदिया

"जिसका प्रभाव अभी भारतीय राजनीति में भी देखने को मिल रहा है। हालांकि इसकी शुरूआत पहले ही हो गई थी परंतु अभी 3 दिसंबर 2023 को आए विधानसभा चुनाव के नतीजे से वहां मुख्यमंत्रीयों के नए चेहरों को दिया गया है, इससे एकाएक सामान्य कार्यकर्ता, पीढ़ी परिवर्तन और नई लीडरशिप की गूंज सुनाई दी है जिसे देखकर आम जनता हस्तप्रभ है, वही विपक्षी पार्टी भी इसी लाइन पर चलकर प्रदेशों में युवा चेहरों को नियुक्त कर रहे हैं, जिसका ताजा उदाहरण मध्य प्रदेश में बड़े अनुभवी चेहरे को किनारे कर युवा नेता को प्रदेश की बागडोर सौंप गई है। इस तरह पार्टियां अपनी लीडरशिप में नई पीढ़ी और सामान्य कार्यकर्ता को आगे कर आगामी 2024 के चुनाव के लिए एक्शन में आते दिख रहे हैं। चूंकि दो दिनों से सामान्य कार्यकर्ता, नई पीढ़ी तथा नई लीडरशिप की गूंज सुनाई दे"

**वैश्विक** स्तरपर दुनियां का सबसे बड़ा और गहरा लोकतंत्र भारत है, जहां दुनियां की सबसे अधिक जनसंख्या निवास करती है। इसका एक-एक राज्य पश्चिमी देशों के एक-एक देश के बराबर जनसंख्या वाला देश हो रहा है,जो रेखांकित करने वाली बात है। वहीं पिछले कुछ वर्षों की अवधि देखेतो प्रौद्योगिकी विज्ञान तकनीकी डिजिटाइजेशन सहित सभी क्षेत्रों में तीव्र विकास हुआ है। युवाओं का भारी तबका इसके पीछे मेहनत कर रहा है और उम्रदराज लोग मार्गदर्शन का काम कर रहे हैं,जिसका प्रभाव अभी भारतीय राजनीति में भी देखने को मिल रहा है। हालांकि इसकी शुरूआत पहले ही हो गई थी परंतु अभी 3 दिसंबर 2023 को आए विधानसभा चुनाव के नतीजे से वहां मुख्यमंत्रीयों के नए चेहरों को दिया गया है, इससे एकाएक सामान्य कार्यकर्ता, पीढ़ी परिवर्तन और नई लीडरशिप की गूंज सुनाई दी है जिसे देखकर आम जनता हस्तप्रभ है, वही विपक्षी पार्टी भी इसी लाइन पर चलकर प्रदेशों में युवा चेहरों को नियुक्त कर रहे हैं, जिसका ताजा उदाहरण मध्य प्रदेश में बड़े अनुभवी चेहरे को किनारे कर युवा नेता को प्रदेश की बागडोर सौंप गई है। इस तरह पार्टियां अपनी लीडरशिप में नई पीढ़ी और सामान्य कार्यकर्ता को आगे कर आगामी 2024 के चुनाव के लिए एक्शन में आते दिख रहे हैं। चूंकि दो दिनों से सामान्य कार्यकर्ता, नई पीढ़ी तथा नई लीडरशिप की गूंज सुनाई दे रही है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारतीय राजनीति में पीढ़ी परिवर्तन,साइड में सीनियर एक्शन में जूनियर, जिसका असर आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में देखने को मिलेगा। साथियों बात अगर हम वर्तमान परिपेक्ष में भारतीय राजनीति में नई लीडरशिप की करें तो, तीन राज्यों के विधानसभा चुनावों में मिली सफलता के बाद एक पार्टी ने सभी जगहों पर नए चेहरे को मौका दिया है। बताया जा रहा है कि इसके जरिए दूसरी पंक्ति के नेताओं को आगे लाने का सियासी प्रयोग किया है। इसके साथ पार्टी ने एक मजबूत प्रतीकात्मक आधार भी तैयार किया है और नई सोशल इंजीनियरिंग गढ़ कर नया संदेश देने की कोशिश कीहै।

साथियों बात अगर हम तीन राज्यों में नई लीडरशिप की करें तो, सियासी जानकारोंके अनुसार छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में मुख्यमंत्री और उप मुखमंत्री के



तौर पर जातिगत चेहरों को उतार कर पार्टी ने एक संदेश दिया। पार्टी ने इसके साथ ही तीनों राज्यों में नए नेतृत्व को लेकर भी नई पॉलिटिकल पिच तैयार कर सबको चौंका दिया। जानकार बताते हैं कि नागपुर और पार्टी आलाकमान ने इन फैसलों से के पीछे कई संदेश दिए हैं। पार्टी से बड़ा कोई नहीं है। मातृ संगठन अभी उतना ही ताकतवर है। वो जिसे और जैसे चाहे फर्शसेअर्श तक पहुंचा सकता है।

साथियों बात अगर हम वर्तमान राजनीति के व्याकरण को बदलने की कोशिश की करें तो, जिस तरह से राजनीतिक दल काम करते हैं या जो राजनीतिक दलों की परंपरा रही है उस राजनीति के व्याकरण को अब एक पार्टी और खास तौर पर ताकतवर पार्टी का चेहरा उसे बदलने की कोशिश कर रहे हैं। वो कहते हैं कि पार्टी नए प्रयोग कर रही है और उसके कई फैसले अप्रत्याशित भी हैं। उन्होंने हरियाणा का उदाहरण दिया और कहा कि उस साधारण व्यक्तित्व को भी इसी तरह से मुख्यमंत्री चुना गया जबकि उनसे वरिष्ठ और सक्रिय नेता संगठन में मौजूद थे।उसी तरह, वो कहते हैं, महाराष्ट्र में भी सामान्य को मुख्यमंत्री बनाकर पार्टी ने कद्दावर मराठा नेताओं को चौंका दिया था। फिर उसी को उपमुख्यमंत्री भी बना दिया गया। अन्य पार्टी का व्यक्ति भी भी उपमुख्यमंत्री हैं जबकि दूसरी पार्टी का व्यक्ति मुख्यमंत्री हैं। सिर्फ इतना ही नहीं, उत्तरखंड में तो विधानसभा के चुनाव हारने के बावजूद उनको मुख्यमंत्री बना दिया गया। ये सिर्फ पार्टी और सिर्फ पार्टी का चेहरा व्यक्तित्व ही इस तरह का रिस्क ले सकते हैं। पार्टी ने सिर्फ मुख्यमंत्री के चयन में नहीं बल्कि उपमुख्यमंत्री के चयन में भी अपनी ही पार्टी के नेताओं को चौंका दिया है।चाहे छत्तीसगढ़ में हों या मध्य प्रदेश में पार्टी ने इसके जरिये जातिगत समीकरणों में संतुलन बनाने का प्रयास भी किया है।उसी तरह राजस्थान में भी हुआ जहां जयपुर राजघराने और अन्य को उप मुख्यमंत्री बनाने की घोषणा की गई है। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में जिस दिन पार्टी के विधायक दल की बैठक बुलाई गई थी उस दिन प्रदेश कार्यालय में नव निर्वाचित विधायकों का फोटो सेशन भी हुआ। बड़े नेता सब सामने की पंक्ति में कुर्सियों पर बैठे हुए थे। इनमें सिटिंग मुख्यमंत्री और इस रेस में शामिल सभी बड़े नेता केंद्रीय पर्यवेक्षकों के साथ मुस्कुरा रहे थे।तीसरी पंक्ति में खड़े वर्तमान मुख्यमंत्री मुश्किल से ही पहचान में आ रहे थे। लेकिन कुछ ही मिनटों के अंतराल के बाद वे आगे की पंक्ति से सबसे प्रमुख नेता बन गए। ये पहली बार ही हुआ होगा कि छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर, भोपाल और जयपुर में पार्टी के मुख्यालयों पर मौजूद नेता मुख्यमंत्री के नामों की घोषणा के बाद सकते में आ गए हों।जो पत्रकार रायपुर और जयपुर में मौजूद थे उनका कहना है कि घोषणा के कुछ मिनटों तक तो कार्यकताओं और नेताओं को कुछ समझ में ही नहीं आया कि ये क्या हुआ। भोपाल में भी यही नजारा था जहां मुख्यमंत्री की कुर्सी की दौड़ में शामिल नेताओं के समर्थकों ने कार्यालय के बाहर डेरा डाला हुआ था। उनके पास अपने अपने नेताओं के पोस्टर भी थे।लेकिन जब घोषणा हुई तो सब हैरान रह गए। बाद में सीएम के समर्थकों ने नारे लगाने शुरू किए मगर उनके समर्थकों की तादाद कम थी। कम चर्चित चेहरों को शीर्ष पदों पर जिम्मेदारी सौंपने का सिलसिला जो पार्टी ने शुरू किया है वो विश्लेषकों की समझ से परे है, क्योंकि पार्टी के इस कदम की अलग अलग तरीके से व्याख्या की जा रही है। दिग्गजों को दरकिनार कर पार्टी ने उन नेताओं के हाथों में राज्यों की कमान सौंपी है जिनके नाम किसी फेहरिस्त में दूर-दूर तक नहीं रहे। जो मुख्यमंत्री की रेस में भी नहीं रहे। इसमें एक बड़ा संदेश यह है कि पार्टी का साधारण से साधारण कार्यकर्ता बड़े सपने देख सकता है, बशर्ते वह दिन-रात मेहनत करे। इसके लिए कुलीन वर्ग का होना जरूरी नहीं है। किसी खास परिवार की जरूरत नहीं है और न ही किसी खास डिग्री की। इन बातों के अलावा यह भी सच है की तीनों सामान्य और साधारण व्यक्तित्व को क्रमशः राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश को मुख्यमंत्री बनाए जाने के पीछे जाति समीकरण को भी साधने की कोशिश की गई है। यह बदलाव भविष्य के नेताओं को तैयार करने की नर्सरी के रूप में नागपुर, एबीवीपी का बढ़ता प्रभाव और सबसे ऊपर अपने सुनहरे दिनों में मां और बेटे की तरह राज्यों पर केंद्रीय कमान की पकड़ की पुष्टि करता है।

साथियों बात अगर हम एक प्रिंट मीडिया में माननीय पीएम की बात की करें तो उन्होंने इस कदम के बारे में पार्टी के संदेश पर बात की। पीएम से यह पूछा गया था कि पार्टी ने तीनों राज्यों में अपेक्षाकृत नए और अनजान चेहरे को मुख्यमंत्री बनाया है, इसका क्या संदेश है? इसके जवाब में पीएम ने कहा कि हमारे देश का एक दुर्भाग्य रहा है कि जो लोग अपनी वाणी से अपनी बुद्धि और अपने व्यक्तित्व से सामाजिक जीवन में प्रभाव पैदा करते हैं, उनमें से एक बहुत बड़ा वर्ग एक घिसी-पिटी, बंद मानसिकता में जकड़ा हुआ है। पीएम ने कहा कि यह केवल राजनीति के क्षेत्र तक ही सीमित नहीं है, जीवन के हर क्षेत्र में यह प्रवृत्ति हमें परेशान करती है, जैसे किसी भी सेक्टर में कोई नाम अगर बड़ा हो गया, किसी ने अपनी ब्रॉन्डिंग कर दी तो बाकी लोगों पर सबका ध्यान नहीं जाता है., चाहे वो लोग कितने ही प्रतिभाशाली क्यों न हों, कितना भी अच्छा काम क्यों न करते हों। ठीक वैसा ही राजनीतिक क्षेत्र में भी होता है। दुर्भाग्य से अनेक दशकों से कुछ ही परिवारों पर मीडिया का फोकस सबसे ज्यादा रहा है।

## कविता

परछाई में तेरी रंग मिलाता हूं,
तश्वीर में लहु का रंग मिलाता हूं ।।
जिंदगी से तिरी तो गुजर ही गया ,
पर सांसों में तुझे हर पल पाता हूं ।
तस्वीरों पर तेरी पड़ गई बहुत धुंध ,
एहसासों उसकी धूल हटाता हूं।।
अलविदा कहा तेरी परछाइयों ने भी ,
पराया होकर पराया नहीं रह पाता हूं।
तेरा एहसास बडा इंद्रधनुषी जानम,,
तेरे ख्यालो में ही जिया जाता हूँ।।
तेरे सांसों की खुशबू से इतर,
और खुशबू नहीं सह पाता हूं ।.
कितने गुलशनों में भटका तेरे लिए
हसीन तुझसा फूल नहीं चुन पाता हूं।
महकती आ जाओ कभी मेरी ख्यालों में,
पूरी रतिया आंखों में गुजार जाता हूं।
तेरी खुशबू से तरबतर हूँ अभी तक,
हसीन एहसास से ही शर्मा जाता हूं।।
बंदीशें से तुझ पर भी है बहुत, संजीव,
हवाओं में तेरे नाम गजल लिख जाता हूं।

संजीव ठाकुर

# नए कौशल सीखना वैकल्पिक नहीं, अनिवार्य है

**विजय गर्ग**

**कॅरिअर** ग्रोथ के लिए केवल एक निर्धारित कौशल एवं शैक्षणिक योग्यता के साथ दीर्घकालिक लक्ष्यों की पूर्ति मुश्किल है। नई तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस दौर में स्थिति निरंतर बदल रही है, जहां युवाओं के लिए कॅरिअर के बेहतर विकल्प मौजूद हैं। इस तेजी से बदलते परिवेश में युवाओं के लिए अवसरों की संभावनाएं जरूर बढ़ रही हैं, लेकिन इन क्षेत्रों में नौकरी करने के लिए केवल एक निश्चित कौशल एवं निर्धारित पात्रताएं ही काफी नहीं हैं। इन क्षेत्रों में खुद की अलग पहचान बनाने के लिए आपको उन कौशलों का मूल्यांकन करना होगा, जो उच्च पेशेवर नौकरियों के लिए आवश्यक हैं।

डिजिटल दुनिया में अद्वितीय मौके

आधुनिक युग में निरंतर नए कौशल की मांग बढ़ रही है, क्योंकि डिजिटल दुनिया में शानदार मौके विकसित हो रहे हैं नई प्रौद्योगिकियों, ऐप्लिकेशन्स और तरीकों का प्रयोग करने के लिए आपको नए कौशल का विकास करना आवश्यक है। एक तरफ यह आपके व्यक्तिगत विकास को प्रोत्साहित करता है, तो दूसरी तरफ आपके कॅरिअर को सुरक्षित और प्रगतिशील बनाने में भी मदद करता है।

प्रतिस्पर्धा की क्षमता का विकास

नए कौशल सीखने के पश्चात आप अपने काम को और बेहतर तरीके से कर सकते हैं और अधिक रोचक परियोजनाओं का सामना करने में सक्षम हो सकते हैं। इसके साथ ही आप अपने कॅरिअर निर्माण के लिए नित नए अवसरों की तलाश भी कर सकते हैं। नए कौशल सीखना सिर्फ आपके कॅरिअर को ही बेहतर नहीं बनाता, बल्कि व्यक्तिगत विकास एवं उन मूल्यों को जोड़ने में आपका सहयोग करता है, जो दीर्घकालिक लक्ष्यों की पूर्ति के लिए उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं।

नए क्षेत्र व विषय का चुनाव

आज सीखने का तंत्र और भी अधिक महत्वपूर्ण हो गया है, क्योंकि यह आपके कॅरिअर में स्थिरता लाने में मदद कर सकता है। यदि आप एक नौकरी की तलाश में हैं, तो नए कौशल सीखने से आपको अपने रिज्यूमे को आकर्षक बनाने में मदद मिल सकती है। इसका एक लाभ यह भी है कि आप नए विकल्प चुन सकते हैं, जिनमें आपकी निपुणता व रुझान हो। इससे आपका दिमाग स्थिरता के साथ सही दिशा में काम करता है और आपका मानसिक स्वास्थ्य भी बेहतर बनता है।

अपने अंदर का कौशल पहचानें

कोई भी नया कौशल सीखने के लिए आपको विशेषज्ञता की आवश्यकता नहीं होती है। आप अपने व्यक्तिगत रुचि और लक्ष्य के आधार पर स्वयं का मूल्यांकन कर सकते हैं और उन कौशलों का चयन कर सकते हैं, जो आपके लिए सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। आगे बढ़ने के लिए नए कौशल सीखना एक अद्वितीय और महत्वपूर्ण तरीका है, जिससे आप अपना भविष्य बेहतर बनाने के साथ ही समाज में एक अहम स्थान बना सकते हैं।

## विचार

# जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अर्थव्यवस्था के कामकाज के तरीके को बदल देगा

**विजय गर्ग**

**जनरेटिव एआई** अर्थव्यवस्था के कामकाज और कारोबार चलाने के तरीके को बदल देगा; यह कई क्षेत्रों के लिए गेम चेंजर साबित होगा अभूतपूर्व तकनीकी प्रगति से प्रेरित दुनिया में, एक अभूतपूर्व शक्ति उभरती है जो नवाचार के मूल ढांचे को नया आकार देने का वादा करती हैः जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस। बनाने, रचना करने और कल्पना करने की अपनी विस्मयकारी क्षमता के साथ, जेनरेटिव एआई वैज्ञानिक अन्वेषण में सबसे आगे बढ़ गया है और शोधकताओं, उद्यमियों और कलाकारों की कल्पनाओं पर कब्जा कर रहा है। यथार्थवादी छवियां उत्पन्न करने और संगीत को संश्लेषित करने से लेकर दवा की खोज में सहायता करने और ग्राहक अनुभवों में क्रांति लाने तक, इस अत्याधुनिक तकनीक में उद्योगों की एक विशाल श्रृंखला में क्रांति लाने, सीमाओं को पार करने और जो हमने असंभव सोचा था उसकी सीमाओं को पार करने की क्षमता है। जनरल एआई की क्षमता ऋ्रील्लअक मानव कल्पना और रचनात्मक अभिव्यक्ति की सीमाओं को आगे बढ़ाते हुए कला, डिजाइन, मनोरंजन और स्वास्थ्य सेवा सहित विभिन्न उद्योगों में रोमांचक संभावनाएं पैदा कर रहा है। अति वैयक्तिकरण जेनरेटिव एआई द्वारा संचालित हाइपर-वैयक्तिकरण, उपयोगकताओं को उनकी अद्वितीय प्राथमिकताओं, व्यवहार और विशेषताओं के आधार पर अत्यधिक अनुरूप और व्यक्तिगत अनुभव प्रदान करने की क्षमता को संदर्भित करता है। जेनरेटिव एआई एल्गोरिदम का लाभ उठाकर, व्यवसाय वैयक्तिकृत सामग्री, सिफारिशें और उत्पाद पेशकश उत्पन्न कर सकते हैं जो प्रत्येक उपयोगकर्ता के साथ गहरे स्तर पर मेल खाती हैं। कोडिंग और ऐप निर्माण कोड और ऐप बिल्डर्स सॉफ़्टवेयर को अधिक कुशलता से बनाने, मैन्युअल कोडिंग की आवश्यकता को कम करने और एप्लिकेशन विकास प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने में डेवलपर्स की सहायता के लिए जेनरेटिव एआई तकनीकों का लाभ उठाते हैं। इस प्रवृत्ति से महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित होने वाला एक उद्योग सॉफ्टवेयर विकास है। ये उपकरण डेवलपर्स द्वारा प्रदान किए गए उच्च-स्तरीय विनिदेशों के आधार पर स्वचालित रूप से कोड स्निपेट, टेम्पलेट या यहां तक ??कि पूर्ण एप्लिकेशन उत्पन्न कर सकते हैं। यह सॉफ्टवेयर विकास को भी लोकतांत्रिक बनाता है, जिससे यह सीमित कोडिंग अनुभव वाले व्यक्तियों के लिए अधिक सुलभ हो जाता है। उन्नत यथार्थवाद और निष्ठा जेनेरिक एआई द्वारा संचालित उन्नत यथार्थवाद और निष्ठा विभिन्न डोमेन में अत्यधिक यथार्थवादी और विस्तृत आउटपुट बनाने के लिए जेनेरिक कृत्रिम बुद्धिमत्ता मॉडल का उपयोग करने को संदर्भित करती है। ऋ्रील्लअक एल्गोरिदम उच्च-गुणवत्ता वाली छवियां, वीडियो, ऑडियो और टेक्स्ट उत्पन्न कर सकता है जो वास्तविक दुनिया के डेटा से काफी मिलते-जुलते हैं। इस प्रवृत्ति ने कई उद्योगों और डोमेन को गहराई से प्रभावित किया, जिससे हम डिजिटल सामग्री बनाने, डिजाइन करने और उसके साथ बातचीत करने के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव लाए। मनोरंजन उद्योग में, यह अधिक मनोरम फिल्में, गेम और वीआर/एआर अनुभव बनाने में सक्षम बनाता है। यह विसर्जन को बढ़ाता है, जिसके परिणामस्वरूप अधिक आकर्षक कहानी कहने और उपयोगकर्ता अनुभव में सुधार होता है।

इंटरएक्टिव और सह-रचनात्मक सिस्टम इंटरएक्टिव और सह-रचनात्मक सिस्टम उपयोगकताओं को जेनरेटिव प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने और सहयोग करने की अनुमति देते हैं। ये सिस्टम मनुष्यों और एआई के बीच वास्तविक समय की बातचीत को सक्षम करते हैं, एक सह-रचनात्मक संबंध को बढ़ावा देते हैं जहां दोनों संस्थाएं सामग्री, विचार या डिजाइन तैयार करने में योगदान करती हैं। इंटरैक्टिव और सह-रचनात्मक प्रणालियों से सबसे अधिक प्रभावित एक उद्योग डिजाइन और रचनात्मकता का क्षेत्र है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# स्टेटस

सर कॉलेज में पढ़ाई करो न करो स्टेटस मेंटेन करना पड़ता है। जिंदगी जब एक बार मिली है तब उसे किश्तों में जीने का क्या मतलब? इक्कीस वर्षीय लड़की जिसके बाल बिखरे हुए थे। मॉडर्न होने के नाम पर टॉर्न जिंस और एक हल्की सी टीशर्ट जिस पर लिखा था- ह्यआई डोंट केयर व्हाट डू यू थिंकह्न पहनी हुई थी। पुलिस वाले ने फिर से सवाल दोहराया - ह्यतुम तो पढ़ी लिखी हो। सामने वाले ने जब किडनी के बदले सात करोड़ देने की बात कही तो तुम्हें दाल में कुछ काला नहीं लगा? ह्यअब क्या बताऊं सर। डैड मेरी सेविंग के लिए जब तब रुपए जमा कर रहे थे। काश वह कभी कॉलेज जाते तो पता चलता कि कॉलेज में कितने खर्चे होते हैं। फिल्म, शॉपिंग, किटी पार्टी, सैर सपाटा और न जाने क्या-क्या उफ्फ....। मैंने अकाउंट से अस्सी हजार खर्च कर दिए थे। एक दिन पिताजी ने हिसाब पूछ लिया। मैं घबरा गई। इतना बड़ा अमाउंट लाऊं तो लाऊं कहां से। मुझे पैसों की सख्त जरूरत थी। तभी मुझे समाचार पत्र में किडनी वाला विज्ञापन दिखा। मुझे नहीं पता किडनी की क्या कीमत होती है। जब सामने वाले ने सात करोड़ का ऑफर दिया तो समझी कि होंगे सात करोड़। ह्यक्या तुम्हें एक बार के लिए भी नहीं लगा कि इतना बड़ा कदम उठाने से पहले एक बार अकाउंट चेक कर लेना चाहिए? सवाल तुम्हारी किडनी के साथ-साथ तुम्हारी जिंदगी का भी तो था। ह्यऐसा नहीं है सर। वे बड़े पढ़े-लिखे लोग थे। सूट-बूट पहने हुए। चेहरे से उनकी ईमानदारी साफ झलक रही थी। ऑपरेशन थिएटर में जाने से पहले उन्होंने मुझे साढ़े तीन करोड़ रुपए अकाउंट में जमा होने की बात भी कही। मुझे लगा कि वह सच बोल रहे हैं। इतना तो यकीन करना ही चाहिए। मुझे क्या पता था कि वह मुझसे झूठ बोल रहे थे। ह्यमैंने जब किडनी के बदले तय राशि की मांग की तो उन्होंने कहा कि राशि बड़ी है इसलिए सबसे पहले तुम्हें टैक्स के रूप में सोलह लाख रुपए देने होंगे। मुझे लगा कि उनकी बात तो सही है। जब राशि बड़ी है तो टैक्स लगेगा ही। सो मैंने उन्हें जैसे-तैसे जुटाकर सोलह लाख रुपए दे दिए। इतना होने पर भी राशि न मिलने पर मैंने उन्हें दोबारा फोन लगाय। इस बार उन्होंने कहा कि आपका अमाउंट दिल्ली में तैयार है आप तुरंत आकर ले जाएं।

# आमजन के सपनों को साकार करता मोदी का सुशासन

**-डॉ. सौरभ मालवीय**

**प्रधानमंत्री** के रूप में श्री नरेंद्र मोदी के शासनकाल के दस वर्ष पूर्ण होने वाले हैं। उन्होंने 26 मई, 2014 को प्रथम बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के पश्चात घोषणा की थी कि उनकी सरकार जनहित के लिए तथा अन्तयोदय के लिए कार्य करेगी। उन्होंने अपनी घोषणा में जो शब्द कहे, उस पर वह शत-प्रतिशत खरे सिद्ध हुए। उनके अब तक के संपूर्ण कार्यकाल पर दृष्टि डालें तो यह सेवा एवं सुशासन पर ही केन्द्रित रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कहना है कि सुशासन राष्ट्र की प्रगति के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। हमारा मंत्र, उद्देश्य व सिद्धांत नागरिकों को प्राथमिकता देने का है। मेरा सपना सरकार को लोगों के समीप लाने का है, ताकि वे प्रशासनिक प्रक्रिया के सक्रिय भागीदार बन सकें। सरकारी कामकाज की प्रक्रिया को आसान कर आसानी से सुशासन सुनिश्चित किया जा सकता है। उनका कहना है कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और यहां के नागरिक शासन का हिस्सा बनने के लिए अत्यधिक उत्साहित हैं। एक लोकतांत्रिक व्यवस्था में, निर्णय लेने की प्रक्रिया में नागरिकों की भागीदारी होना बहुत महत्वपूर्ण घटक है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के शासन में किए गए विभिन्न पहलों और सुधारों के बारे में लिखते रहते हैं। उनके शब्दों में- ह्ल130 करोड़ भारतीयों ने फैसला किया है कि वे भारत को आत्मानिर्भर बनाएंगे। आत्मनिर्भरता पर हमारा जोर, वैश्विक समृद्धि में योगदान करने की दृष्टि से प्रेरित है। हमारी सरकार एक ऐसी सरकार है, जो प्रत्येक भारतीय का ध्यान रखती है और उसके लिए चिंतित रहती है। हम लोक-केंद्रित और मानवीय दृष्टिकोण से प्रेरित हैं। ह्यसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयासह्न के मंत्र से प्रेरित होकर हमारी सरकार ने लोक-समर्थक शासन को बढ़ावा देने के लिए कई प्रयास किए हैं, जो गरीबों, युवाओं, किसानों, महिलाओं और वंचित समुदाय की मदद करते हैं। वास्तव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अन्तयोदय के मूल तत्वों के साथ आगे बढ़ रहे हैं। इस समयावधि में उन्होंने विश्वभर के अनेक देशों में यात्राएं करके उनसे संबंध प्रगाढ़ बनाने का प्रयास किया है।

## न्यूज फ्लैश

### दो बाइक चोर व चोरी की बाइक खरीदने वाला आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**सीआईए वन** पुलिस टीम ने चोरी की बाइक सहित एक आरोपी को गिरफ्तार कर निशानदेही पर दो बाइक चोरों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान मनी व रोहताश निवासी एकता विहार कॉलोनी व सुरेश निवासी मुडेरवा गोंडा यूपी हाल एकता विहार कॉलोनी के रूप में हुई। पूछताछ में तीनों आरोपियों से मोबाइल स्नैचिंग की दो अन्य वारदातों का खुलासा हुआ। सीआईए वन प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि उनकी टीम ने रविवार देर शाम गश्त व जांच पड़ताल के दौरान मिली गुप्त सूचना पर दबिश देकर छोटू राम चौक पर चोरी की स्पलेंडर बाइक सहित आरोपी मनी निवासी एकता विहार कॉलोनी को गिरफतार कर पूछताछ की तो आरोपी ने उक्त बाइक सुरेश पुत्र सीताराम निवासी मुडेरवा गोंडा यूपी हाल एकता विहार कॉलोनी व रोहताश पुत्र विधाराम निवासी एकता विहार कॉलोनी से 2 हजार रूपए में खरीदने बारे स्वीकारा था। पुलिस ने आरोपी मनी की निशानदेही पर आरोपी रोहताश व सुरेश को बबैल नाक से गिरफ्तार कर पूछताछ की। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने उक्त बाइक बीते मार्च महीने में गांव राजाखेड़ी से चोरी कर आरोपी मनी को बेचने बारे स्वीकारा। दोनों आरोपियों ने उक्त बाइक बेचकर हासिल किये 2 हजार रुपए खाने पीने में खर्च कर दिए। बाइक चोरी की वारदात बारे थाना चांदनी बाग में जसबीर पुत्र रामकुमार निवासी राजाखेड़ी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज है। इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि पुलिस टीम ने आरोपियों से गहनता से पूछताछ की तो तीनों आरोपियों ने मिलकर शहर में अलग अलग स्थान से मोबाइल स्नैचिंग की दो अन्य वारदातों को अंजाम देने बारे स्वीकारा। वारदातों बारे एक अभियोग थाना चांदनी बाग व एक अभियोग थाना किला में दर्ज है। पूछताछ में तीनों आरोपियों ने पुलिस को बताया वह नशा करने के आदी हैं। नशे की लत पूरी करने के लिए पैसो की जरूरत पड़ी तो तीनों आरोपियों ने मिलकर मोबाइल स्नैचिंग की उक्त वारदातों को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की एक बाइक बरामद कर सोमवार को तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जहा से उन्हें न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया।

### थाना शहर पुलिस ने धोखाधड़ी करने वाले मामले में गिरोह के दो आरोपियों को जांच कर गिरफ्तार किया

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**थाना शहर** प्रभारी इंस्पेक्टर जाकिर हुसैन ने बताया कि औद्योगिक सुरक्षा एंव स्वास्थय सर्कल पानीपत एक व दो के सहायक निदेशक द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पत्राचार के माध्यम से शिकायत देकर बताया था कि हरियाणा भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा कल्याणकारी योजनाओं के तहत भवन निर्माण श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के तहत सहायता राशि सीधी खाते में उपलब्ध करवाई जाती है। जिसका आवेदन विभाग की वेबसाइट पर किया जाता है। पिछले कुछ समय से आवेदनों में फर्जी दस्तावेज पाए जा रहे है। मुलतान कॉलोनी निवासी जयचंद ने अपनी बेटी के विवाह उपरांत कन्यादान योजना के तहत आवेदन किया था। विभाग द्वारा विवाह पत्र का क्यू आर कोड स्कैन किया और ई दिशा पोर्टल पर जांच की तो विवाह प्रमाण पत्र फर्जी पाया गया। जयचंद ने विभाग से अनुचित तरीके से लाभ प्राप्त करने के लिए फर्जी प्रमाण पत्र तैयार कर दिया है। विभाग द्वारा जयचंद के आवेदन को निरस्त करने के साथ ही खाता बंद कर दिया गया है। उनकी जांच रिपोर्ट में सरोज पत्नी धीरा निवासी नुरपुर गढ़ी, एजेंट जगीता उर्फ देवी पत्नी हरिओम निवासी न्यू सिद्धार्थ नगर व अमित पुत्र सुरेश निवासी मुखिजा कॉलोनी भी दोषी पाए गए है। शिकायत पर नामजद आरोपियों के खिलाफ थाना शहर में धारा 420,467,468,471,120बी आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी थी। इंस्पेक्टर जाकिर हुसैन ने बताया कि थाना शहर पुलिस ने मामले की जांच करते हुए रविवार को नामजद आरोपी अमित व महिला आरोपी सरोज को शामिल जांच कर गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी मामले में माननीय उच्च न्यायालय से अग्रिम जमानत पर है। पुलिस ने पूछताछ करने के साथ ही आरोपी अमित के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त एक लेपटॉप व मोबाइल फोन व महिला आरोपी सरोज से एक मोबाइल फोन बरामद कर कब्जा पुलिस में लिया। इसी प्रकार मामले में नामजद महिला आरोपी जगीता को बीते दिनों शामिल जांच कर गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी जगीता भी मामले में माननीय उच्च न्यायालय से अग्रिम जमानत पर थी।

### धोखाधडी व अवैध शराब की घटना में संलिप्त एक और आरोपी किया गिरफ्तार, न्यायालय में पेशकर भेजा जेल

**सोनीपत। टीम एक्शन इंडिया**
जिले के थाना खरखौदा की पुलिस ने धोखाधडी व अवैध शराब की घटना मे संलिप्त एक और आरोपी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी हनुमान पुत्र भारतसिँह वासी रिवासी जिला महेन्द्रगढ का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि गत 14 दिसम्बर को पी ओ स्टाफ में नियुक्त सहायक उप निरीक्षक राजीव ने अपनी पुलिस टीम के साथ अपराधियों एंव असामाजिक तत्वों की खोज में ख?खौदा बाईपास मटिन्डु चौक से रोहित पुत्र राकेश वासी हसनगढ जिला रोहतक व आशिन पुत्र नत्थीराम वासी रोहणा जिला सोनीपत को फर्जी नम्बर प्लेट लगी गाडी सहित काबु किया है गाडी को चैक करने पर 2280 बोतल अवैध शराब बरामद हुई। इस घटना का भारतीय दण्ड संहिता की धाराओं के अन्तर्गत थाना खरखौदा में अभियोग दर्ज किया गया था।

अपनी पुलिस टीम के साथ आरोपियो की खोजबीन करते हुये घटना मे संलिप्त तीन आरोपियों रोहित ,श्रवण व आशिन को पहले ही गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत भेज दिये गये थे। अन्य आरोपियों की खोजबीन करते हुए घटना में संलिप्त एक और आरोपी हनुमान पुत्र भारतसिँह वासी रिवासी जिला महेन्द्रगढ गिरफ्तार किया है।

# अतिथि अध्यापकों को नियमित करने की उठी मांग

## विधायक सुरेंद्र पंवार ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन अतिथि अध्यापकों का उठाया मुद्दा

**सोनीपत। टीम एक्शन इंडिया**
**विधायक सुरेंद्र** पंवार ने हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन अतिथि अध्यापकों का मुद्दा पुरजोर तरीके से उठाया। विधायक सुरेंद्र पंवार ने सरकार से अतिथि अध्यापकों को नियमित करने की मांग की।
विधायक सुरेंद्र पंवार ने शीतकालीन सत्र में प्रश्नकाल के दौरान शिक्षा मंत्री से सवाल किया कि प्रदेश के राजकीय स्कूलों में कार्यरत्त अतिथि अध्यापकों को नियमित कब तक किया जाएगा। इस पर शिक्षा मंत्री ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इसके उपरांत विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि वर्ष 2005 में प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने के बाद नेता प्रतिपक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने प्रदेश के राजकीय स्कूलों में शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए करीब 20 हजार शिक्षक भर्ती किए थे। इन अतिथि अध्यापकों के कंधे पर प्रथम कक्षा से 12वीं कक्षा तक विद्यार्थियों को पढ़ाने की जिम्मेदारी है।



अतिथि अध्यापकों की भर्ती से शिक्षा के क्षेत्र में अतुल्यनीय सुधार हुआ था। वर्तमान समय में प्रदेश के राजकीय स्कूलों में करीब 12 हजार 746 अतिथि अध्यापक कार्यरत्त है। लेकिन भाजपा सरकार के 9 साल के कार्यकाल के बाद भी अतिथि अध्यापकों को नियमित नहीं किया गया है। विधायक सुरेंद्र पंवार ने बताया कि अतिथि अध्यापकों ने उन्हें ज्ञापन सौंपकर सत्र में उनकी आवाज उठाने की मांग की थी। शिक्षकों ने बताया था नियमित शिक्षकों के बराबर वह पढ़ाते है, उसके बावजूद प्रदेश सरकार द्वारा उनके साथ भेदभाव क्यों किया जा रहा है। एक तरफ सरकार समान काम-समान वेतन का दावा करती है, दूसरी तरफ उनके साथ भेदभाव किया जा रहा है। उन्होने बताया कि वर्ष 2014 में बीजेपी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष ने भी अतिथि अध्यापकों को स्थाई नियुक्ति देने का आश्वासन दिया था, बल्कि भाजपा ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में भी इसकों शामिल किया था, लेकिन आज दस साल बीतने को है, धरातल स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। वर्ष 2021 में गेस्ट टीचर्स के सम्बंध में कमेटी गठित करने के निर्देश दिए थे, लेकिन आज तक उस कमेटी की रिपोर्ट व सरकार का फैसला निधार्रित नहीं हुआ। इस पर शिक्षा मंत्री ने सदन में कहा कि उन्हें इस बारे में पता नहीं है। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि सिर्फ नौकरी को निश्चित कर देने से अतिथि अध्यापकों की मांगे पूरी नहीं होती। अतिथि अध्यापकों को जो बैनिफिट्स देने का वायदा सरकार ने किया था, वह उन्हें जरूर मिले। विधायक सुरेंद्र पंवार ने तबादला नीति पर बोलते हुए कहा कि प्रदेश मे अध्यापकों को जो ट्रासंफर ड्राइव चलाया हुआ है, उसमें भी अतिथि अध्यापकों के साथ भेदभाव हो रहा है। कम वेतन पर कार्य करने वाला अतिथि अध्यापक 300-300 किमी दूर नौकरी करने पर मजबूर है। जबकि सरकार ने अतिथि अध्यापकों को अपने गृह जिले में ही नौकरी करने का प्रावधान देना चाहिए। प्रदेश में अतिथि अध्यापकों की पोस्ट को वैकेंट दिखाकर उनकी जगह पर दूसरे अध्यापकों का तबादला कर दिया जाता है। जब एक अध्यापक किसी स्कूल में पहले से ही कार्यरत्त है तो उसकी पोस्ट को वेकेंट कैसे दिखाया जा सकता है। इसके साथ ही जब नियमित अध्यापक के तबादले पर पांच साल की पॉलिसी बना दी गई है तो गैस्ट टीचर्स के ठहराव पर भी यह फामूर्ला लागू होना चाहिए। अतिथि अध्यापको को सरकार द्वारा यस व नो का ऑपश्न नहीं दिया गया है, इन्हें भी यश व नो का ऑपशन दिया जाना चाहिए। विधायक सुरेंद्र पंवार ने सरकार से मांग की है कि अतिथि अध्यापकों को जल्द से जल्द नियमित किया जाए।

## पुलिस लाईन सोनीपत लैब में हुआ कार्यशाला का आयोजन

**सोनीपत। टीम एक्शन इंडिया**
श्री बी. सतीश बालन , पुलिस आयुक्त सोनीपत के निर्देशन पर आज दिनांक 18/12/23 को श्री विजय सिँह, पुलिस उपायुक्त पश्चिमी एवं क्राईम सोनीपत के नेतृत्व में पुलिस लाईन सोनीपत उउळठर लैब में ह्यक्राइम सीन फोटोग्राफीह्ल के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में श्री विजय सिँह, पुलिस उपायुक्त पश्चिमी एवं क्राईम सोनीपत के अतिरिक्त श्री नरसिँह, सहायक पुलिस आयुक्त सोनीपत व थाना प्रभारियों समेत सैकडो अनुसंधानकताओं ने हिस्सा लिया। कार्यशाला में ऋछ सोनीपत के सीनियर अधिकारी डॉक्टर श्री कृष्ण ने अपनी टीम डॉक्टर जगबीर सिँह, मुख्य सिपाही सुरजीत सिँह व सिपाही विक्रम सिँह के साथ फोटोग्राफी का घटनास्थल पर या संगीन मामलों में भौतिक साक्ष्यों का सुरक्षित रखने के महत्व को समझाते ऐसे मामलों की फोटोग्राफी करने के तरीके बताए। एक्सपर्ट डॉक्टर श्री कृष्ण ने बताया कि फोटोग्राफी मुख्यत अपराध स्थल के आकार और स्थिति पर निर्भर करती हैं` फोटोग्राफी हमेशा स्टर स्क्रीन, अपरचर पिक्सल पर आधारित होती है जिसमें दृश्य को उसकी संपूर्णता में शूट करना, व्यापक रेंज शॉट्स का उपयोग करना, और फिर अनुसन्धान में उपयोगी वस्तुओं के संबंध/स्थिति को चित्रित करने के लिए क्लोज-अप का उपयोग करना शामिल है।

## दो दिवसीय गीता महोत्सव 22 दिसंबर से होगा शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) जिला** स्तर पर 22 दिसम्बर व 23 दिसम्बर तक दो दिवसीय जिला स्तरीय गीता जयन्ती महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। श्रीमद् भगवद् गीता का ज्ञान जीवन के लिए अत्यन्त आवश्यक हैं। जिला स्तरीय गीता जयन्ती महोत्सव में अधिक से अधिक लोगों को जोडकर कार्यक्रम को हर्षोउल्लास के साथ मनाने का काम करना हैं। एसडीएम दर्शन कुमार को अपने कार्यालय के सभागार में सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर रहें थे। एसडीएम दर्शन कुमार ने कहा कि सामाजिक व धार्मिक संस्थाएं हमेशा ही जिला



प्रशासन का सहयोग देते हुए बढ़-चढ़ कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करती हैं। उन्होंने कहा कि संस्थाओं के साथ समाज के गणमान्य लोग जुड़े होते है और इनका लोगों के साथ सीधा सम्पर्क होता हैं। उन्होंने संस्थाओं के प्रतिनिधियों को आह्वान किया कि वे जिला स्तरीय गीता जयन्ती महोत्सव में अधिक से अधिक लोगों को जोडकर कार्यक्रम का सफलता पूर्वक आयोजन करवाएं। उन्होंने यह भी कहा कि हमें अपनी युवा पीढ़ी को भी पौराणिक एवं धार्मिक गाथाओं के बारे जानकारी देनी हैं। श्रीमद् भगवद् गीता के ज्ञान बारे भी उन्हें विस्तार से बताना हैं।

उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में जितने ज्यादा से ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित होगी, वहीं कार्यक्रम की सफलता का पैमाना है। हम सबको इस कार्यक्रम में अपनी पूर्ण सहभागिता सुनिश्चित करनी है और आमजन की भी इसमें भागीदारी सुनिश्चित करनी हैं। उन्होनें यह भी बताया कि दो दिनों कार्यक्रम स्थल पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ विभिन्न विभागों द्वारा अपने विभाग से सम्बधिंत प्रदर्शिनी लगाई जाएगी।

## विकसित भारत की मुहिम पूरे देश में ला रही रंग: अध्यक्ष बलविन्द्र आर्य

**पानीपत/कमाल हुसैन** भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष बलविन्द्र आर्य ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सिठाना गांव में सोमवार को आयोजित किए गए जन संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेकर लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा की यह मुहिम पूरे देश में रंग ला रही है । उन्होंने कहा कि यात्रा के प्रति युवाओं में विशेष तौर पर उत्साह नजर आता है। आज पहली बार ऐसा हुआ है कि कुआं पैसे के पास पहुंचा है।
उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की



कल्याणकारी नीतियों से लोगों को लाभ मिल रहा है। पूरे देश में इस मुहिम का असर दिखाई पड़ रहा है। हजारों की भीड़ स्वागत वैन के स्वागत के लिए उमड़ती है। वैन के माध्यम से सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को लोगों के सामने रखा जा रहा है। प्रधानमंत्री के संबोधन के प्रति लोगों की विशेष रुचि नजर आती है। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जो नौकरियां प्रदान की जा रही है उनमें पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है।

### अवैध हथियारों की धरपकङ अभियान के अंतर्गत एक आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत। टीम एक्शन इंडिया**
जिले की एंटी व्हीकल थैफ्ट सैल सोनीपत की पुलिस ने अवैध हथियार सहित एक आरोपी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी संदीप पुत्र रामकुवार वासी गाव लाठ जिला सोनीपत का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि गत 17 दिसम्बर को एंटी व्हीकल थैफ्ट सैल सोनीपत में नियुक्त मुख्य सिपाही नरेश कुमार ने खुफिया जानकारी मिलने पर अपनी पुलिस की टीम के साथ अपराधियों एंव असामाजिक तत्वों की खोज में गाँव घङवाल से संदीप पुत्र रामकुवार वासी गाव लाठ जिला सोनीपत को एक अवैध पिस्तौल व एक जिन्दा रौंद सहित काबु किया है।

## लक्ष्य बनाकर शिक्षा ग्रहण करें विद्यार्थी : चेयरपर्सन सरोज राठी



**सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।**
बच्चे शिक्षा ग्रहण करते समय एक लक्ष्य जरूर बनाएं और जब तक वह लक्ष्य हासिल नहीं कर ले तब तक उसे पाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहे । एक दिन कामयाबी जरूर मिलेगी । यह बात नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज रमेश राठी ने शहर के झज्जर रोड स्थित आदर्श नगर की गली नंबर 5 में सरकारी नौकरी पर लगने वाले युवाओं के सम्मान समारोह में युवाओं का सम्मान करने के उपरांत मौजूद युवाओं को संबोधित करते हुए कही। आदर्श नगर में अजय ग्रेवाल द्वारा कोचिंग प्राप्त करने के उपरांत विभिन्न सरकारी विभागों में लगे युवाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया था जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में चेयरपर्सन सरोज रमेश राठी ने शिरकत कर सरकारी नौकरी प्राप्त करने वाले युवाओं का सम्मान किया। चेयरपर्सन सरोज रमेश राठी ने अजय ग्रेवाल की सराहना करते हुए कहा कि उनके द्वारा दिए जा रही गरीब व जरूरतमंद बच्चों को निशुल्क कोचिंग बच्चों के लिए वरदान साबित हो रही है। अजय ग्रेवाल से कोचिंग लेकर अब तक काफी संख्या में युवा सरकारी नौकरी प्राप्त कर चुके हैं। अजय ग्रेवाल ने बताया कि उनके द्वारा निशुल्क कोचिंग दी जाती है और अब तक काफी संख्या में युवा उनसे कोचिंग प्राप्त करके दिल्ली पुलिस , टीचर चंडीगढ़ पुलिस ,सब इंस्पेक्टर,सीजीएल के माध्यम से विभिन्न विभागों में सरकारी नौकरी प्राप्त कर राज्य व राष्ट्र की सेवा कर रहे हैं। चेयरपर्सन सरोज रमेश राठी ने सरकारी नौकरी पर चयनित हुए अनुज,रोहित ,प्रशांत,रविंद्र, दिशा ,मोहित,कपिल,संजय,अजय,सोहित, अतुल आदि का सम्मान करते हुए उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर पार्षद राजेश तंवर , पार्षद बलराम दलाल , संतोष राठी , नीरज वत्स , अजय जैन आदि वार्डवासी मोजूद रहे ।

## बहादुरगढ़ : सैमपाला धाम में आध्यात्मिक पुस्तकालय का अनावरण

**सिद्धार्थ राव/ बहादुरगढ़**
रविवार को खेडका गुज्जर गांव में सैमपाला धाम में आध्यात्मिक पुस्तकालय का अनावरण किया गया व ब्रह्मशक्ति संजीवनी अस्पताल टीम द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 87 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया । सैमपाला धाम के महंत महाराज रामानंद जी , महंत योगी मनजीत नाथ जी व भविष्य सुधार समिति के सभी सदस्यों के सहयोग से इस कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में ओमप्रकाश धनखड़ ,बादली विधायक कुलदीप वत्स के सुपुत्र जतिन



वत्स, संजय कबलाना जी, ब्रह्मशक्ति संजीवन हस्पताल के निर्देशक डॉ मनीष शर्मा जी, भगत सिंह मैत्री संस्था बहादुरगढ़ के सभी साथीगण, गौशाला प्रधान सतपाल देशवाल जी व आसपास के सभी सरपंच साहिबान, ब्लॉक समिति मेंबर व अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की। महाराज रामानंद जी ने युवाओं को नशे से दूर रहने व आध्यात्मिक पुस्तके पढ़ने का संदेश दिया। डॉक्टर मनीष शर्मा जी ने जीवन मे योग व सनातन धर्म की महता को विस्तार से बताया । महाराज रामानंद जी, महंत योगी मनजीत नाथ जी व गांव खेड़का गुज्जर के सरपंच सुनील कुमार ने बुजुर्गों के साथ सभी मेहमानों का पगड़ी ,फटका व पवित्र ग्रंथ गीता भेंटकर उनका सम्मान किया व आभार प्रकट किया। ब्रह्मशक्ति हस्पताल के मैनेजर विक्की शर्मा ने सभी रक्तदाताओं का इस सबसे बडे हवन में आहुति डालने के लिए हृदय की गहराइयों से आभार प्रकट किया वह सभी स्वयंसेवकों व सभी भविष्य सुधार समिति के सदस्यों व समस्त खेड़का गुज्जर के ग्रामवासियों का आभार प्रकट किया ।

## जस्टिस मान ने रखी डिस्ट्रिक्ट कंज्यूमर डिस्प्यूट रिड्रेसल कमिशन भवन की आधारशिला

### सोनीपत में किराये के भवन में स्थानांतरित किये गये कमिशन भवन का किया शुभारंभ

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा** स्टेट कंज्यूमर डिस्पूट्स रिड्रेसल कमिशन के प्रेजीडेंट जस्टिस टीपीएस मान ने आपदा प्रबंधन भवन के निकट प्रस्तावित डिस्ट्रिक्ट कंज्यूमर डिस्पूट्स रिड्रेसल कमिशन भवन की आधारशिला रखी। जस्टिस मान ने निर्देश दिए कि भवन का निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाए। डिस्ट्रिक्ट कंज्यूमर डिस्पूट्स रिड्रेसल कमिशन भवन का शिलान्यास करने से पहले जस्टिस टीपीएस मान ने इंडियन कॉलोनी स्थित बीएस टावर में किराये के भवन में स्थानांतरित किये गये डिस्ट्रिक्ट कंज्यूमर डिस्पूट्स रिड्रेसल कमिशन भवन का शुभारंभ किया। तदोपरांत वे शिलान्यास के लिए पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जिला न्यायालय परिसर का दौरा भी किया, जिसके तहत उन्होंने सिविल जज (जूनियर डिवीजन) प्रवीण कुमार की अदालत का औचक निरीक्षण करते हुए केस की सुनवाई का निरीक्षण भी किया। उन्होंने सिविल जज से केस के संदर्भ में पूछताछ भी की। जस्टिस टीपीएस मान ने अधिवक्ताओं के चैंबरों का जायजा भी लिया। पूरे परिसर का दौरा करते हुए वे जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रमोद गोयल की अदालत में भी गए। इस मौके पर उन्होंने जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों से भी बातचीत करते हुए उनकी मांगों व समस्याओं की जानकारी ली। जिला बार एसोसिएशन के प्रधान अनिल ढुल ने विशेष रूप से नये चैम्बर तथा शैड निर्माण की आवश्यकता जताई।

## हज यात्रा 2023: 20 दिसंबर तक आवेदन करें हज यात्री : डीसी

### हज नीति 2024 के अनुसार 70 वर्ष की आयु से अधिक आवेदक को मिलेगी प्राथमिकता

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**अखिल भारतीय** हज कमेटी ने वर्ष 2024 के दौरान प्रदेश से हज जाने के इच्छुक हज यात्रियों के पंजीकरण के लिए हरियाणा राज्य हज कमेटी के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए हैं। हज यात्रा करने के इच्छुक हज यात्री 20 दिसंबर, 2023 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। उपायुक्त डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि भारतीय हज कमेटी मुम्बई ने वर्ष-2024 में हज यात्रा करने के लिए नए दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। आनलाईन आवेदन 20 दिसम्बर कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि हज नीति 2024 के अनुसार महिला व 70 वर्ष से अधिक आयु के आवेदक के साथ यदि दोबारा से कोई नजदीकी रिश्तेदार जाना चाहता है तो उसे अतिरिक्त राशि अदा करने पर ही यात्रा की अनुमति दी जाएगी। हज नीति 2024 के अनुसार 70 वर्ष की आयु से अधिक आवेदक को प्राथमिकता दी जाएगी तथा सामान्य श्रेणी में यदि आवेदन निर्धारित कोटे से अधिक प्राप्त होते हैं तो आवेदन पत्रों का चयन कम्प्यूटराईज ड्रा के माध्यम से किया जाएगा। गर्भवती महिला कुछ शर्तों के अनुसार हज यात्रा कर सकती है। महिला आवेदक जिनकी आयु 45 वर्ष से अधिक हो, वह

**नियम**

**8 गर्भवती महिला कुछ शर्तों के अनुसार हज यात्रा कर सकती है। महिला जिनकी आयु 45 वर्ष से अधिक हो।**

चार महिलाओं के समूह में जा सकेंगी। यात्री के पास होना चाहिए वैध मशीन रीडेबल भारतीय अंतर्राष्ट्रीय पासपोर्ट - वीरेंद्र दहिया
डीसी वीरेंद्र दहिया ने बताया कि आवेदक, जिसकी वित्तीय स्थिति अच्छी हो, शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ हो, के पास मशीन रीडेबल वैध भारतीय अंतर्राष्ट्रीय पासपोर्ट 31 जनवरी,2025 तक वैध हो, आवेदन कर सकता है। उन्होंने बताया कि हरियाणा राज्य से जाने वाले हज यात्रियों की सुविधा के लिए इन्दिरा गांधी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा नई दिल्ली से उड़ान सुनिश्चित की गई है। उन्होंने बताया कि निर्धारित दस्तावेजों के साथ आवेदन अखिल भारतीय हज कमेटी की वेबसाइट एचएजेसी आएमएम आईटीटी ईईडॉटजी ओवीडॉट आईएन व मोबाईल ऐप ह्यहज सुविधाह्ल पर किए जा सकते हैं। भारत सरकार का महावाणिज्य दूतावास,जेद्दा (सऊदी अरबिया) द्वारा हज यात्रा के दौरान यात्रियों के रहने का प्रबंध किया जाएगा। आवेदक ऑनलाइन आवेदन करने से पहले अखिल भारतीय हज कमेटी के दिशा निदेर्शों को सावधानी पूर्वक पढ? के बाद ही अपनी सुविधा के अनुसार यात्रा आरंभ करने के स्थल का चुनाव करें। एक बार चुने गये विकल्पों को बाद में बदलने की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने कहा कि हज आवेदक आवेदन हेतु कोई कठिनाई या असुविधा महसूस करने पर हरियाणा हज कमेटी के फोन नंबर 0172-2996270 या अखिल भारतीय हज कमेटी के फोन नंबर 022-22107070 पर संपर्क कर सकते हैं।

फास्ट न्यूज

## नवोदय विद्यालय के कई छात्र सड़क हादसे में हुए घायल

**किशनगंज।** जवाहर नवोदय विद्यालय, मोतीहारा की 17 बच्चो की टीम एनसीसी कैंप बरौनी प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए जाने के क्रम में बेलवा में सोमवार को प्रात: उनकी गाड़ी का दुर्घटना होने की सूचना प्राप्त होने पर जिला प्रशासन द्वारा त्वरित संज्ञान लेकर घायल 13 बच्चो को तुरंत सदर अस्पताल किशनगंज में इलाज प्रारंभ कराया गया। सदर अस्पताल में 13 घायल बच्चो की प्रारंभिक चिकित्सा के दौरान तीन बच्चे को गहन चिकित्सा की आवश्यक पर उन्हें निजी चिकित्सालय में भेजकर चिकित्सा प्रारंभ करा दी गई है। तीन बच्चो में एक के दाहिने पैर में गंभीर चोट और दो बच्चो के माथे में चोट आई है। सभी बच्चे अभी खतरे की स्थिति से बाहर है और चिकित्सकीय लाभ ले रहें हैं। जिला प्रशासन किशनगंज के द्वारा दुर्घटना पर गहरी संवेदना प्रकट करते हुए बच्चो की स्थिति पर नजर बनाए हुए है। वही एसडीएम लतीफुर रहमान अंसारी सदर अस्पताल पहुंच कर बच्चों का हाल चाल जाना। उन्होंने बताया कि उपाधीक्षक, सदर अस्पताल के द्वारा चिकित्सा का अनुश्रवण किया जा रहा है। जिला प्रशासन जवाहर नवोदय विद्यालय प्रबंधन के समन्वय से बच्चो को बेहतर चिकित्सा हेतु प्रयासरत है। जिलाधिकारी तुषार सिंगला ने बच्चो के बेहतर चिकित्सा हेतु संबंधित को निर्देश दिए है। प्रशिक्षण में जाने वाले में 09 लड़के और 8 लड़किया सम्मिलित थी।

## ठंड का प्रकोप बढ़ा, अंबिकापुर में 6.8 डिग्री सेल्सियस पहुंचा न्युनतम तापमान

**रायपुर।** राजधानी सहित पूरे छत्तीसगढ़ में ठंड लगातार बढ़ती जा रही है। अंबिकापुर सहित उत्तरी छत्तीसगढ़ इन दिनों सर्वाधिक ठंड की चपेट में है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार अगले तीन दिनों तक न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है। वहीं, गिरावट का यह दौर 21 दिसंबर तक जारी रहेगा, जबकि इसके बाद अगले पांच दिनों तक तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने के आसार नहीं हैं। वहीं, अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस के करीब रहने के आसार हैं। इसी बीच रविवार को राजधानी सहित प्रदेशभर में मौसम साफ रहा और प्रदेश में सर्वाधिक तापमान 28.7 डिग्री सेल्सियस तिल्दा और न्यूनतम तापमान अंबिकापुर में 6.8 डिग्री सेल्सियस रहा।

## जिला अधिवक्ता संघ चुनाव में 20 दिसंबर को होगा मतदान

**जगदलपुर।** जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव में 20 दिसंबर को मतदान होना है, इसके लिए नामांकन की प्रकिया पूरी कर ली गई है। संघ अध्यक्ष के लिए अरुण कुमार दास, सपन कुमार देवांगन और राकेश दास ने सोमवार को नामांकन दाखिल किया है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए तीन तो कनिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए दो नामांकन दाखिल हुए हैं जबकि ग्रंथपाल, क्रीड़ा सचिव, सहसचिव व कार्यकारिणी सदस्य के लिए भी निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी हो गयी है।

# खाप पंचायतों ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का किया स्वागत

### अम्बाला में समाज की गणमान्य हस्तियों ने की उपराष्ट्रपति से भेंट

**सीएम ने कहा**

- अपने खांटी देसी अंदाज और हरयाणवी बोली में श्री धनखड़ ने कई रोचक किस्से सुनाए
- बोले ससुराल का वालों का गोत्र सुनकर कान खड़े हो जाते हैं
- एक दादी ने धनखड़ जी से कहा, "मोदी जी को मिलके पूछना चाहती हूं कि जाट के छोरे को मोदी जी ने उपराष्ट्रपति कैसे बनाया?"







**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला,** उपराष्ट्रपति अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर हरियाणा की एकदिवसीय यात्रा पर डॉ. सुदेश धनखड़ के साथ प्रदेश पधारे थे। उनका विमान अम्बाला एयरबेस पर उतरा था जहाँ हरियाणा के गृहमंत्री श्री अनिल विज और जाट समाज की खाप पंचायतों के प्रतिनिधियों द्वारा उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का स्वागत सम्मान किया गया। वहां खाप प्रतिनिधियों के साथ उपराष्ट्रपति श्री धनखड़ की मुलाकात करीब आधा घंटा चली। इस दौरान अपने खांटी देसी अंदाज और हरयाणवी बोली में श्री धनखड़ ने कई रोचक किस्से सुनाए और माहौल काफी खुशनुमा बना रहा। हरियाणा की चहल खाप के वाइस प्रेसिडेंट श्री झज्जाराम चहल ने अपना परिचय दिया तो धनखड़ साहब ने बड़े विनोदपूर्ण तरीके से कहा कि "एक वाइस प्रेसीडेंट दूसरे वाइस प्रेसीडेंट से मिल रहा है।" लंबे कद के नरवाल खाप के प्रधान भलेराम नरवाल से धनखड़ जी ने पूछा "थारी हाइट के है?" जवाब में भलेराम जी ने बताया 6 फीट 2 इंच। तो एक हाथी और चूहे के बच्चे की कहानी सुनाते हुए उपराष्ट्रपति जी ने कहा कि हाइट तो मेरी भी 6 फीट है पर मेरी धर्मपत्नी के सामने झुकते-झुकते कम हो गयी है। इस पर जोरदार ठहाके लगे और डॉ. सुदेश धनखड़ भी स्वयं को मुस्कुराने से नहीं रोक सकीं। जींद जिले से आये श्री बलबीर सिंह चहल ने बताया कि उनके गांव का नाम बड़ौदा है, तो उपराष्ट्रपति ने डॉ सुदेश धनखड़ की ओर इशारा करते हुए कहा, "इनका गोत्र है बड़ौदा और ससुराल का वालों का गोत्र सुनकर कान खड़े हो जाते हैं।" नरवार खाप के श्री दलवीर नरवार ने बताया कि गोहाना से आये हैं तो उपराष्ट्रपति ने गोहाना की जलेबी की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने इसका स्वाद खुद गोहाना जाकर लिया है। उपराष्ट्रपति ने पूर्व में अपनी हिसार यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि वहाँ एक बुजुर्ग दादी ने उनसे कहा कि "एक बार मोदी से मिलवा दे।" श्री धनखड़ ने पूंछा, "मोदी जी से मिलकर आपको क्या बात करनी है?" तो दादी ने जवाब दिया, "मोदी जी को मिलके पूछना चाहती हूं कि जाट के छोरे को मोदी जी ने उपराष्ट्रपति कैसे बनाया।" इसी तरह उपराष्ट्रपति ने एक और पुराना रोचक किस्सा सुनाया कि - "आजादी के कुछ पहले, एक जाट जयपुर आ गया। वहां एक ढ़ाबा था। जाट बोला कि रोटी खानी है। ढ़ाबे वाला बोला कि 1 आने की 2 रोटी है।



राजधानी रायपुर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दीप प्रज्वलित कर समारोह की शुरूआत करते हुए।

## अगर हिम्मत है तो बनारस जाकर चुनाव लड़ ले, पता चल जायेगाः सिंह

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की वाराणसी में प्रस्तावित रैली को लेकर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को चैलेंज किया है। सोमवार को पटना से दिल्ली रवाना होने से पूर्व पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि अगर किसी में हिम्मत है तो वह वाराणसी जाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से चुनाव लड़ लें। हवाईअड्डे केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने आईएनडीआईए गठबंधन को चुनौती देते हुए कहा कि, "मैं आईएनडीआईए गठबंधन को खुला चुनौती देता हूं, किसी भी दल का कोई भी नेता वाराणसी में जाकर पीएम मोदी से चुनाव लड़ लें। चाहे नीतीश कुमार कोशिश कर ले या राजद के कोई नेता नरेन्द्र मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ ले।चुनौती में नीतीश कुमार को दे रहा हूं अगर हिम्मत है तो बनारस जाकर चुनाव लड़ ले। उन्होंने कहा कि आईएनडीआईए गठबंधन की बैठक में विपक्षी दल अपने स्वार्थ के लिए सिर्फ जा रहे हैं। अपने गुनाह को छिपाने के लिए इस गठबंधन की बैठक में जा रहे हैं। इंडिया गठबंधन के नेता, किसी में हिम्मत नहीं है

## 'सुखदेव के हत्यारों को फांसी की सजा दिलवाये सरकार'



**टीम एक्शन इंडिया/नवादा**
**राष्ट्रीय** करणी सेवा के नवादा जिला इकाई के कार्यकताओं ने सोमवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष गोगामेड़ी के हत्यारे को फांसी दिलाने की मांग को लेकर नवादा की सड़कों पर प्रतिरोध मार्च निकालते हुए प्रधानमंत्री से शीघ्र ही कार्रवाई की मांग की है। राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी के हत्यारों को केन्द्र एवं राजस्थान की सरकार द्वारा फांसी की सजा दिलवाने का हरसंभव प्रयास किया जाना चाहिए। ताकि भविष्य में इस तरह के सामाजिक नेता पर कोई हाथ उठाने से पहले हजार बार सोचे। उक्त बातें विरोधमार्च में शामिल राजपूत करणी सेना के पूर्व प्रदेश महासचिव विश्वजीत सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा। मार्च के बाद आयोजित सभा में विश्वजीत सिंह ने आगे कहा कि आज श्रत्रिय समाज के साथ सम्पूर्ण देश ऐसे मनबढे हत्यारों को फांसी पर देखना चाहता है। उससे पहले श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सुखदेव सिंह गोगामेडी के निर्मम हत्या के विरुद्ध में नवादा शहर के बुंदेल खंड से प्रजातंत्र चैक तक आक्रोश मार्च का आयोजन कर सम्पूर्ण श्रत्रिय समाज द्वारा विरोध मार्च निकाला गया। विरोधमार्च का नेतृत्व श्री राजपूत करणी सेना के पूर्व प्रदेश महासचिव श्री विश्वजीत सिंह ने किया।

**विरोध**

- प्रजातंत्र चौक तक आक्रोश मार्च का आयोजन कर सम्पूर्ण श्रत्रिय समाज द्वारा विरोध मार्च निकाला गया।

## अहमदाबाद तक बन रहा 4-लेन एक्सप्रेसवे 2024 तक पूरा होगा



**टीम एक्शन इंडिया/गांधीनगर**
**धोलेरा** एसआईआर (स्पेशल इन्वेस्टमेंट रीजन) में फेज-क (22.54 वर्ग किमी) के तहत विकास परियोजनाओं का 95 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है, जिससे गुजरात में ग्लोबल इन्वेस्टमेन्ट के नए अवसर खुल रहे हैं। मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने पिछले दिनों धोलेरा के अपने दौरे में एसआईआर के मॉडर्न इन्फ्रास्ट्रक्चर, स्ट्रैटिजिक लोकेशन और सेमीकंडक्टर व ग्रीन हाइड्रोजन जैसे उभरते सेक्टर में विशाल संभावनाओं पर प्रकाश डाला और भारत के सस्टेनेबल व टेक्नोलॉजी-ड्रिवन संचालित डेवलपमेंट में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट का आगामी 10वां संस्करण जनवरी 2024 में आयोजित होने वाला है, जिसके लिए तैयारियां जोरों से चल रही हैं। मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने हाल ही में ग्रीनफील्ड औद्योगिक स्मार्ट सिटी और इसके बुनियादी ढांचे के कार्यों की प्रगति का निरीक्षण करने के लिए धोलेरा एसआईआर का दौरा किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन "विकसित भारत @2047" को साकार करने की दिशा में धोलेरा एसआईआर को विश्व स्तरीय स्मार्ट औद्योगिक विकास मॉडल के रूप में स्थापित करने का काम तेजी से किया जा रहा है।

**जानकारी**

- वीजीजीएस 2024: भारत की प्रमुख प्लैटिनम-रेटेड इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी है धोलेरा

## मेडा उपाध्यक्ष ने पकड़वाए रिश्वत लेने वाले दो कर्मचारी, निलंबित

**मेरठ।** मेरठ विकास प्राधिकरण (मेडा) के उपाध्यक्ष अभिषेक पांडेय ने सोमवार को रिश्वत लेने वाले दो कर्मचारियों को एंटी करप्शन विभाग को सौंप दिया। इसके बाद दोनों को निलंबित कर दिया। उपाध्यक्ष ने भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के खिलाफ अभियान तेज करने की बात कही है। लावड़ कस्बे के लोगों ने मेडा उपाध्यक्ष अभिषेक पांडेय से दो अनुचरों वेदप्रकाश और सुदेश पर अवैध निर्माण पर सीलिंग के नाम पर रिश्वत लेने की शिकायत की थी। ये कर्मचारी लोगों से चार से पांच हजार रुपए वसूल रहे थे। सोमवार को उपाध्यक्ष अभिषेक पांडेय ने एंटी करप्शन विभाग के इंस्पेक्टर दुर्गेश कुमार को बुलाकर दोनों कर्मचारियों को उन्हें सौंप दिया।

## 2 किशोरों की मौत, ट्रेन की चपेट में आने की आशंका

**टीम एक्शन इंडिया/सूरत**
सूरत के सचिन क्षेत्र में रेलवे ट्रैक के समीप दो किशोरों का शव बरामद हुआ है। रेलवे पुलिस सूरत सिविल हॉस्पिटल में दोनों शवों का पोस्टमार्टम करवा रही है। दोनों किशोर रविवार शाम से लापता थे। घटना की जानकारी मिलने पर परिवारजनों पर आफत टूट पड़ी है। सचिन रेलवे ट्रैक के समीप रहने वाले परिवार के दो किशोर रविवार शाम से लापता थे। बताया गया कि दोनों रविवार शाम रेलवे ट्रैक के समीप खेल रहे थे। देर शाम तक दोनों बच्चों का पता नहीं चला तो परिजन उनकी खोज में निकले। बाद में उन्होंने रेलवे पुलिस से सम्पर्क किया तो देर रात दोनों बच्चों की मौत की खबर मिली। लेकिन सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगा। मृतक किशोरों के परिचित के अनुसार उन्हें इसकी जानकारी मृतक बच्चों के पिता से मिली। माता-पिता को आशंका है कि बच्चे ट्रेन की चपेट में आए होंगे। मृतक बच्चों के नाम प्रिंस शर्मा (13) और लोकेश यादव (14) बताया गया है।




# समारोह में 50 परम्पराओं के संतों समेत 13 अखाड़ों के प्रमुख आएंगे

### 24 जनवरी से 48 दिनों का उत्तर भारत की परम्परा के अनुसार होगा मंडल पूजन



**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**
**श्री** राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट महासचिव चम्पत राय ने सोमवार को ट्रस्ट के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के रामघाट पत्थर कार्यशाला स्थित संवाद केंद्र में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान के नवीन मन्दिर के लिए 16 जनवरी से प्राण प्रतिष्ठा के लिए पूजन प्रारम्भ होगा। यह 22 जनवरी यानी प्राण प्रतिष्ठा तक चलेगा। उसके बाद 24 जनवरी से 48 दिनों का उत्तर भारत की परम्परा के अनुसार मंडल पूजन होगा। उन्होंने कहा कि 23 जनवरी से आमजन रामलला के दर्शन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जहां भगवान विराजमान हैं, वहां दर्शन पूजन बंद करने पर विचार चल रहा है।,ताकि भीतरी कार्य अतिशीघ्र पूरे हो सकें। उन्होंने बताया कि आगामी 15 जनवरी तक ट्रस्ट की ओर से की जा रहीं सभी तैयारियां पूरी हो जाएगीं। उन्होंने बताया कि समारोह में विभिन्न प्रदेशों के 150 परम्पराओं के साधु-संतों समेत 13 अखाड़े और छह दर्शन परम्परा के शंकराचार्य आदि शामिल होंगे। करीब चार हजार संतों को आमंत्रित किया गया है । इसके अलावा 2200 गृहस्थों को भी निमंत्रण दिया गया है। ट्रस्ट महासचिव राय ने कहा कि काशी विश्वनाथ, वैष्णोदेवी जैसे प्रमुख मंदिरों के प्रमुखों, धार्मिक व संवैधानिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि विश्व विख्यात आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा, केरल की अम्मा, योग गुरू बाबा रामदेव समेत सिने स्टार रजनीकांत, अमिताभ बच्चन, माधुरी दीक्षित, अरुण गोविल, निर्देशक मधुर भंडारकर समेत प्रमुख उद्योगपतियों में अनिल अंबानी, मुकेश अंबानी, रतन टाटा के पुत्र, प्रख्यात चित्रकार वासुदेव कामत, इसरो निदेशक नीलेश देसाई समेत तमाम विशिष्ट हस्तियां समारोह की साझी होंगी। उन्होंने बताया कि अयोध्या के तीन से अधिक स्थानों पर अतिथियों के ठहरने के उचित प्रबंध किए गए हैं। इसके अलावा विभिन्न मठ-मंदिरों और गृहस्थ परिवारों की ओर से 600 कमरे उपलब्ध कराए गए हैं।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्षः 17 अंकः 338 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## कड़ाके की ठंड में फुटपाथ पर सोने को मजबूर बेघर



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
बेघरों के लिए दिल्ली सरकार की ओर से कई जगहों पर रैन बसेरे बनाए गए हैं, लेकिन तमाम खामियां व सख्त नियम होने से बेघर खुले आसमां के नीचे फुटपाथ पर सोने को मजबूर हैं। गोल मार्केट, बाबा खड़क सिंह मार्ग, बंगला साहिब, मिंटो रोड, कड़कड़डूमा, आईटीओ, यमुना बैंक, लक्ष्मी नगर, विवेक विहार समेत कई ऐसे इलाके हैं, जहां बेघर फुटपाथ पर सोते और अलाव सेंकते दिख जाएंगे। कुछ लोग रोजी-रोटी के चक्कर में अपनी इच्छा से फुटपाथ पर रात गुजारते हैं। इनमें कुछ रिक्शेवाले हैं। इनके अलावा कुछ ऐसे लोग हैं, जो लालबत्ती के पास गुब्बारे, खिलौने सहित अन्य सामान बेचते हैं। रात में वहीं फुटपाथ पर सो जाते हैं और सुबह अपना काम शुरू कर देते हैं।

**कोई कंबल देगा इसी आस में कट रही सर्दीः** रात नौ बजे के करीब बाबा खड़क सिंह मार्ग के पास अलाव जलाकर बैठे उत्तम ने बताया कि वह असम से वर्ष 1990 में दिल्ली आ गए थे। कोई कंबल दे देता है, तो थोड़ी राहत मिल जाती है। इसी तरह संदीप ने कहा कि ठंड से बचने के लिए कभी पुल के नीचे चले जाते हैं। बेघरों के लिए काम करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता सुनील कुमार कहते हैं कि सरकार के दावों के बावजूद रैन बसेरों की स्थिति ठीक नहीं है, यह अब भी कुल बेघरों से काफी कम है।

**पहचान दिखाने के लिए नहीं हैं जरूरी कागजातः** कई बेघरों ने बातचीत में बताया कि उनके पास खुद की पहचान बताने वाले जरूरी कागजात नहीं है। रात साढ़े आठ बजे कश्मीरी गेट स्थित हनुमान मंदिर के पास यमुना बाजार के रैन बसेरे में बेड के साथ खाने-पीने की व्यवस्था तो दिखी।

# संसद में उपद्रव करने के लिए आरोपियों को मिले थे रुपये?

## = बैंक खातों के बारे में जानकारी जुटा रही पुलिस, मेटा से भी मांगी डिटेल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
संसद की सुरक्षा में चूक के मामले में आरोपियों के सोशल मीडिया अकाउंट और डिलीट किए गए फेसबुक पेज के बारे में दिल्ली पुलिस ने मेटा से जानकारी मांगी है। सूत्रों के अनुसार, इसके लिए दिल्ली पुलिस ने मेटा को चिट्ठी लिखी है।

**आरोपियों के परिवारवालों से पुलिस ने किया संपर्कः** सूत्र के मुताबिक, पुलिस ने यह जानने के लिए सभी आरोपियों के बैंक अकाउंट की डिटेल खंगाली है, ताकि यह पता चल सके कि क्या उन्हें 13 दिसंबर की घटना के लिए किसी से पैसे मिले थे? पुलिस की अलग-अलग टीमों ने रविवार को आरोपियों के परिवारवालों से संपर्क किया और उनके बैंक खातों की जानकारी इकट्ठा की है।

**पुलिस ने मेटा से भी मांगी जानकारीः** जानकारी के अनुसार, नीलम देवी और सागर शर्मा की बैंक



पासबुक क्रमशः हरियाणा के जिंद और उत्तर प्रदेश के लखनऊ में उनके आवास से जब्त की गईं। काउंटर इंटेलिजेंस यूनिट ने आरोपियों के सोशल मीडिया अकाउंट तक पहुंचने के लिए मेटा को पत्र लिखा है।
दिल्ली पुलिस ने मेटा से फेसबुक पेज 'भगत सिंह फैन पेज' के बारे जानकारी मांगी है। खास बात है कि यह पेज आरोपी द्वारा बनाया गया था और बाद में हटा दिया गया। मेटा से आरोपियों की व्हाट्सएप चैट शेयर करने का भी अनुरोध किया गया है।

**ललित झा की निशानदेही पर मोबाइल के टुकड़े बरामदः** पुलिस ने बताया कि संसद सुरक्षा में सेंधमारी के मास्टरमाइंड ललित झा ने राजस्थान के नागौर में अपना मोबाइल फोन फेंक दिया और अन्य आरोपियों के मोबाइल फोन जला दिए। बाद में पुलिस ने झा की निशानदेही पर टूटे और जले हुए मोबाइल फोन के टुकड़े बरामद किए। इन हिस्सों को फोरेंसिक विभाग में भेजा गया है। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में अब तक छह लोगों - सागर शर्मा, मनोरंजन डी, अमोल शिंदे, नीलम देवी, ललित झा और महेश कुमावत को गिरफ्तार किया है। उन पर कड़े गैरकानूनी गतिविधियां अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## संसद भवन को धुआं-धुआं करने वाले तो सिर्फ प्यादे हैं...

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
संसद की सुरक्षा में सेंध मामले की जांच कर रही दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल की काउंटर इंटेलीजेंस, आईबी व रॉ को शक है कि दिल्ली दंगे, टूलकिट व किसान आंदोलन की तरह इस मामले के आरोपितों को भी हवाला अथवा अन्य माध्यमों से बड़ी फंडिंग की गई हैं। जितने बड़े स्तर पर साजिश रचकर वारदात को अंजाम दिया गया, उससे जांच एजेंसियां यह मानकर चल रही हैं कि इनके पीछे बड़े चेहरे हो सकते हैं। उन्होंने सीधे तौर पर आरोपितों से न जुड़कर अपने छोटे प्यादे के जरिए वारदात को अंजाम दिलाया है, ताकि जांच की आंच उन तक न पहुंच सके। लेकिन जांच एजेंसियां हर पहलुओं पर जांच कर साजिश के तह तक पहुंचने में जुटी हुई हैं।

**दिल्ली पुलिस ने बैंक विवरण लिया, फॉरेंसिक, मेटा की मदद मांगीः** दिल्ली पुलिस की टीमों ने 13 दिसंबर को संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने के लिए किसी भी संचालक से प्राप्त धन के लेन-देन का पता लगाने के लिए सभी छह आरोपियों के बैंक खातों का विवरण लिया है। सोमवार। पुलिस ने आरोपियों के मोबाइल फोन और सोशल मीडिया अकाउंट से डेटा तक पहुंचने के लिए फोरेंसिक विभाग और फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप संचालित करने वाले मेटा की मदद ली है। बैंक खातों की जानकारी रविवार को मिली, जब दिल्ली पुलिस की विभिन्न टीमों ने आरोपियों के परिवार के सदस्यों से संपर्क किया। सूत्रों ने बताया कि हरियाणा के जींद में नीलम देवी और लखनऊ में सागर शर्मा के आवास से बैंक पासबुक दिल्ली पुलिस की टीमें अपने साथ ले गईं। दिल्ली पुलिस काउंटर इंटेलिजेंस ने संसद सुरक्षा उल्लंघन के कृत्य से पहले आरोपी द्वारा बनाए गए हटाए गए फेसबुक पेज 'भगत सिंह फैन क्लब' के विवरण तक पहुंचने के लिए मेटा प्लेटफॉर्म को लिखा है। सूत्रों ने बताया कि मेटा से सदस्यों की संख्या और अन्य विवरण मांगा गया है। सूत्रों ने बताया कि मेटा से उनके व्हाट्सएप चैट का विवरण देने का अनुरोध किया गया है।

## गोदाम में लगी भीषण आग, विभाग की 21 गाड़ियां मौजूद, 100 फायर कर्मी आग बुझाने में जुटे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के यमुनापार इलाके में गोदाम में भीषण आग लग गई। देखते ही देखकर आग की लपटें और धुएं का गुबार ऊपर तक निकलने लगा। फायर कंट्रोल रूम को जैसे ही मामले की सूचना मिली। अलग-अलग फायर स्टेशन से आग बुझाने वाली कई गाड़ियां रवाना की गईं। अभी मौके पर फायर ब्रिगेड की 21 गाड़ियां आग बुझाने में जुटी हुई हैं। आग को कंट्रोल कर लिया गया है, लेकिन आग बुझी नहीं है। बुझाने का काम पूरी तरह किया जा रहा है। फायर डायरेक्टर अतुल गर्ग ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि दोपहर



12:45 बजे के आसपास मयूर विहार फेज वन के चिल्ला गांव स्थित एमआरएफ टायर शोरूम के पास वुडन फ्लोरिंग और एसेसरीज के गोदाम में आग लगने की सूचना मिली थी। मौके पर डिप्टी चीफ फायर ऑफिसर एस के दुआ सहित 100 से ज्यादा फायरकर्मी आग बुझाने में पूरी तरह से लगे हुए हैं। यह आग 500 स्क्वायर यार्ड में बने गोदाम में लगी हुई है। राहत की बात यही है, कि अभी तक इस मामले में कोई हताहत या घायल होने की सूचना नहीं है।

## रोड़ रेज में अधेड़ की मौत, सीसीटीवी की मदद से गिरफ्त में आए आरोपित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पश्चिमी** दिल्ली के राजौरी गार्डन थाना इलाके में रोडवेज में एक शख्स की मौत हो गई है। उसकी पहचान 56 साल के रविंद्र सिंह के रूप में हुई है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को पश्चिम विहार स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया है। आरोप है कि उनके साथ मारपीट भी की गई थी। रोडवेज के इस मामले में राजौरी गार्डन थाना में 304/323/341/34 आईपीसी के तहत केस दर्ज किया है। एडिशनल डीसीपी राजा बांथिया ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि यह घटना बीती शाम 5:30 बजे के आसपास की है। जब राजौरी गार्डन थाना इलाके के टैगोर गार्डन मेट्रो स्टेशन के पास रोडवेज का मामला सामने आया। आरोपित वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गए। मृतक के परिवार वालों ने सिर्फ पुलिस को इतनी जानकारी दी गई की वारदात को अंजाम देने वाली गाड़ी सवार सफेद रंग के क्रेटा गाड़ी में आए थे। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से जांच शुरू की और कई टीम बनाकर मामले की जानकारी इकट्ठा की और फिर दोनों को आरोपित को धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान जतिन सामरिया और पवन सामरिया के रूप में हुई है।

## शराब घोटाले में अरविंद केजरीवाल को ईडी ने फिर भेजा समन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
कथित शराब घोटाले के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री को प्रवर्तन निदेशालय ने एक बार फिर से समन भेजा है। जांच एजेंसी ने अरविंद केजरीवाल को 21 दिसंबर को पेश होने के लिए कहा है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी का यह दूसरा समन है।

**ईडी का केजरीवाल को दूसरा समनः** जिसके जरिए प्रवर्तन निदेशालय ने समन जारी करके अरविंद केजरीवाल को 21 दिसंबर को पूछताछ के लिए बुलाया है। बता दें कि इससे पहले अरविंद केजरीवाल को दो नवंबर को ईडी ने शराब घोटाले से जुड़े



मामले में पूछताछ के लिए बुलाया था। हालांकि, उस दौरान दिल्ली के मुख्यमंत्री जांच एजेंसी के सामने पेश नहीं हुए थे।

**विपश्यना पर जा रहे दिल्ली के सीएम :** खास बात है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 20 दिसंबर से 30 दिसंबर तक विपश्यना मेडीटेशन पर रहेंगे। इसके लिए वह 19 दिसंबर को रवाना होंगे। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल विपश्यना का अभ्यास कहां करेंगे?
आप ने उनके स्थान के बारे में जानकारी देने से इनकार किया है। सीएम केजरीवाल पिछले साल भी विपश्यना पर गए थे। उस दौरान तत्कालीन उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने दिल्ली का कामकाज संभाला था।

## राहुल सोलंकी की हत्या मामले में दो आरोपितों को राहत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
फरवरी-2020 में दिल्ली दंगा के दौरान एक राहुल सोलंकी की हत्या के मामले में दो आरोपितों अनीष कुरैशी व आरिफ को दिल्ली हाईकोर्ट ने जमानत दे दी। अभियोजन पक्ष ने यह नहीं कहा कि आरोपितों के पास हथियार थे, जहां तक घटना की बात है तो यही सामने आया है कि आरिफ ने सीसीटीवी कैमरे तोड़े थे। दिल्ली दंगा से जुड़े एक अन्य मामले में आरोपितों को जमानत मिल चुकी है और पूर्व में मिली अंतरिम जमानत का आरोपितों द्वारा दुरुपयोग नहीं किया गया है। न्यायमूर्ति अमित बंसल की पीठ ने कहा कि मुकदमा के निष्कर्ष पर पहुंचने में अभी वक्त लगेगा।

## नीलम को एफआईआर की कॉपी देने की मांग पर आज आएगा कोर्ट का फैसला

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने संसद की सुरक्षा में सेंध मामले की आरोपित नीलम की एफआईआर की कॉपी देने की मांग पर सुनवाई करते हुए फैसला सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट इस मामले पर कल यानी 19 दिसंबर को फैसला सुनाएगा। आज सुनवाई के दौरान नीलम के वकील ने कहा कि हमारा कानूनी अधिकार है कि वकील और परिवार को मिलने दिया जाए। परिवार को ये जानने का अधिकार है कि उसके खिलाफ आरोप क्या दर्ज किया गया है। इसके लिए एफआईआर की प्रति जरूरी है। इस पर दिल्ली पुलिस ने कहा कि मामला




संवेदनशील है और आतंकवाद से जुड़ा है। इसलिए गोपनीयता बनाए रखना जरूरी है। नीलम के वकील ने कहा कि जांच अधिकारी से हमने एफआईआर की प्रति मांगी थी। तब जांच अधिकारी ने अदालत में अर्जी दाखिल करने के लिए कहा था। कानून भी आरोपित को अधिकार देता है कि परिवार उससे मिल सके। उसे वकील से भी नहीं मिलने दिया गया। नीलम के वकील ने कहा परिवार वालों को यह जानने का अधिकार है कि नीलम के ऊपर क्या आरोप लगा है। परिवार को बस इतना पता है कि नीलम गिरफ्तार हुई है।


## भारत में 7 साल के बच्चे का पहला बोन मैरो ट्रांसप्लांट

### इम्यूनोडेफिशियेंसी डिसऑर्डर से पीड़ित बच्चों के लिए उम्मीद के रास्ते खुले

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** कैंट के आर्मी हॉस्पिटल आर एंड आर (एएचआरआर) में हेमेटोलॉजी एंड स्टेम सेल ट्रांसप्लांटेशन विभाग के डॉक्टरों ने भारत में पहली बार सात वर्षीय बच्चे सुशांत पौडेल का बोन मैरो ट्रांसप्लांट (बीएमटी) किया है। इस सफल ट्रांसप्लांट ने इसी बीमारी से स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना करने वाले बच्चों और उनके परिवारों के लिए भी उम्मीद के नए दरवाजे खोल दिए हैं। यह एक दुर्लभ इम्यूनोडिफीसिअन्सी डिसऑर्डर है, जिसमें सेना की चिकित्सा बिरादरी को पहली सफलता हासिल हुई है। सेना अस्पताल के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल अजित नीलकांतन ने बताया कि सिपाही प्रदीप पौडेल का 7 साल का बेटा सुशांत अक्सर बीमार रहता था। चिकित्सीय जांच के दौरान एक



साल की उम्र में ही उसके एआरपीसी1बी से ग्रसित होने का पता चला, जो दुर्लभ इम्यूनोडेफिशियेंसी डिसऑर्डर है। यह एक ऐसी स्थिति है, जिसने उसकी प्रतिरक्षा प्रणाली को गंभीर रूप से प्रभावित कर दिया था। इसी कारण उसे बार-बार जीवन-घातक संक्रमण और अन्य जटिलताओं का सामना करने का खतरा हो गया था। उसे छह महीने पहले आर्मी हॉस्पिटल (आर एंड आर) में रेफर किया गया था, लेकिन उनके पास मैचिंग सिबलिंग डोनर उपलब्ध नहीं था। उन्होंने बताया कि इसके बाद अस्पताल की हेमेटोलॉजी विभाग की टीम ने उपयुक्त डोनर तलाशने और सावधानीपूर्वक बोन मैरो ट्रांसप्लांट करने की व्यवस्था करने के लिए एक कठिन यात्रा शुरू की। उपयुक्त डोनर मिलने के बाद 30 नवंबर को उसकी स्वस्थ स्टेम कोशिकाओं को निकाला गया और उन स्टेम सेल्स को सुशांत पौडेल के रक्तप्रवाह में डाला गया। इसके बाद कीमोथेरेपी की हाई डोज देकर सुशांत की दोषपूर्ण कोशिकाओं को नष्ट कर दिया गया। इस प्रक्रिया का मकसद दोषपूर्ण प्रतिरक्षा कोशिकाओं को स्वस्थ कोशिकाओं से बदलना था, जिससे सुशांत पौडेल को स्वस्थ और जीवंत जीवन मिल सके।
सफल प्रत्यारोपण के बाद कमांडेंट नीलकांतन ने बताया कि एएचआरआर टीम के प्रयासों के कारण ही इस रोगी के इलाज में सफलता अर्जित हुई है।
हेमेटोलॉजी विभाग के विभाग प्रमुख ब्रिगेडियर राजन कपूर ने कहा कि सुशांत पौडेल की यह यात्रा किसी चमत्कार से कम नहीं है।



# अंबाला: केंद्र में किसान व महिला संगोष्ठी आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ,हिसार के कृषि विज्ञान केंद्र अंबाला शहर में किसान /महिला गोष्ठी का आयोजन किया गया विकसित भारत शक्त भारत विषय आर आयोजित इस गोष्ठी में अंबाला के 200 के लगभग किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ,हिसार के कुलपति प्रो बलदेव राज कंबोज और चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ,हिसार के विस्तार शिक्षा निर्देशक डा बलवान सिंह मंडल मौजूद रहे। उन्होंने प्रगतिशील किसानों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया । कार्यक्रम में किसानों और उन महिलाओं को स्मानित किया गया सरकारी योजनाओं का लाभ उठा आत्मनिर्भर बनी। कुलपति प्रो बलदेव राज कंबोज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकसित भारत 2047 तक बनाने को लेकर कार्य कर रहें है। इसमें जन जन की भागिदारी होना आवश्यक है। इसी को लेकर अम्बाला का यह कृषि विज्ञान केंद्र बहुत बेहतर कार्य कर रहा है। यहां के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले किसान व महिलाएं इनोवेटिव कृषि की ओर बढ़ रहे है। चाहे मशरूम की खेती हो या फिर श्रीअन्न से अच्छे उत्पाद बनाने की बात हो। यह 25 लाख से लेकर 1.5 करोड़ रुपए तक का टर्नओवर प्राप्त कर रहें है। उन्होंने कहा कि हमें लगता है कि प्रधानमंत्री का जो विकसित भारत बनाने का जो सपना है। उसमें अम्बाला जिले का प्रत्येक नागरिक महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि यह संदेश जन जन तक पहुंचाने के लिए इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। जिससे किसान व अन्य लोग अपने यहां पर उत्पाद पैदा करने के साथ साथ उसकी प्रोसेसिंग, पैकिजिंग और ब्रांडिंग को ध्यान में रखते हुए, अपने अपने एफपीओ बनाकर एफपीसी बनाकर उस दिशा में आगे बढ़े। जिससे व न केवल आय अर्जित करें। बल्कि अन्य लोगो के लिए भी रोजगार के अवसर पैदा करें। जिससे प्रत्येक व्यक्ति और अधिक समृद्ध होगा। कार्यक्रम में बलवान मंडल ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विकसित देश बनाना है। इसी दिशा की ओर यह कार्यक्रम किया जा रहा है। इस अवसर पर केंद्र की कोडिनेटर डॉ सुनीता आहुजा ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया।

# पुलिस द्वारा हरियाणा उदय सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ के निर्देशानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा हरियाणा उदय सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के माध्यम से 16 दिसम्बर 2023 को थाना महेशनगर क्षेत्र के गावँ रौलों में पुलिस की पाठशाला के माध्यम से छात्र/छात्राओं, व गावँ के लोगो को महिला सुरक्षा, महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम, आत्म सुरक्षा, नशे की रोकथाम, साईबर अपराध से बचाव, खेलकूद प्रतियोगिता वालीबाल करवा करके व यातायात के नियमों की पालना बारे जागरूक किया गया। इस अवसर पर प्रबन्धक थाना महेशनगर निरीक्षक जगदीश चन्द्र के नेतृत्व में गांव रोलों के निवासी पुरुष महिलायें व छात्र/ छात्राऐं इस पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम मे उपस्थित रहे। ह्यहरियाणा उदय कार्यक्रम पुलिस की पाठशालाह्ल के दौरान उपस्थित छात्र/छात्राओं, को महिला सुरक्षा, महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम, आत्म सुरक्षा, अपराधिक गतिविधियों/नशे से दूर रहने, नशे के दुष्परिणामों, साईबर अपराध से बचने, खेलकूद प्रतियोगिताओ मे भाग लेने ,अपने व दूसरों के अमूल्य जीवन की सुरक्षा के लिए यातायात के नियमों की पालना करने, किसी भी अपराधिक प्रवृति के व्यक्ति व नशा तस्कर की सूचना तुरन्त पुलिस को देने बारे जागरूक किया गया। इस दौरान प्रबन्धक थाना महेशनगर निरीक्षक जगदीश चन्द्र ने युवाओं को सम्बोधित किया कि युवा पढ़ाई में मन लगाकर अपने राष्ट्र व परिवार का नाम रोशन करें। कुसंगति से बचे क्योंकि बुरी संगत में पड़कर युवा बुरी आदतों का शिकार हो जाता है और अपना भविष्य अन्धकारमय बना लेते है। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों व प्रबन्धक थाना को निर्देश दिए है कि वह ह्यहरियाणा उदय कार्यक्रम पुलिस की पाठशालाह्ल, राहगिरी, खेलकूद प्रतियोगिता व सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के माध्यम से थानाधिकार क्षेत्रों में महिला सुरक्षा, महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम, आत्म सुरक्षा, अपराधों व नशें की रोकथाम के लिए आमजन से सम्पर्क कर नशा बेचने/खरीदने वालों व अपराधिक प्रवृति के व्यक्ति का पता लगाकर उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही करें और आमजन विशेषकर युवाओं को नशे से दूर रहने, उसके दुष्परिणामों बारे जागरूक कर उन्हें खेलकूद प्रतियोगिता बारे प्रेरित करें जिससे समाज नशा व अपराध मुक्त हो सके।

## न्यूज फ्लैश

### राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जीटी रोड़ पानीपत में किया गया एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**पानीपत/कमाल हुसैन** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जी.टी रोड पानीपत में एजुकेशन काउंसलर राजेश कुमार द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के अध्यक्षता प्रतिमा शर्मा प्राचार्या राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ने की। इस अवसर पर कल्याणी एजुकेशन वेलफेयर ट्रस्ट से संदीप कल्याणी ने शिकरत की। राजेश ने अध्यापकों को ठ्ठ 2020 के अनुसार आवश्यकताओं को समझने पर बोल दिया। और पढ़ते हुए आने वाली समस्या को दूर करने के लिए टिप्स बताएं। मंच संचालन राहुल कौशिक ने किया। सत्यपाल , जयवीर दहिया सहित स्कूल के समस्त स्टाफ सदस्यों ने इस कार्यशाला में भाग लिया। विद्यालय की प्राचार्या प्रतिभा शर्मा ने फ्लावर पॉट देकर कार्यशाला का समापन किया और राजेश कुमार का धन्यवाद किया। इसके साथ ही भविष्य में इस तरह के कार्यशाला आयोजित करने में भी विश्वास दिलाया।

### अपने हल्के की विधान सभा में आवाज उठाते हुए धर्म सिंह छौक्कर




**पानीपत/कमाल हुसैन** समालखा विधायक धर्म सिंह छोकर जी ने शीतकालीन सत्र 2023 में स्पीकर से समालखा विधानसभा क्षेत्र में झट्टीपुर व जलालपुर_1गांव के अंडरपास बनाना आर.ओ.बी. का काम करने, नगर पालिका की एक्सटेंड लिमिट बढ़ाने, समालखा शहर के रेलवे पार्क कम्युनिटी सेंटर का काफी वर्षों से अधूरा पड़ा कार्य पूरा करवाने, सरकारी अस्पताल में डॉक्टर एवं अन्य स्टाफ की कमी को पूरा करने ,जी.टी रोड से सचिवालय के रास्ते को बनवाने ,यमुना नदी से सटे गांव के किसानों को मालकियत व बॉर्डर पिल्लरिंग संबंधित कार्यों को पूरा करना, मौलिक शिक्षा विभाग हरियाणा में लगे एजुसेट चौकीदारों को विभागीय पॉलिसी बनाकर नियमित करने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विधानसभा में जोर शोर से उठाया। जिसके परिणाम स्वरूप चुलकाना आईटीआई की 40 कैनल तेरा मर्ले स्वीकृत भूमि पर आई.टी.आई भवन के निर्माण हेतु 15.09 करोड रुपए प्रशासनिक स्वीकृति हो चुकी है । और टेंडर प्रणाली के अनुसार जून 2024 तक कार्य शुरू हो जाएगा। शहर की 23 कॉलोनीयों के नियमित स्वीकृति दी गई।

### ट्रक चालक का रास्ता रोक किया हमला, 4 पर केस दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अंबाला में हिमाचल से करनाल जा रहे ट्रक ड्राइवर का रास्ता रोक बाइक सवार युवकों ने शीशे तोड़ दिए। यही नहीं, जब ड्राइवर ने गाड़ी को भगाने का प्रयास किया तो मोड़ पर पीछा करते हुए फिर डंडे-बिंडों से हमला बोल दिया। हमले में गाड़ी के शीशे टूटने के साथ ड्राइवर की बाजू भी टूट गई। पीड़ित ने पंजोखरा थाना में शिकायत सौंपी है। अंबाला के गांव मंडौर की सुंदर नगर कॉलोनी निवासी ड्राइवर सुनील कुमार ने बताया कि वह हिमाचल के बद्दी गया हुआ था। बद्दी से खाली कांच की बोतल लोड की थी। जहां से वह करनाल के लिए 14 दिसंबर को चला। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह रात करीब 9 बजे गांव मंडौर के पास लिंक रोड सुंदर नगर की ओर जिंदल फोम गद्दा कंपनी के सामने पहुंचा। इस बीच बाइक पर 4 लड़के आए, जिनके पास डंडे-बिंडे थे। युवकों ने उसका ट्रक रुकवाया और आगे शीशे पर बिंडा मार तोड़ दिया। उसके बाद उसने ट्रक को वहां से दौड़ा लिया। जब वह सुंदर नगर मोड़ पर पहुंचा तो चारों युवक उसका पीछा करते हुए वहीं पहुंच गए। हमलावरों ने धमकी दी कि आज जान से मारेंगे।

# गुरू तेग बहादुर जी के शहीदी पर्व को समर्पित नगर कीर्तन में विज ने माथा टेका



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने हिंद की चादर धन धन श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के शहीदी पर्व को समर्पित विशाल नगर कीर्तन में श्रद्धापूर्वक माथा टेक उन्हें नमन कर आशीर्वाद लिया। विज ने कहा कि आज हमें गुरु महाराज के महान बलिदान से प्रेरणा लेने की जरूरत है और यहीं गुरु तेग बहादुर साहिब को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। निकलसन रोड पर भाजपा कार्यालय के समक्ष गृह मंत्री अनिल विज ने बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारियों के साथ नगर कीर्तन का स्वागत किया एवं गुरु जी के त्याग व बलिदान को याद किया। उन्होंने पंज प्यारों को सिरोपे पहनाएं जिसके बाद पालकी साहिब पर माथा टेक गुरू की शहादत को नमन किया व आशीर्वाद लिया।वहीं, नगर कीर्तन आयोजन कमेटी की ओर से गृह मंत्री अनिल विज को सिरोपा व कृपाण भेंट की गई। इस अवसर पर हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य सुदर्शन सिंह सहगल, बीएस बिंद्रा के अलावा भाजपा मंडल प्रधान राजीव गुप्ता डिम्पल, विजेंद्र चौहान, सुरेंद्र तिवारी, ललता प्रसाद, रवि सहगल, रवि चौधरी, दीपक भसीन सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रोजगार को लेकर सेमिनार आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** राजकीय बहुतकनीकी संस्थान अंबाला शहर मे कंम्प्यूटर के विद्यार्थियो के लिए गोविंद अवरसीज द्वारा' भारत और विदेश मे रोजगार के अवसर ' विषय पर सैमिनार का आयोजन किया गया । सैमिनार मे गोविंद अवरसीज की निदेशक सुश्री ज्योति ने अपनी टीम के साथ विद्यार्थियो का मार्गदर्शन किया । उन्होने विद्यार्थियो को बताया कि यह 3 वर्षीय डिप्लोमा करने के बाद वह किस तरह से किस किस क्षेत्र मे अपना कैरियर बना सकते है । उन्होने विद्यार्थियो को साक्षात्कार संबधी बहुमुल्य जानकारी भी दी । उन्होने विद्यार्थियो को संबोधित करते हुए कहा कि उनमे आत्मविश्वास का होना सबसे जरूरी है अगर उनमे आत्मविश्वास है तो वह कोई भी कार्य बिना किसी रुकावट के कर सकते है।

# पार्टी की रीढ़ की हड्डी हैं कार्यकर्ता: जैन



**पानीपत/कमाल हुसैन** पानीपत ग्रामीण हलके के नेता एवं भाजपा विजय जैन ने बूथ नंबर 88 से 96 तक बूथ कमेटी के शिव मंदिर धर्मशाला राकेश नगर में कार्यकताओं की बैठक ली। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विजय जैन ने कहा है कि पानीपत ग्रामीण हल्के में हर बूथ पर 10 यूथ होंगे। इन कार्यकताओं के दम व संघर्ष और मेहनत की बदौलत हम आगे बढ़ सकते है। हर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि वह घर-घर जा कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा की नीतियों से लोगों को अवगत करवाएे तथा पार्टी का प्रचार प्रसार करें। वहीं जो कार्य सरकार ने किए हैं उनका व्याख्यान करें। जैन ने कहा है कि कार्यकर्ता ही पार्टी और नेता के रीढ की हड्डी होते हैं। इन्हीं के बल पर ही हर बूथ पर हमारे को विजय मिलेगी और आप लोगों को जहां पर मेरी जरूरत पड़ेगी मैं हर वक्त आपके लिए तैयार मिलूंगा और सदैव आपके साथ खड़ा रहूंगा। वहीं पानीपत ग्रामीण विकास मोर्चे के अध्यक्ष सतपाल राणा ने कहा कि थोड़े ही समय में विजय जैन ने पानीपत ग्रामीण हल्के में अपनी पहचान बनाई है और आज बूथ वाइज कमेटी का गठन किया गया है। हर बूथ पर 10 यूथ की ड्यूटी लगाई गई है। इस अवसर पर भीष्म कोहली, मूलचंद कोहली, सतीश कोहली, कैलाश हवाई, सुभाष कबीरपंथी, मनोज शर्मा, भूलन प्रजापत, धर्मवीर रावल, कन्हैया कोहली, नानक कोहली, लक्ष्मण राणा, धर्मपाल नागपाल, मनोज रोहिल्ला, जयप्रकाश शर्मा, बलवान प्रजापत, रोशन लाल प्रजापत, शेर सिंह प्रजापत, राहुल राणा, रामलाल भाटिया, शिवकुमार शर्मा, रमेश मौर्य एडवोकेट, बिट्टू कलशन, बलदेव अरोड़ा हनुमान, बृजपाल शर्मा, नरेश गुर्जर आदि उपस्थित रहे।

# एमअएम का 'सिटी ऑफ ड्रीम्स' करेगा बच्चियों का पढ़ने का ड्रीम पूरा




**पानीपत/कमाल हुसैन** ग्राम राजाखेरी की 17 वर्षीय हिमांशी, जिसके पिता मजदूर हैं, उसका सपना इंजीनियर बनकर आसमान को छूने का है, एमअएम इंडिया के प्रोजेक्ट, ह्यसिटि ऑफ ड्रीम्सह्ल का भूमि पूजन आज उसके सपने के पूरे होने की आस लेकर आया था, जिसमें सैकड़ों घर खरीदारों ने न केवल निवेश किया अपितु प्रत्येक घर-खरीदार ने अपने नाम की नींव की ईंट रखने के साथ एक बालिका को शिक्षित करने के एमअएम फाउंडेशन के अभियान ह्यबुनियादह्ल का हिस्सा भी बने बुनियाद एमअएम फाउंडेशन की राष्ट्रव्यापी मुहिम है जिसमें प्रत्येक बालिका को तब तक शिक्षित करने की जिम्मेदारी ली है जब तक कि वह अपनी आजीविका कमाने में सक्षम न हो जाए। घर खरीदारों ने एमअएम के इस पहल की सराहना की जिसमें प्रत्येक बुकिंग से एक बालिका को शिक्षा के जरिये अपने सपने को पूरा करने की मदद मिलेगी। हिमांशी की तरह कई और बच्चियों ने इस अवसर पर अपने सपने एमअएम के घर खरीदारों से साझा किये, जो वह जानना चाहते थे कि वे किसकी शिक्षा में सहयोग कर रहे हैं। एमअएम फाउंडेशन की चेयरपर्सन एंड ट्रस्टी डॉ. कनोडिया ने इस अभियान की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कहा, ह्यबालिकाओं की शिक्षा में सहयोग करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। एक लड़की को शिक्षित करके हम एक मजबूत समाज का निर्माण कर रहे हैं और अपने देश के आर्थिक विकास को मजबूत कर रहे हैं। मुझे इस बात की बेहद खुशी है कि हमारे घर-खरीदार बड़ी संख्या में इस उद्देश्य का सपोर्ट करने के लिए आगे आए हैं। हम इससे पहले गुरुग्राम में इस तरह की पहल कर चुके अब तक 200 से अधिक बच्चियों के सपनों में हम भागीदार बन चुके हैं और यह सफर जारी रहने वाला है

# पीओके भारत का है और भारत उसे लेकर रहेगा: विज



**गृह मंत्री ने कहा**

**8 गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि भारत पीओके लेकर रहेगा, बस समय का इंतजार कीजिए।**

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि पीओके (पाक अधिकृत कश्मीर) भारत का है और भारत पीओके को लेकर ही रहेगा। विज पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी के बयान कि यदि हिम्मत है तो वह पीओके से सेब लाए, तिरंगा फहराना दूर की बात है, पर पलटवार करते हुए गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि भारत पीओके लेकर रहेगा, बस समय का इंतजार कीजिए।

**भाजपा का मकसद 2047 तक विकसित भारत का निर्माण करना है: विज**

कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम के बयान पर पलटवार करते हुए गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि भाजपा देश के निर्माण के लिए लड़ती है और भाजपा का मकसद 2047 तक विकसित भारत का निर्माण हो, इसलिए भाजपा के लोग जी जान से लड़ रहे है। गौरतलब है कि पी. चिदंबरम ने एक बयान में कहा था कि भाजपा हर चुनाव में ऐसे लड़ती है जैसे यह उसकी आखिरी लड़ाई हो। वहीं, कांग्रेस नेता राहुल गांधी के संसद हमले को लेकर दिए गए बयान पर गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि राहुल गांधी को शर्म आनी चाहिए क्योंकि संसद पर हमला हुआ है और वो इसको इस तरह से कह रहे है जैसे उनके रिश्तेदार हो। यह बहुत ही गंभीर मामला है और इसकी जांच चल रही है जांच के बाद सच्चाई सामने आएगी।

**अनुच्छेद 370 पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला हमेशा के लिए रहेगा, इसे कोई हटा नहीं सकता: विज**

अनुच्छेद 370 पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर महबूबा मुफ्ती ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला खुदाई हुकुम तो नहीं है हम उम्मीद नहीं खोएंगे पर पलटवार करते हुए गृह मंत्री अनिल विज ने दो टूक कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला खुदाई फैसला ही है, इसे मान लेना ही अच्छी है और यह अब हमेशा के लिए रहेगा इसे कोई हटा नहीं सकता।

# जन आंदोलन बन चुकी है, विकसित भारत संकल्प यात्रा: डॉक्टर अर्चना गुप्ता



**पानीपत/कमाल हुसैन** विकसित भारत संकल्प यात्रा, भारत को विकसित बनाने में जन भागीदारी की यात्रा है :डॉ अर्चना गुप्ता। अपने पैतृक गांव आट्टा में जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ अर्चना ने विकसित भारत यात्रा को संबोधित कर ग्राम वासियों से संवाद किया। अपने पैतृक गांव आट्टा मे विकसित भारत संकल्प यात्रा में पहुंचने पर जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ अर्चना का हुआ जोरदार स्वागत। मोदी का स्वप्न सब के प्रयास से देश का विकसित हो :डॉक्टर अर्चना गुप्ता विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से सभी पात्र लोगों को उनके घर द्वार पर मोदी व मनोहर की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देना ही उद्देश्य: वक्ता तौर पर बोलते हुए कहे । डॉ अर्चना गुप्ता ने कहा कि कहां की जब हर पात्र व्यक्ति को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा तो उनका जीवन सुगम होगा। उज्ज्वला योजना ,हर घर नल से जल प्रधान मंत्री अन्न कल्याण योजना ,हर घर शौचालय गरीब व्यक्ति के जीवन को शुभम बनाते हैं महिलाओं को सेल्फ हेल्प ग्रुप बनाकर उनको अपने पैरों पर खड़ा किया जा रहा है। मुद्रा योजना तथा प्रधानमंत्री स्व निधि योजना से गरीब को व्यक्ति को स्वाभिलंबी बनाना है मोदी जी का स्वप्न है जन भागीदारी तथा सबके प्रयास के देश को विकसित करना। इसीलिए ही मोदी जी अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सबलता प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने विशेष रूप से विश्वकर्मा कौशल रोजगार का जिक्र किया। डॉक्टर अर्चना गुप्ता ने आगे कहा है कि विकसित भारत का संकल्प यात्रा का उद्देश्य: यह भी है कि पात्र लोगों को उनके घर द्वार पर जाकर मोदी जी और मनोहर लाल जी की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा सके। अपने पैतृक गांव में पहुंचने पर जिला भाजपा अध्यक्ष डॉक्टर अर्चना पुरन का जोरदार स्वागत हुआ। गांव में पहुंचने पर जिला अध्यक्ष डॉक्टर अर्चना गुप्ता का गांव के सरपंच दिलबाग में शाल भेंट कर वह पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया ग्रामीण महिलाओं ने पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया। डॉक्टर अर्चना गुप्ता ने सरकारी विभागों द्वारा ले गए स्थान का अवलोकन किया। लोगों की शिकायत संतुलंत निदान करवाएं और जो मौके पर निदान नहीं हो सकता था, बाद में समय सीमा के अंदर निदान के बड़े अधिकारियों को कहा डॉक्टर अर्चना गुप्ता ने उज्ज्वला योजना के लाभ भारतीयों को गैस चूल्हे पाइप रेगुलेटर तथा सिलेंडर वितरित किए ह्रष्टि के उपयोग के लिए बनाए ड्रोन का प्रदर्शन भी देखा इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला परिषद चेयरमैन ज्योति शर्मा उपस्थित रही।

# सीएम अनाउंसमेंट के विकास कार्यों को निर्धारित समय में करें पूरा: आनंद शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)**

एडीसी आनंद शर्मा ने जिला में चल रहे मुख्यमंत्री घोषणा के विकास योजनाओं की विस्तार से जानकारी ली और संबंधित विभागों के अधिकारियों को योजनाओं का त्वरित लाभ आमजन तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभागों से संबंधित विकास परियोजनाओं को लेकर हर समय अपडेट रहें। सरकार और प्रशासन का प्रयास है कि अंतिम छोर पर बैठे पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ मिले। एडीसी आनंद



शर्मा ने आज सोमवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में पंचायती राज, खेल विभाग, पीडब्ल्यूडी बी एण्ड आर, शिक्षा विभाग, परिवहन विभाग, वन विभाग सहित अन्य कई विभागों के मुख्यमंत्री घोषणा के विकास कार्यों की एक एक करके विभागवार समीक्षा की। एडीसी आनंद शर्मा ने समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा विकास कार्यों में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए ताकि विकास कार्य प्रभावी रूप से हो सकें। जिस भी विकास परियोजना पर कार्य शुरू हो उस कार्य पर पूरी नजर रखें ताकि विकास कार्य अच्छी तरह से हो सकें। आमजन को विकास परियोजनाओं का लाभ मिल सके, इसके लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को चाहिए कि वो विकास योजनाओं को निर्धारित समय अवधि में पूरा करना सुनिश्चित करें। साथ ही समय समय पर निर्माण सामग्री की गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए नियमित रूप से मॉनिटरिंग भी की जाए। इससे विकास कार्यों में तेजी आएगी और विकास कार्य समय पर पूरे होंगे। बैठक में जिला खेल अधिकारी देवेंद्र सिंह सहित मुख्यमंत्री घोषणा के विकास कार्यों जुड़े विभागों के तमाम अधिकारी उपस्थित रहे।

# अक्षत निमंत्रण शोभायात्रा ऐतिहासिक - पंडित सुरेन्द्र शर्मा बबली

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)**

भगवान श्रीराम मन्दिर के २२ जनवरी उद्घाटन को लेकर देशभर मे पीले चावल ( अक्षत ) निमंत्रण के रुप मे पहुंचाकर भगवान राम के मन्दिर दर्शन हेतु आने के लिए निमंत्रण दिए जा रहे है इसी उपलक्ष्य मे बजरंग दल द्वारा एयरफोर्स रोड डबुआ कालोनी से अक्षत शोभायात्रा निकाली गई शोभायात्रा का पण्डित सुरेन्द्र शर्मा बबली राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा ने पुष्प वर्षा कर विधिवत शुभारंभ किया यात्रा प्याली चौक होते हुए सारन चौक जवाहर कालोनी पहुंची पण्डित सुरेन्द्र शर्मा बबली ने कहा लम्बे अर्से के संघर्ष व कानूनी लडाई तथा कितने ही



सनातनियो की कुबार्नी के बाद भगवान श्रीराम मन्दिर का निर्माण हुआ है और हम सब बहुत गौरवान्वित महसूस कर रहे है २२ जनवरी २०२४ को मन्त्रों उच्चारण के साथ देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी सन्तजन व सनातनियो की गरिमामयी उपस्थिति मे उद्घाटन करेंगे इस अवसर पर गुलशन अग्रवाल जतिन तलवार मोहनलाल राधेश्याम वेदप्रकाश महावीर युधिष्ठिर करण पाराशर इंजीनियर शंकर सहित भक्तजन उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### गोल्फ टूनार्मेंट में उदूय सूद ने ग्रॉस विनर, विमल शर्मा ने रनअप का खिताब जीता

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

जुनेजा फाउंडेशन, ग्रेंडयूर ऑटो इंडस्ट्रीज, एक्शन कंट्रक्शन एक्यूपमेंट लिमिटेड और गोल्फ फेडरेशन ऑफ हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में अरावली गोल्फ क्लब में गोल्फ टूनामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें ४८ खिलाड़ियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा और शानदार खेल प्रदर्शन किया। टूनामेंट में ग्रॉस विनर का पुरस्कार उदय सूद को मिला। वहीं विमल शर्मा रनअप रहे। प्रतियोगिता में जुनेजा फाउंडेशन के चेयरमैन अजय जुनैजा मुख्य अतिथि रहे। टूनामेंट में विशिष्ठ अतिथि रहे इंडियन गोल्फ यूनियन के कार्यकारी सदस्य संदीप वर्मा ने टूनामेंट की सफलता का श्रेय जुनेजा फाउंडेशन के चेयरमैन अजय जुनैजा, ग्रेंडयूर ऑटो इंडस्ट्रीज के चेयरमैन करन सिंह, गोल्फ चैनल के चेयरमैन ऋषि अग्रवाल सहित सभी स्पॉन्सर को दिया। जुनेजा फाउंडेशन के चेयरमैन अजय जुनैजा ने कहा कि खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया है । यही वजह है कि आज गोल्फ में अविराज कालिया जैसे युवा भी आगे आ रहे है। भविष्य में ये गोल्फ का एक बड़ा सितारा बन कर उभरेंगे। उन्होंने खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उनका हौंसला अफजाई किया। उन्होंने कहा कि गोल्फ टूनामेंट की लोकप्रियता लगातार बढ़ती जा रही है। यही वजह है कि आज युवाओं का रुझान इस खेल की तरफ तेजी से बढ़ रहा है। ग्रेंडयूर ऑटो इंडस्ट्रीज के चेयरमैन करण सिंह ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस तरह के टूनामेंट समय-समय पर होते रहने चाहिए। जिससे अन्य खेलों की तरह गोल्फ को भी बढ़ावा मिलेगा। प्रतियोगिता में ग्रॉस विनर उदय सूद, रनअप विमल शर्मा रहे। वहीं, नेट विनर सलील पहवा, रनअप हरेंद्र बब्बर थे। सीनियर विनर ऋषि अग्रवाल को घोषित किया गया। रनअप का खिताब जयवीर गोपाल सिंह को दिया गया। क्लॉजस्ट टू पिन का खिताब उदय सूद, जूनियर वर्ग में अविराज कालिया को दिया गया। वहीं लॉएस्ट ट्राइब का पुरस्कार उदय सूद को घोषित किया गया।जी देख लिया है न्यूज बुलेटन के लिए है तक मिलेगा।

### हरियाणा सिख गुरूद्वारा प्रबंधक समिति के चुनाव के लिए मतदाता सूचना का मसौदा दिनांक 18.12.2023 को प्रकाशित किया गया

**पानीपत, कमाल हुसैन**

जिला उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ वीरेन्द्र कुमार दहिया ने बताया कि हरियाणाा राज्य में रहने वाले सिखों को सूचित किया जाता है कि हरियाणा सिख गुरूद्वारा प्रबंधक समिति के चुनाव के लिए मतदाता सूचना का मसौदा दिनांक 18.12.2023 को प्रकाशित किया गया है। मतदाता सूचना के प्रारूप की एक प्रति आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है और इसकी एक प्रति संबंधित उपायुक्त, रिटर्निंग अधिकारी, तहसीलदार, पटवारी के कार्यालय और ऐसे क्षेत्र में स्थित प्रत्येक अधिसूचित सिख गुरूद्वारों में भी उपलब्ध है।

उन्होंने बताया कि कोई भी सिख जो अपेक्षित योग्यता पूरी करता है और उसने अभी तक अपना नाम हरियाणा सिख गुरूद्वारा प्रबंधक समिति की मतदाता सूची में दर्ज नहीं करवाया है, वह 03.01.2024 तक अपना नाम दर्ज करवाने हेतु रिटर्निंग अधिकारी को आवेदन कर सकता है। 03 जनवरी 2024 तक मतदाता सूची पर आपत्ति दाखिल की जा सकती है। नाम पंजीकरण के लिए आवेदन पत्र रिटर्निंग अधिकारी, तहसीलदार, पटवारी के कार्यालय में उपलब्ध है और आयुक्त, गुरूद्वारा निर्वाचन, हरियाणा की आधिकारिक वेबसाइट यानी डब्ल्युडब्ल्युडब्ल्युडॉटजीयूआरडीडब्ल्युएआरएईएलईसीटीआईओएनएसएचआरवाईडॉटआईएन से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

### पलवल: पुलिसकर्मी से हाथ छुड़ा आरोपी हुआ फरार, तलाश जारी

**टीम एक्शन इंडिया/पलवल**

पलवल सिटी थाना के अंतर्गत हथीन गेट चौकी से सोमवार को लूट का आरोपी पुलिस की गिरफ्त से फरार हो गया। आरोपी ने 2 साथियों के साथ मिलकर हथीन मोड़ पर लूट की एक वारदात को अंजाम दिया था। पूछताछ के दौरान आरोपी पुलिसकर्मी का हाथ छुड़ाकर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी को ढूंढने का काफी प्रयास किया, लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। शहर थाना पुलिस ने मामले में आरोपी के फरार होने पर उसके खिलाफ एक मामला दर्ज कर लिया है।

## घर में घुसकर सरिया और डंडों से मारपीट कर की लूटपाट

**टीम एक्शन इंडिया/पलवल**

पलवल में सड़क के बीच में घर बनाने की सामग्री डलवाने को लेकर हुए विवाद में परिवार पर सरिया, लाठी व डंडों से हमला कर पीट-पीटकर घायल कर करने का मामला सोमवार को सामने आया है।

यही नहीं हमलावरों ने उनके घर में खड़ी जेसीबी मशीन व पांच बाइकों को तोड़ दिया। पीड़ित ने घर में लूटपाट का भी आरोप लगाया है। चांदहट थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर नौ के खिलाफ मारपीट सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# भारत विकास परिषद् माधव और शिवाजी शाखा ने लगाया रक्तदान शिविर

**रक्तदान शिविर**

8 भारत विकास परिषद समय-समय पर रक्तदान शिविरों का आयोजन करती रहती है।

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)**

रक्तदान महादान है इसी से प्रोत्साहित होकर भारत विकास परिषद् समय-समय पर रक्तदान शिविरों का आयोजन करती रहती है। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए भारत विकास परिषद् माधव और शिवाजी शाखा ने सेक्टर-१६ स्थित




शतःआयु मल्टीस्पेशलिस्ट क्लीनिक के साथ संयुक्त रूप से रक्तदान शिविर का आयोजन किया। रक्तदान शिविर का विधिवत उद्घाटन डॉ.शतःआयु,प्रतिभा लुधानी,आशा बंसल,नरेन्द्र बंसल,उमेश अरोड़ा,हीरेन्द्र लुधानी,लोकेश गर्ग,पंकज गर्ग,डॉ.ललित अग्रवाल,डॉ.दिव्या अग्रवाल,हार्दिक केडिया,मिशा बंसल,रिया अग्रवाल और आनन्द गुप्ता ने दीप प्रज्जवलित करके किया। इस अवसर पर पहली बार रक्तदान करने वाले रक्तवीर प्राशु बंसल और पंकज गोयल की सभी ने तारीफ का और हर तीन महीनें में उन्हें रक्तदान करने के लिए प्रोत्साहित किया।


डॉ.शतःआयु ने रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि रक्दान से बड़ा कोई दान नहीं है क्योकि रक्त की एक एक बूंद किसी के अनमोल जीवन को बचा सकती है। उन्होनें कहा कि यह एक पुण्य का कार्य है जिसमें सभी को अधिक से अधिक रक्तदान करना चाहिए।

डॉ. ललित अग्रवाल ने सभी संस्थाओं के योगदान की सराहना की एवं आगे भी ऐसे शिविर लगाने के लिए प्रोत्साहित किया व कहा कि ऐसे कार्यों के लिए उनकी हमेशा भागीदारी रहेगी। इस मौके पर देहदान समिति द्वारा लोगो को देहदान और योगेश मल्होत्रा ने स्टेम सेल के प्रति जागरूक किया। इस शिविर में लगभग ५५ यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

# घर से लापता ३४ वर्षीय महिला को क्राइम ब्रांच ने बरेली उत्तर प्रदेश से किया बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

हरियाणा सरकार के तहत चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच कैट प्राभारी सरजीत सिंह की टीम ने घर से लापता महिला को बरामद करने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गुमशुदा महिला २९ अक्टूबर को अपने घर से बिना बताए निकल गई थी। जिसको परिजनों के द्वारा काफी तलाश किया गया था। नही मिलने पर परिजनों के द्वारा थाना पल्ला में



महिला के गुम होने के संबंध में लिखित सूचना दी। जिसपर मामला दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी। मामले में क्राइम ब्रांच कैट के द्वारा भी कार्रवाई की जा रही थी। क्राइम ब्रांच कैट की टीम के द्वारा गुमशुदा महिला बरेली उत्तरप्रदेश से सकुशल तलाश कर बरामद किया गया है। मामले में कार्रवाई के बाद महिला को परिजनो को हिदायत देते हुए हवाले किया है। परिजनों के द्वारा पुलिस टीम का तहे दिल से धन्यवाद किया।

## गौवंश तस्करी मामले में एक महिला सहित दो गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

पुलिस टीम ने गौ वंश तस्करी के मामले में सोमवार को एक महिला सहित दो आरोपी गिरफ्तार किये है। गिरफ्तार आरोपी सोनु उर्फ हितेश कुमार वासी नत्थुपुरा बुराडी दिल्ली व रेखा वासी भलसवा दिल्ली के रहने वाले हैं।

सोनीपत के देव नगर धर्म कांटा वाली गली के निवासी जयंत ने 17 दिसम्बर को थाना सदर सोनीपत में शिकायत दी थी कि उसने शक होने पर एक गाडी का पीछा करके कामी चौक पर रुकवाकर चैक किया तो गाडी मे दो बैल दुबली पतली हालत मे लाद रखे थे नाम पता पुछा तो चालक ने अपना नाम पता सोनु उर्फ हितेश कुमार वासी नत्थुपुरा बुराडी दिल्ली बतलाया और साथ मे एक औरत भी गाडी में थी।

# मातृ शक्ति के विकास व उत्थान के लिए गर्भवती महिलाओं को ५,००० की धनराशि प्रदान करने हेतु विशेष पंजीकर अभियान : डीसी विक्रम सिंह



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि आगामी १९ दिसंबर से २२ दिसम्बर तक पंजीकरण ड्राइव शुरू किया जा रहा है। सभी पात्र गर्भवती महिलाएं जल्द से जल्द नजदीकी आंगनवाड़ी से अपना ऑनलाइन फॉर्म भरवाए। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि देश के यशश्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष २०१७ में शुरू की गई प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (क्करूरूङ्कङ्ख) का लाभ पूरे देश भर में लगभग ३ करोड़ ६० लाख से अधिक गर्भवती महिलाओ को ५००० रुपए कि धनराशी का लाभ मिला है। मातृ शक्ति के विकास तथा नारी उत्थान के लिए केंद्र की मोदी सरकार व प्रदेश की मनोहर सरकार पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। अब तक जिला महिला एवं बाल विकास विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिला फरीदाबाद की ४७ हजार से ज्यादा माताओं व बहनों को इस योजना का लाभ प्राप्त हुआ है।

यह है उद्देश्यः-

डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई इस योजना का मुख्य उद्देश्य है कि माताओं व बहनों के गर्भ में पल रही हमारी आने वाली पीढ़ी स्वस्थ रहे। हमारी माताओं व बहनों को सही पोषण मिले, सरकार ने इस योजना के माध्यम से यह सुनिश्चित किया है। इस योजना के तहत लाभार्थियों को लाभ दिलाने के मामले में हमारे प्रदेश को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। हरियाणा देश के कई राज्यों से आबादी के मामले में पीछे है परन्तु इसके बावजूद हरियाणा को तीसरा स्थान प्राप्त होना प्रदेश सरकार व फील्ड पर काम कर रहे अधिकारीयों, सुपरवाईजर तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ की कुशल कार्य निति को दशार्ता है। केंद्र व प्रदेश सरकार पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को भी अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लाभ उपलब्ध करा रही है।

# सीनियर सिटीजन सेल प्रभारी इंस्पेक्टर माया ने किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

डीसीपी सेन्ट्रल पूजा वशिष्ठ के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के तहत सीनियर सिटीजन सेल प्रभारी इंस्पेक्टर माया ने प्राइमरी स्कूल अजरौंदा में बैड टच,११२ ऐप व सुरक्षा के संबंध में जानकारी देकर बच्चो को जागरुक किया है।

बैड टच-

सीनियर सिटीजन सेल प्रभारी इंस्पेक्टर माया ने विद्यार्थियों को बैड टच के बारे बताया कि यदि कोई भी व्यक्ति ने गलत तरीके से स्पर्श करने की कोशिश करता है तो उसके बारे में अपने परिजनों को बताएं क्योंकि यदि वह इसका विरोध नहीं करेंगे वह फिर से उनके साथ गलत हरकत करने की कोशिश करेगा। उन्होंने बताया कि



पहले इस बात के बारे में बहुत कम जानकारी होती थी कि बैड टच क्या होता है परंतु आजकल इसके प्रति जागरूकता अभियान चलाकर विद्यार्थियों को इसकी जानकारी दी जा रही है इसलिए यदि कोई भी व्यक्ति उन्हें गलत तरीके से छूने की कोशिश करता है तो चुप रहकर इसे सहन करने की कोशिश ना करें क्योंकि यह आगे चलकर उनके शोषण का कारण बन सकता है।

सुरक्षा-उन्होने बच्चो को बताया कि अगर आप घर से बहार खेलने के लिए जाते है तो अपने घर के किसी सदस्य को साथ लेकर ही घर से जाए। अकेले कही बहार नही जाए। इसके साथ बच्चो को डायल ११२ ऐप के संबंध में भी समझाया कि डायल ११२ ऐप पर आप अपनी लॉकेशन डाल सकते है। आगर आपके साथ कोई वारदात होती है तो इससे लॉकेशन भेजने पर पुलिस आपके पास पहुंच जाती है। इस के अलावा ११२ पर कॉल कर अपराध के संबंध में सूचना दी जाती है। सूचना देने के बाद पुलिस टीम आपके पास ५-१० मिनट में पहुंच जाती है।

# छात्राओं को बेड टच, सेल्फ डिफेंस और महिला अपराध के बारे में किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

डीसीपी बल्लबगढ़ राजेश दुग्गल के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के तहत महिला थाना प्रबंधक बल्लबगढ़ के मार्ग दर्शन में कार्रवाई करते हुए दुर्गा शक्ति पीसीआर ६ की टीम ईएचसी वेदपाल, सिपाई नरेंद्र व महिला सिपाई महिमा ने सेक्टर ६५ में स्थित थारु राम गर्ल्स स्कूल में छात्राओं को बेड टच, सेल्फ डिफेंस और महिला विरुद्ध अपराध के संबंध में जागरूक किया है।

महिला विरुद्ध अपराध-

पुलिस टीम ने महिला विरुद्ध अपराध व डायल ११२ ऐप के बारे में जागरूक करते हुए स्कूल



में पढ़ रहे छात्राओं को विद्यार्थियों को बैड टच के बारे बताया कि यदि कोई भी व्यक्ति ने गलत तरीके से स्पर्श करने की कोशिश करता है तो उसके बारे में अपने परिजनों को बताएं क्योंकि यदि वह इसका विरोध नहीं करेंगे वह फिर से उनके साथ गलत हरकत करने की कोशिश करेगा। उन्होंने बताया कि पहले इस बात के बारे में बहुत कम जानकारी होती थी कि बैड टच क्या होता है परंतु आजकल इसके प्रति जागरूकता अभियान चलाकर विद्यार्थियों को इसकी जानकारी दी जा रही है इसलिए यदि कोई भी व्यक्ति उन्हें गलत तरीके से छूने की कोशिश करता है तो चुप रहकर इसे सहन करने की कोशिश ना करें क्योंकि यह आगे चलकर उनके शोषण का कारण बन सकता है। अगर कोई व्यक्ति आप का पिछा करता है, कमेंट पास करता है या अन्य किसी और तरिके से परेशन करता है तो इसकी सूचना डायल ११२ पर दे।

साइबर फ्रॉड-

पुलिस टीम के द्वारा बताया लैप्स बीमा पॉलिसि का फुल रिटर्न दिलाने के नाम पर,कुछ मिनट में ही लोन देने के लिए, घर बैठे लोन उपलब्ध करवाने का लालच देती हैं और फर्जी ऐप डाउनलोड करता दे, क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढवाने के नाम पर, घर बैठे कमाने का लालच, फ्री गिफ्ट, लॉटरी लगना के नाम पर,वाउचर जीतने के नाम पर,यङ्खष्ट के नाम पर, बैंक कर्मी बनकर, विदेश भेजने के नाम पर,जाब दिलाने के नाम पर,अश्लील वीडियो कॉल रिकॉर्ड से ब्लैकमेल कर,एईपीएस इत्यादी के नाम पर लोगो के साथ साइबर फ्रॉड किया जाता है।

बचाव में किसी भी विदेशी नम्बर से कॉल आए तो नजरअंदाज करे। व्हाट्सएप पर अनजान नम्बर से विडियो कॉल/कॉल आने पर नजरअंदाज करें। किसी की बहकावे में ना आए क्योकि यूट्यूब चैनल को लाइक और सब्सक्राइब करने पर पैसे नही मिलते। हमें इस तरह के किसी भी झांसे में नही आना है और इस तरह की कोई भी कॉल आती है तो कॉल को डिस्कनेक्ट कर देनी चाहिए। आगर आपके साथ कोई फ्रॉड होता है तुरंत साइबर हेल्पलाइन १९३० पर शिकायत दर्ज करे।

# वाहन चोरी करने वाले आरोपी को क्राइम ब्रांच सेक्टर ने चोरी की किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

डीसीपी क्राइम ब्रांच हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा दिए गए दिशा-निर्देश के तहत क्राइम ब्रांच सेक्टर ८५ प्रभारी जोगिंदर सिंह की टीम ने वाहन चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपी अकिंत सगंम विहार दिल्ली का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना



से सराय ख्वाजा एरिया से गस्त के दौरान काबू किया है। मोटरसाइकिल के संबंध में जांच करने पर पालम दिल्ली से चोरी की है।

आरोपी के खिलाफ थाना सराय ख्वाजा में संबंधित धारा में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नशा का आदी है नशे की पूर्ति के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देता है। आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है। संबंधित थाना को आरोपी के संबंध में सूचना दे दी गई है।

# आरके इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बाहरी दिल्ली के** नरेला में सफियाबाद रोड़ स्थित प्रतिष्ठित आरके इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक खेल उत्सव अभ्युदय का बड़े ही धूमधाम से आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने योगा, पीटी, ड्रिल, ताइक्वांडो आदि खेलों मे काफी संख्या में प्रतिभाग कर अपने खेल का शानदार प्रदर्शन किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने समूह स्वागत गीत के माध्यम से अतिथियों का स्वागत किया। आर के इंटरनेशनल स्कूल ने अपने प्रांगण में वार्षिक खेल महोत्सव 'अभ्युदय 2.0' का धूमधाम से आयोजन किया। इस समारोह की शुरूआत विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत और गणेश वंदना के साथ हुई। इस उत्सव में मुख्य अतिथि व स्कूल के संस्थापक मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य, मदन मोहन भारद्वाज को स्कूल की मैनेजिंग डायरेक्टर, सुनीता शर्मा और चेयरमैन नरेंदर कृष्ण शर्मा ने फूलों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य चेयरमैन नरेंद्र शर्मा, मैनेजिंग डायरेक्टर सुनीता शर्मा, डायरेक्टर आकाश शर्मा, ऐश्वर्या, प्रबंधन कमेटी की सदस्या शिल्पी शर्मा और प्रधानाचार्या निधि नेहरा ने विशिष्ट अतिथियों के रूप में नेशनल लेवल के विजेता होनहार छात्रों के अभिभावकों को नवीन, संदीप दहिया, रमेश चंद, सुनील कुमार को पुष्प गुलदस्ता भेंट करके स्वागत किया। स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य, स्कूल प्रधानाचार्य और सभी विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्वल्लित करके इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस खेल महोत्सव का उद्घाटन नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों द्वारा मार्च पास्ट और मशाल जलाकर किया गया। सभी खिलाड़ी छात्रों ने खेल की गरिमा बनाने के लिए शपथ ग्रहण की। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में बताया कि इस महोत्सव के माध्यम से विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को सामने लाने का प्रयास किया जा रहा है और खेलों का महत्त्व बढ़ाया जा रहा है।
स्कूल मैनेजिंग डायरेक्टर सुनीता शर्मा ने खेलों के महत्व पर अपने भाषण में बात की और खेलों के माध्यम से व्यक्तित्व निर्माण और स्वस्थ जीवन का महत्त्व बताया। खेल प्रतियोगिताएं के साथ-साथ विद्यार्थियों द्वारा योगा, पीटी ड्रिल, ताइक्वांडो पर आधारित कार्यक्रम भी प्रदर्शित किए गए, जिसमें उन्होंने उत्साह से भाग लिया। स्कूल के विभिन्न खेलों में पदक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। यह समारोह सामूहिक राष्ट्रगान के साथ समाप्त हुआ। यह खेल महोत्सव विद्यार्थियों में जोश और जुनून का मेला बना रहा, जिससे उनकी शारीरिक और मानसिक विकास में मदद मिली।

## क्षेत्र के विकास पर दे रही हूं ध्यान: टिम्सी शर्मा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
बादली विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजेश यादव के मार्गदर्शन में वार्ड-18 जहांगीर पुरी के अन्तर्गत आने वाले भलस्वा डेरी स्थित निगम पार्षद कार्यालय पर चार विधवा पेंशन, एक विकलांग पेंशन, एक विधवा की पुत्री के विवाह हेतू आर्थिक सहायता के लिए आवेदन करके सभी आवेदनकर्ताओं को रसीद प्रदान की गई है। इस मौके पर निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा के अलावा रमेश शर्मा व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर निगम पार्षद टिम्सी शर्मा ने कहा कि जल्द ही सभी की पेंशन लग जायेगी और आर्थिक सहायता भी प्राप्त होंगी। उन्होंने आगे बताया कि मैं क्षेत्र के विकास पर ध्यान दे रही हूं ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## रक्तदान करने से शरीर में नहीं आती है कमजोरी: बत्तरा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वजीरपुर** आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष इन्द्र कुमार बत्तरा ने बताया कि रक्तदान करना एक प्रकार से पुण्य का कार्य होता है। इसलिए इस पुण्य के कार्य में हिस्सा ले और सभी रक्तदान जरूर करें।
उन्होंने आगे बताया कि इस पुण्य के कार्य में सभी हिस्सा ले और अधिक से अधिक बार रक्तदान करें और दूसरे लोगों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें, जो बहुत ही ज्यादा जरूरी है। उन्होंने कहा कि रक्तदान के महत्व का हमें तब पता चलता है कि जब हमारा कोई रक्त की कमी से जूझ रहा होता है और उसे समय पर रक्त नहीं मिल पाता है, इसलिए सभी रक्तदान करें और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें। रक्तदान को लेकर आज भी लोगों के मन में कई सारी गलत धारणाएं मौजूद हैं। ज्यादातर लोग ऐसा सोचते हैं कि रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी आ जाती है।


भारत नगर क्षेत्र में निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी व समाजसेवी प्रेम कुमार विद्यार्थी भंडारे के दौरान शिरकत करते हुए।

## रसूख के दम पर पूर्व विधायक ने किया सड़क पर कब्जा: मुरारी लाल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली /महेंद्र सिंह**
**जिसकी लाठी** उसकी भैंस यह कहावत तो आप बर्सों से ही सुनते आ रहें होंगे। इस कहावत को सच करके दिखाया हैं, त्रीनगर विधानसभा के पूर्व विधायक व पूर्व कानून मंत्री जितेंद्र तोमर ने।
**क्या है मामला:** दरअसर मामला त्रीनगर विधानसभा के अंतगर्त आने वाले शकूरपुर वार्ड नंबर-62 का हैं। मामले में शकूरपुर वार्ड नंबर-62 से कांग्रेस के पूर्व निगम प्रत्याशी मुरारी लाल ने पूर्व विधायक जितेंद्र तोमर को लेकर कहा है कि जितेंद्र तोमर ने अपने कार्यालय के सामने वाली सड़क को ही कब्जा कर रखा है जिससे



आने जाने वाले लोगों को खासा दिकत्तें हो रही है।
**रसूख के बूते किया कब्ज़ा:** मुरारी लाल ने बताया कि पूर्व कानून मंत्री व विधायिका पति जितेंद्र तोमर ने रसूख के बूते अपने कार्यालय के सामने वाली सड़क पर गमले आदि रखकर




एक तरफ की सड़क को अवैध रूप से कब्जा लिया है। जिससे न सिर्फ सड़क पर यातायात बाधित हो रहा है बल्कि आने जाने वाले लोगों को भी परेशानियों से रोज़ाना ही दो चार होना पड़ रहा है।
**विभाग भी कार्यवाही करने से करता है गूरेज़:** आदर्श नगर जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव मोहन प्रजापति ने बताया कि विधायिका पति व पूर्व कानून मंत्री जितेंद्र तोमर का क्षेत्र में ऐसा दबदबा है कि जिसके चलते लोग डर की वजह से विभाग को शिकायत भी नहीं करते है, और यदि कोई व्यक्ति शिकायत भी करें तो भी विधायक के खिलाफ प्रशासन कार्यवाही करने से गूरेज करता है। वहीं उन्होंने यह भी बताया कि पूरे क्षेत्र में सफाई व्यवस्था भी लचर पड़ी हुई है। निगम के कर्मचारी सफाई के लिए नहीं आते है। विधायक और पार्षद किशन बैमाड़ की वजह से पूरा शकूरपुर क्षेत्र वर्तमान में कूड़े के ढ़ेर पर बैठा हुआ है।

## हम सभी को करना चाहिए पौधारोपण: इन्दजीत मुखी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आजादपुर** वार्ड के मंडल महामंत्री इन्द्रजीत मुखी ने कहा कि सभी को अपने जन्मदिन व सालगिरह पर पौधारोपण करना चाहिए और उस पौधे की रक्षा ठीक उसी प्रकार से करनी चाहिए, जिस प्रकार से हम अपने परिवार की रक्षा करते है। उन्होंने आगे बताया कि पेड़-पौधें से जहां एक और हमें ऑक्सीजन मिलती है, वहीं इनसे हमें फल, फूल और कई प्रकार की औषधियां भी मिलती है, इसलिए सभी उचित स्थान देखकर पौधारोपण अवश्य ही करें। उन्होंने आगे बताया कि गरीब व असहाय की सेवा करना बड़ा ही पुण्य का कार्य होता है, इसलिए सभी को इस पुण्य के कार्य में हिस्सा लेना चाहिए और दिल खोलकर गरीबों की सहायता करनी चाहिए। हम सभी का कर्त्तव्य बनता है कि हम गरीबों की सहायता करें। जिससे की गरीब व्यक्ति को भी परेशान न होना पड़े।

## त्रीनगर: केजरीवाल सरकार ने जनता से की वादा-खिलाफी: संजय शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**त्रीनगर विधानसभा** क्षेत्र स्थित त्रीनगर वार्ड नंबर-63 से भाजपा नेता संजय शर्मा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की नीतियां जनहितैषी नीतियां है, और भाजपा अपने वादों की पक्की हैं। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देश की जनता से जो भी वादे किए हैं, उन वादों को पूरा करके दिखाया है। यही कारण है कि देश के कोने-कोने में आज भाजपा का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है।
**आप सरकार ने जनता को छला:** संजय ने बताया कि आम आदमी




पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य किया है। जो वादे आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता से किये थे, वह भी पूरे नहीं हुए है। जिसके चलते लोग परेशान हो रहे है।
**दिल्ली की जनता पानी की समस्या से जूझ रही है:** संजय ने बताया कि कई कॉलोनियों में गंदा पानी आ रहा है, जिस कारण से लोग बाजार से महंगे दामों पर पानी खरीदकर पीने पर मजबूर है।
**केजरीवाल सरकार ने जनता से कि वादा-खिलाफी:** संजय शर्मा ने बताया कि आम आदमी पार्टी बस झूठे वादे करना जानती है, केजरीवाल सरकार ने दिल्ली की जनता के साथ धोखा किया है। वर्तमान में दिल्ली के लोगों को दिल्ली सरकार सुविधांऐ तक देने के लिए नाकाम साबित हुई है।

## सीएम से किसानों के विकास की मांग करेंगी पंचायत संघ

**टीम एक्शन इंडिया नई/दिल्ली**
**भाजपा** आलाकमान ने मोहन यादव को मध्य प्रदेश का मुख्यमंत्री नियुक्त करने से दिल्ली के नांगलोई इलाके के भाजपा नेताओं की खुशी का ठिकाना नहीं हैं। वह जल्द से जल्द उनसे मुलाकात करके उनके स्वागत की तैयारी में जुट गए। वर्ष 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान मोहन यादव को नांगलोई का प्रभारी बनाया था। उसी दौरान प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी के सदस्य रहे ओर दिल्ली पंचायत संघ प्रमुख थानसिंह यादव ने बताया की मोहन यादव को मध्य प्रदेश का मुख्यमंत्री नियुक्त करने की जानकारी मिलने पर उनके साथ-साथ इलाके के तमाम नेता गदगद हो गए। वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव के दौरान मोहन यादव उनके निवास पर आए थे। और उनसे दिल्ली के गांवो, खेतों व किसानों को लेकर चर्चा हुई थी। वे ऐसे घुल मिल गए थे, जैसे वे उनके बीच रहते हो। उस समय उन्होंने नेता के बजाए एक कार्यकर्ता की तरह कार्य किया था। उन्होंने चुनाव प्रबंधन के साथ-साथ प्रचार भी किया था। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा की उनको मुख्यमंत्री शपथ लेने के बाद हम उनसे व छत्तीसगढ और राजस्थान के नवनियुक्त मुख्यमंत्रियों से भी मांग करेंगे की वे राज्य के गांवो, खेतो में खुदे बोरवेल को बंद कराए ताकि छोटे छोटे मासूम बच्चे उसमें ना गिरे ओर हर गांव में छोटे बच्चो के लिए पार्क बनवाएं।

## सरकार महंगाई से राहत देने के बजाय, लूट रही है लोगों की गाढ़ी कमाई: विनोद वधवा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
देश में मंहगाई ने आम आदमी से लेकर हर किसी की कमर तोड़ रखी है। चावल, तेल, दाल, सब्जी, फल जैसी खाने-पीने की चीजों से लेकर पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस जैसी जरूरत की वस्तुओं की कीमत आसमान छू रही है। मॉडल टाउन पार्ट 2 में रहने वाले वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व चांदनी चौक जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष विनोद वधवा ने कहा है कि सरकार लोगों को महंगाई से राहत देने के बजाय उन्हें 'लूटने' मे लगी हुई है। उन्होनें कहा कि देश की जनता महंगाई और बेरोजगारी से त्रस्त है।



**महंगाई ने डाला आम आदमी की जेब में डाका:** जैसा कि सभी जानते है कि दिल्ली ही नही पूरे देश के लोग महंगाई से कराह रहें हैं। उन्होने बताया कि आधे से ज्यादा वर्ग बेरोजगारी की वजह से इधर-उधर भटक रहा है, साथ ही युवा वर्ग बेरोजगारी की वजह से नशे की गर्त में धंसता जा रहा है,लेकिन सरकार बेरोजगारी को लेकर सन्न बैठी हुई है। **कांग्रेस के शासन काल को आज भी याद करते है लोग:** वधवा ने आगे बताया कि कांग्रेस काल में किए गए कार्यों को आज भी दिल्ली के लोग याद करते है। यह बात तो सभी जानते है कि दिल्ली को विकास के पथ पर अग्रसर करने वाली स्वर्गीय शीला दीक्षित ही है, जिन्होने दिल्ली की तीन बार मुख्यमंत्री रहते हुए दिल्ली में विकास की रफ्तार को न तो कभी रूकने दिया और ही विकास की रफ्तार कभी धीमी पड़ने दी।

## भाजपा और आम आदमी पार्टी ने दिया जनता को धोखा: आदेश भारद्वाज

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली प्रदेश कांग्रेस** में अरविंदर सिंह लवली की नियुक्ति के बाद से प्रदेश समिति काफी एक्टिव नजर आ रही है। जिसके चलते हाल ही में नियुक्त हुए सभी जिला ओबजर्वर्स ने जिलों में कार्यकर्ताओ से मीटिंग कर संगठन को मजबूती देने का काम शुरू कर दिया हुई। इसी कड़ी में करावल नगर जिला कांग्रेस की भी एक अहम बैठक जिला कार्यालय पर की गई। इस मौके पर करावल नगर जिला कांग्रेस के ऑब्जर्वर कुंवर करण सिंह और जिला अध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जब दिल्ली में नई बसों को सड़को



पर उतारा जाता तो आम आदमी पार्टी और भाजपा दोनों ही दल श्रेय लेने में जुट जाते हैं। लेकिन जब बात दिल्ली के जनता के हितों की हो तो एक दूसरे पर इल्जाम लगाकर पल्ला झाड़ लेते हैं। गुड गवर्नेंस की बात करने वाले केजरीवाल ने दिल्ली को गोबर गवर्नेंस में बदल दिया है, जगह-जगह कूड़ा गंदगी के ढ़ेर लगे हैं,



प्रदूषण का हाल बेहाल है, कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल पा रहा है। भ्रष्टाचार के चलते इनके लोग जेल यात्रा पर हैं। केंद्र सरकार पर भी हमलावर होते हुए दोनो ने कहा नारी सुरक्षा, महंगाई, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और भ्रष्टाचार के नाम पर वोट लेकर सरकार बनाने वाले लोग आज नारी सुरक्षा के नाम पर बृजभूषण



सिंह के खिलाफ एक शब्द नहीं बोल पा रहे हैं। सरकार आज अपने आपको विश्व की 5वीं अर्थव्यवस्था बताकर आत्ममुग्ध तो हो रही है लेकिन यह नहीं बताना चाहती कि अगर हम 5वीं अर्थव्यवस्था हैं तो वो 82 करोड़ कौन लोग हैं जो 5 किलो मुफ्त राशन पर निर्भर हैं। महंगाई का आलम ये हैं कि लोगो को दो जून की रोटी का जुगाड मुश्किल हो रहा है। इस अवसर पर डॉ एस पी सिंह, अरविंद सिंह विधानसभा प्रत्याशी नरेंद्र त्यागी, ईश्वर बाँगड़ी, पूर्व चेयरमैन अनिल शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष खेमचंद सैनी, ब्लॉक अध्यक्ष रविंद्र त्यागी, उमा शर्मा ,कांग्रेस प्रत्याशी सुधीर पारचा, देवेंद्र काकू, सुनहरी अनुराग, कपूर सिंह सिसोदिया, लोकेन्द्र चौंधरी, धर्मबीर चौधरी, सुरेंद्र कोच, परवीन भाड़ना, नरेंद्र चौधरी चंदन चौबे, कुलदीप जोशी ननवा राम प्रधान, सुजीत सिंह, मीना रावत, काली चरण पवार चेयरमैन आदित्य भारद्वाज, ए बी शुक्ला, अशोक बघेल, तारा चंद, रामबिलास शर्मा मौजूद रहे।